आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 26°C |

इनसाइड न्यूज

7.92 लाख का गबन और फाइल बंद!सरकारी अस्पताल में धन की...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 03 मई, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 198 | www.janexpresslive.com/epaper



पाकिस्तान के पक्ष में बोलने वालों पर... 12

## यूपी में वायुसेना का युद्धाभ्यास, गंगा एक्सप्रेसवे पर गरजे लड़ाकू विमान

# राफेल-जगुआर ने दिखाई ताकत

**जन एक्सप्रेस। शाहजहांपुर**

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को वायुसेना ने शक्ति प्रदर्शन किया। शाहजहांपुर के जलालाबाद में बनाई गई हवाई पट्टी पर राफेल, जगुआर और सुखोई जैसे लड़ाकू विमानों ने टचडाउन किया। इससे पहले दोपहर करीब 12 बजकर 41 मिनट पर वायुसेना का एएन-32 विमान आया। विमान ने करीब पांच मिनट तक चक्कर लगाए। इसके बाद हवाई पट्टी पर लैंडिंग की गई। करीब एक बजे यह विमान यहां से टेकऑफ कर गया। हवाई पट्टी पर वायुसेना के हेलिकॉप्टर भी उतरे। गंगा एक्सप्रेसवे पर करीब डेढ़ घंटे तक एयर शो हुआ। लड़ाकू विमानों ने हवा में कलाबाजियां कीं। यह देखकर वहां मौजूद स्कूली बच्चे व लोग रोमांचित हो गए। रात में भी हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमान उतरे। ऐसा पहली बार हुआ, जब किसी एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग भी हुई। इस दौरान कटरा-जलालाबाद हाईवे तीन घंटे तक पूरी तरह से बंद रहा।



### जगुआर, मिग और राफेल ने एक साथ करतब दिखाए

हरक्यूलिस, जगुआर, मिग और राफेल विमानों ने एक साथ करतब दिखाए। इसे देखकर वहां मौजूद लाखों लोगों ने तालियां बजाईं। लोगों ने सैल्यूट किया और वंदे मातरम के नारे लगाए।

### अभ्यास में भाग लेने वाले प्रमुख फाइटर जेट्स

- **राफेल:** आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम और लंबी दूरी की मेटेओर मिसाइल से लैस, यह विमान सभी मौसम में ऑपरेशन कीक्षमता रखता है।
- **एसयू-30 एमकेआई:** भारत-रूस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित यह ट्विन-सीटर फाइटर लंबी दूरी तक स्ट्राइक करने में सक्षम है और ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें लेकर उड़ान भर सकता है।
- **मिराज-2000:** फ्रेंच मूल का यह विमान हाई-स्पीड डीप स्ट्राइक में दक्ष है और न्यूक्लियर कैपेबल है।
- **मिग-29:** यह तेज गति, ऊंची उड़ान और राडार चकमा देने की क्षमता वाला लड़ाकू विमान है।
- **जगुआर:** यह ग्राउंड अटैक और एंटी-शिप मिशन में प्रयोग होने वाला सटीक स्ट्राइक विमान है।
- **सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस:** यह भारी ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट विशेष बलों की तैनाती, आपदा राहत और रेस्क्यू मिशन में प्रमुख भूमिका निभाता है।
- **एएन-32:** ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सामान और जवानों की ढुलाई के लिए उपयुक्त ट्रांसपोर्ट विमान।
- **एमआई-17 वी 5 हेलिकॉप्टर:** सर्च एंड रेस्क्यू, मेडिकल एवेकुएशन और मानव सहायता कार्यों के लिए जरूरी बहुउद्देशीय हेलिकॉप्टर।

### सभी ने वायुसेना अभ्यास देखा, गर्व की बात: सुरेश खन्ना

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि वायुसेना का अभ्यास सभी ने देखा है। ये शाहजहांपुर के लिए गर्व की बात है। इस 594 किलोमीटर के एक्सप्रेस-वे पर पांच किलोमीटर की हवाई पट्टी बनी है। आवश्यकता पढ़ने पर ये किसी समय काम आ सकती है। हवाई पट्टी आर्थिक स्थिति को बहुत बड़े पैमाने पर प्रभावित करेगी। 250 एकड़ का इंडस्ट्रियल कारीडोर भी डेवलपमेंट हो रहा है। लोगों को इससे रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

### चीफ सेक्रेटरी का हेलिकॉप्टर भी एक्सप्रेस-वे पर उतरा

यूपी सरकार के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए हैं। उनका हेलिकॉप्टर भी गंगा एक्सप्रेस-वे पर उतरा।

### यह हवाई पट्टी क्यों है खास

वायुसेना के एयर शो का उद्देश्य युद्ध या आपदा के समय इस एक्सप्रेसवे को वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल करना है। गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी यह देश की पहली ऐसी हवाई पट्टी है, जहां लड़ाकू विमान दिन व रात दोनों समय में लैंडिंग कर सकेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से हवाई पट्टी के दोनों किनारों पर करीब 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।एयर शो को देखते हुए वायुसेना ने हवाई पट्टी को पहले ही अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया था। विमान लैंडिंग का आयोजन दिन और रात दोनों समय में इसलिए किया जाएगा, ताकि एयर स्ट्रिप की नाइट लैंडिंग कैपेबिलिटी का भी टेस्ट किया जा सके।

### मौसम बिगड़ने से हुई देरी

हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमानों की लैंडिंग से पहले शाहजहांपुर में आंधी के साथ बारिश हुई तो जलालाबाद में मौसम खुशगवार रहा। घने बदल मंडराते रहे .और तेज हवा चलने से धूल के गुबार उठते रहे। मौसम बिगड़ने और बारिश की आशंका के चलते एकबारगी एयर शो और विमानों की लैंडिंग का कार्यक्रम स्थगित होने की भी चर्चा रही लेकिन मौसम अनुकूल होने से लैंडिंग की तैयारियों को अंतिम रूप देने में पुलिस प्रशासन जुटा रहा। मौसम अनुकूल बनने पर एयर शो शुरू हुआ।

### जिले के 44 गांवों से गुजर रहा गंगा एक्सप्रेसवे

शाहजहांपुर जिले में गंगा एक्सप्रेसवे 44 गांवों से गुजर रहा है। यहां इसकी लंबाई करीब 42 किमी है। अधिकतर स्थानों पर एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जलालाबाद में पीरू गांव के पास 3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी बनाई गई है, जिस पर रात में ही वायुसेना के लड़ाकू विमान उतर सकेंगे।

### 594 किमी लंबा है गंगा एक्सप्रेसवे

594 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ से हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ एवं प्रयागराज तक बना है। बताया जा रहा है कि नवंबर को कार्य पूर्ण होने पर जनता के लिए गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया जाएगा।

### अदाणी ग्रुप करा रहा निर्माण

मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाले निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे का बदायूं से लेकर प्रयागराज तक 464 किलोमीटर के एक्सप्रेसवे का निर्माण अदाणी ग्रुप द्वारा किया जा रहा है। अदाणी समूह बदायूं से हरदोई तक 151.7 किमी, हरदोई से उन्नाव तक 155.7 किमी और उन्नाव से प्रयागराज तक 157 किमी के तीन समूहों का निर्माण कर रहा है, जिसे आठ लेन तक बढ़ाया जा सकता है। गंगा एक्सप्रेस का लगभग 80 प्रतिशत से ऊपर काम पूरा हो गया है।

## हर हर महादेव के उद्घोष के साथ ही भगवान

# श्री केदारनाथ धाम के खुले कपाट



- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कपाटोद्घाटन के अवसर पर सपत्नीक रहे उपस्थित
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से केदारनाथ धाम में की गई पहली पूजा

**जन एक्सप्रेस। उत्तराखंड**

**केदारनाथ धाम।** विश्वप्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट आज विधि-विधान व धार्मिक परम्परा के अनुसार तीर्थयात्रियों के लिए खोल दिए गए। हर हर महादेव के उदघोष एवं सेना के ग्रेनेडियर रेजीमेंट के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच बाबा केदार के कपाट सुबह 7 बजे खुले। कपाटोद्घाटन के अवसर पर श्रद्धालुओं पर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस अवसर पर अपनी धर्मपत्नी भी कपाट खुलने के साक्षी बने। मुख्यमंत्री ने कपाट खुलने पर केदारनाथ धाम में पूजा अर्चना कर प्रदेश में सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। केदारनाथ धाम में सबसे पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा केदार के धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हर साल बढ़ती जा रही है। बाबा केदार के आशीर्वाद से इस वर्ष भी चारधाम यात्रा नया कीर्तिमान बनायेगी। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने चार धाम यात्रा के सुव्यस्थित और सफल संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। चार धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा सुरक्षा और सुगमता के लिए सरकार ने सभी आवश्यक प्रबंध किए हैं। उन्होंने कहा हम सभी उत्तराखंडवासियों का कर्तव्य है कि हम देश और दुनिया से आने वाले अतिथियों का स्वागत आत्मीयता और सेवा भाव से करें।

### मुख्यमंत्री की ओर से आयोजित किया गया मुख्य सेवक भंडारा

केदारनाथ धाम में कपाट खुलने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मुख्य सेवक भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में उमड़े श्रद्धालुओं को मुख्यमंत्री धामी व उनकी पत्नी श्रीमती गीता धामी ने अपने हाथों से प्रसाद वितरण किया।

## भारत-पाक तनाव के बीच जातीय जनगणना की चाल

# क्या विपक्ष की धार हो गई कुंद?



**जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय**

जब पूरा देश भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर नज़र गड़ाए बैठा था, जब हर व्यक्ति यही सोच रहा था कि भारत कब पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देगा, जब मीडिया से लेकर मीटिंग रूम तक हर चर्चा सर्जिकल स्ट्राइक पार्ट-2 की ओर इशारा कर रही थी उसी वक्त केंद्र सरकार ने एक चौंकाने वाला फैसला लिया- जातीय जनगणना की घोषणा। यह ऐलान ऐसे समय पर आया, जब राष्ट्रीय ध्यान सीमाओं पर केंद्रित था। लेकिन सरकार की यह रणनीतिक चाल सीधे विपक्ष के गढ़ में सेंध लगाने वाली थी। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल वर्षों से जातीय जनगणना की मांग करते रहे, लेकिन कभी इसे अमल में नहीं ला सके। अब जब नरेंद्र मोदी सरकार ने यह घोषणा कर दी है, तो विपक्ष असहज स्थिति में आ खड़ा हुआ है।

### देश को क्या चाहिए?

- देश को चाहिए योजनाएं, न कि सिर्फ नारे।
- देश को चाहिए परिणाम, न कि सिर्फ वादे।
- देश को चाहिए ज़िम्मेदारी, न कि सिर्फ सियासत।

### विपक्ष का खोया हुआ हथियार

विपक्ष ने लंबे समय तक जातीय जनगणना को सामाजिक न्याय और हाशिए पर मौजूद वर्गों की पहचान का हथियार बनाया। लेकिन अब वही मुद्दा भाजपा के हाथ में है। जिस तरह भाजपा ने सरदार पटेल और बाबा साहेब अंबेडकर जैसी महान शख्सियतों को अपनी वैचारिक राजनीति में शामिल कर लिया, उसी तरह अब जातीय जनगणना भी उसकी एक रणनीतिक विजय बनती दिख रही है। विपक्ष इस मुद्दे पर एकजुट होने के बजाय बिखरा हुआ नजर आ रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंसों और नारों में उलझकर वह मूल मुद्दों से भटकता दिखाई दे रहा है। दुनिया झुकती है, झुकाने वाला चाहिए जैसे वाक्यों से जनता को नहीं, बल्कि खुद को संतुष्ट किया जा रहा है। सच तो यह है कि ना सरकार ने इन सवालों का कोई स्पष्ट जवाब दिया है, और ना ही विपक्ष के पास इनका कोई ठोस रोडमैप है।

### सवालों के घेरे में फैसला

अब बड़ा सवाल यह उठता है क्या यह फैसला अचानक लिया गया? क्या यह बिहार जैसे चुनावी राज्य को ध्यान में रखकर लिया गया कदम है? यह गौर करने वाली बात है कि बिहार सरकार पहले ही जातीय सर्वेक्षण करवा चुकी है। तो फिर केंद्र सरकार की यह घोषणा किसके लिए और किस उद्देश्य से थी?

### असली सवाल कौन पूछेगा?

जातीय जनगणना पर शोर-शराबा बहुत है, लेकिन असली सवाल अब भी अनुत्तरित हैं...

- क्या जातीय जनगणना से बेरोजगारी खत्म हो जाएगी?
- क्या इससे भ्रष्टाचार रुकेगा?
- क्या इससे देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा?
- क्या युवाओं को नौकरियाँ मिलेंगी?
- क्या यह देश की सुरक्षा चुनौतियों का समाधान है?

### नतीजा क्या होगा?

जातीय जनगणना की घोषणा निस्संदेह एक राजनीतिक मास्टरस्ट्रोक है। लेकिन अगर यह कदम सिर्फ चुनावी लाभ के लिए उठाया गया है, तो इसका सबसे बड़ा नुकसान जनता को ही होगा। क्योंकि तब असली मुद्दे ६ महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और सीमा सुरक्षा ६ एक बार फिर सियासत की शोरगुल में दबकर रह जाएंगे।

### अर्जेंटीना और चिली में भूकंप के तगड़े झटके, रिक्टर स्केल पर 7.4 मापी गई तीव्रता

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अर्जेंटीना**

दक्षिण अमेरिकी देशों अर्जेंटीना और चिली के समुद्री तटों के पास शुक्रवार को तेज भूकंप के झटके लगे हैं। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.4 मापी गई है। यह झटका समुद्र के अंदर आया, जिससे आसपास के इलाकों में भी हलचल महसूस की गई। यूएसजीएस ने बताया कि भूकंप का केंद्र चिली और अर्जेंटीना के दक्षिणी किनारों के करीब समुद्र में था। अभी तक जान-माल के नुकसान की कोई जानकारी नहीं मिली है, लेकिन अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन कुछ देर बाद इसे हटा लिया गया। फिर भी तटीय इलाकों में लोग एहतियातन ऊंचे इलाकों की ओर जाने लगे। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, चिली के पुंटा एरेनास और अर्जेंटीना के रियो गालेगोस शहरों में भी कंपन महसूस हुए। चिली और अर्जेंटीना भूकंप के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र में आते हैं, क्योंकि यह इलाका रिंग ऑफ फायर (आग का घेरा) कहलाने वाले भूभाग में स्थित है, जहां धरती की टेक्टोनिक प्लेटें टकराती हैं और अक्सर भूकंप आते रहते हैं। भूकंप के दौरान जितना संभव हो उतना सुरक्षित रहें। इस बात के प्रति सतर्क रहें कि कौन-से भूकंप वास्तव में इसकी पूर्व-चेतावनी देने वाले भूकंप के झटके होते हैं और बाद में बड़ा भूकंप भी आ सकता है। धीरे-धीरे कुछ कदमों तक सीमित हलचल करें जिससे पास में किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंच सकें।

# तुलसी हॉस्पिटल या मौत का धंधा?

## दुबग्गा में इंसानियत शर्मसार, लाशों पर साजिशों का खेल!

- **न्याय की आस में बुझ गई एक जिंदगी:** हरदोई की महिला की मौत पर प्रशासन मौन, अस्पताल संचालक सिफारिशों में व्यस्त

**जन एक्सप्रेस। आशीष कुमार सिंह**

**लखनऊ।** एक और लापरवाही... एक और मौत... और इस बार फिर से, शिकार बनी एक मासूम महिला, जो जीना चाहती थी, लेकिन तुलसी हॉस्पिटल ने उसकी जिंदगी को कारोबार समझ लिया। हरदोई जनपद की एक मां, एक बहन, एक बेटीज जीवन की आस में तुलसी अस्पताल पहुंची, मगर लौटकर कभी घर नहीं आई। हरदोई की एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने न केवल परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।




### जन एक्सप्रेस वादा करता है

हर झूठ का पर्दाफाश होगा। हर सच्चाई उजागर होगी। जब तक उस बेटी को इंसाफ नहीं मिल जाता, हम रुकेंगे नहीं।

### हम पूछते हैं

- क्या एक महिला की मौत इतनी मामूली है?
- क्या जिम्मेदार कभी जवाब देंगे?

### जन एक्सप्रेस ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया, लेकिन अफसोस कि स्वास्थ्य विभाग की नींद अब भी नहीं टूटी

इस बीच, जिस तुलसी अस्पताल पर लापरवाही के गंभीर आरोप हैं, उसके संचालक अपनी सफाई देने या माफी मांगने के बजाय सिफारिशों का सहारा लेकर खबर को दबाने की कोशिश में लगे हैं।

- **लेकिन सवाल यह है**-क्या एक मासूम महिला की मौत को यूं ही भुला दिया जाएगा? क्या जिम्मेदारों से कोई जवाबदेही नहीं ली जाएगी?
- **जन एक्सप्रेस ने ठाना है कि वह निजी अस्पतालों की हकीकत को उजागर करता रहेगा**-एक-एक सबूत के साथ, जब तक पीड़ितों को न्याय नहीं मिल जाता।
- रात में आई थी इलाज के लिए चार बजे सुबह को लौटाई गई लाश में तब्दील होकर ना ढंग से इलाज, ना सही जवाब और जब मीडिया ने सवाल उठाया,

### तो सिर्फ सन्नाटा नहीं मिला,साजिशें भी मिलीं!

हॉस्पिटल प्रबंधन ने न शर्म की, न अफसोस जताया बल्कि पूरी ताकत झोंक दी खबर दबाने में, नेताओं की सिफारिशें जुटाने में। किसी ने ये नहीं पूछा कि उस महिला की जान क्यों गई?

### डॉक्टरों की गलती थी या हॉस्पिटल की लालच में डूबी नीति?

जन एक्सप्रेस ने जब हकीकत उजागर की, तो तुलसी हॉस्पिटल के चेहरों पर नकाब उतरने लगे। हमारे पास हैं गवाह, सबूत, दस्तावेज जो चीख-चीखकर कह रहे हैं यह हॉस्पिटल नहीं, लाश बनाने की फैक्ट्री है!

### स्वास्थ्य विभाग बना है मूक तमाशबीन और निजी अस्पतालों का नेटवर्क मौत की मंडी

पर अब नहीं! जन एक्सप्रेस कसम खाता है हर लाश का हिसाब होगा। हर साजिश का पर्दाफाश होगा। तुलसी हॉस्पिटल की काली किताब के पन्ने एक-एक कर खोले जाएंगे।

### जिस दिन पहली मौत हुई थी, उसी दिन हमें जग जाना चाहिए था अगली लाश किसी अपने की भी हो सकती है

**महिला की मौत पर अब भी खामोशी क्यों? (एक पीड़ित परिवार की चुप्पी में छुपा आक्रोश)**

हरदोई की एक मासूम सी महिला, उम्मीद लेकर तुलसी अस्पताल पहुंची थी। सोचा था कि शरीर के जहर से दर्द का इलाज मिलेगा, ज़िंदगी दोबारा मुस्कराएगी लेकिन वहां से लौटी तो सिर्फ एक ख़ामोशी बनकर जिसे अब उसका परिवार हर रोज़ सुनता है। तुलसी हॉस्पिटल, जहां से उसे आखिरी उम्मीद थी, वही उम्मीद अब सवालों के घेरे में है। परिवार की चीखें गूंजती रहीं, मगर व्यवस्था मौन रही। स्वास्थ्य विभाग अब भी आंखें मूंदे बैठा है। जिन्हें जांच करनी थी, उन्होंने देखा भी नहीं। जिन्हें जवाब देना था, वो सिफारिशें करने में व्यस्त हैं।

### जन एक्सप्रेस ने जब आवाज़ उठाई, तो हकीकत सामने आने लगी

लेकिन अफसोस, खबर रोकने की कोशिशों ने साफ कर दिया कि न्याय से ज़्यादा ज़रूरी हो गया है इमेज बचाना।

# देशभर में आंधी-बारिश और बिजली गिरने से 10 की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

- दिल्ली में 200 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले, एमपी समेत 8 राज्यों में ओले गिरने का अनुमान
- नजफगढ़ के खरकरी नहर गांव में एक घर गिरने से चार लोगों की मौत हो गई

दिल्ली-एनसीआर, यूपी और छत्तीसगढ़ में गुरुवार रात आंधी-बारिश और बिजली-पेड़ गिरने की घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली, उत्तर प्रदेश में 4-4 और छत्तीसगढ़ में 2 लोगों ने जान गंवाई है। दिल्ली-एनसीआर के निचले इलाकों में जलभराव हो गया है। दिल्ली एयरपोर्ट से 200 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हो गई हैं। 3 को डायवर्ट भी करना पड़ा। 2 को जयपुर और एक अहमदाबाद में लैंड करवाया गया। दिल्ली एयरपोर्ट ऑपरेट करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने कहा कि फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल है। दिल्ली एयरपोर्ट से रोज करीब 1,300 उड़ानों की आवाजाही होती है। इससे पहल गुरुवार को पश्चिम बंगाल के संदकफू में ताजा बर्फबारी हुई। जम्मू में भारी बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने आज राजस्थान के 30 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले गुरुवार को जयपुर, जैसलमेर, भीलवाड़ा और पाली में आंधी के साथ बारिश हुई और कई जगह ओले भी गिरे।



### दिल्ली में पेड़ गिरने से 3 बच्चों समेत मां की मौत

दिल्ली में गुरुवार रात से ही आंधी-तूफान के साथ जोरदार बारिश हो रही है। सुबह करीब 5 बजे के आसपास राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में तेज रफ्तार हवाएं चलनी शुरू हो गईं। हवाएं इतनी तेज थीं कि कई इलाकों में पेड़ की टहनियां टूटकर सड़क पर गिर गईं। दिल्ली के द्वारका स्थित खारखड़ी नहर गांव में शुक्रवार सुबह तेज हवाओं के चलते एक नीम का पेड़ ट्यूबवेल रूम पर गिर गया। हादसे में एक महिला और उसके तीन बच्चों की मौत हो गई, जबकि महिला का पति घायल है।

### अगले 3 दिनों का मौसम अपडेट...

- **3 मई-** राजस्थान में धूल भर आंधी चलेगी। मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, सिक्किम, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में ओले गिर सकते हैं। केरल, अरुणाचल प्रदेश और कर्नाटक में बारिश का अलर्ट है। यूपी, पंजाब, चंडीगढ, दिल्ली, बिहार, गुजरात में गर्मी का यलो अलर्ट है।
- **4 मई-** राजस्थान में धूल भर आंधी चलेगी। मध्यप्रदेश में ओले गिर सकते हैं। मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, तमिलनाडु-पुडुचेरी, कर्नाटक, पूर्वी उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का अलर्ट है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ में गर्मी का ऑरेंज अलर्ट है। जबकि यूपी, पंजाब, चंडीगढ, दिल्ली, बिहार, गुजरात में गर्मी का यलो अलर्ट है।
- **5 मई-** मराठवाड़ा, मध्य महाराष्ट्र, कर्नाटक, पूर्वी उत्तर प्रदेश, सिक्किम, बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, तमिलनाडु-पुडुचेरी और त्रिपुरा में बारिश का अलर्ट है। राजस्थान में धूल भरी आंधियां चल सकती हैं। मध्यप्रदेश, यूपी, पंजाब, चंडीगढ, दिल्ली, बिहार, गुजरात में गर्मी का यलो अलर्ट है।

### राजस्थान: जयपुर समेत कई जिलों में आंधी-बारिश

राजस्थान में शुक्रवार सुबह से तेज आंधी और बारिश का दौर शुरू हो गया। जयपुर, भरतपुर, अलवर, झुंझुनूं समेत प्रदेश के कई हिस्सों में धूलभरी आंधी चली। करीब 40 किमी से ज्यादा गति से चली आंधी से आज जयपुर में कई जगह पेड़, सोलर पैनल गिर गए।

### मध्यप्रदेश: अगले 4 दिन बारिश, ओले भी गिरेंगे

साइक्लोनिक सर्कुलेशन चक्रवात के एक्टिव होने से मध्यप्रदेश में ओले-बारिश का दौर जारी है। पिछले 6 दिन प्रदेश के आधे हिस्से में मौसम बदला हुआ है। कहीं तेज आंधी-बारिश हो रही है तो कहीं ओले भी गिर रहे हैं। गुरुवार को डिंडौरी में तेज बारिश हुई, करीब 25 से ज्यादा जिलों में मौसम बदला रहा।

### उत्तर प्रदेश: 15 शहरों में बारिश, मथुरा में सड़कें लबालब

यूपी के सहारनपुर, मथुरा, गाजियाबाद, आगरा, बुलंदशहर समेत 15 शहरों में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। मथुरा में इतनी बारिश हुई कि सड़कों पर पानी लबालब भर गया। घरों, दुकानों और प्राइवेट अस्पतालों में दो फीट तक पानी भर गया। मथुरा के अड़ींग कस्बे में लोग बाल्टियों से पानी निकालते नजर आए।

### छत्तीसगढ़: आंधी-तूफान से बेमेतरा में 2 की मौत

वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से छत्तीसगढ़ में अगले 3 दिन गरज चमक के साथ तेज हवा चल सकती है। कुछ हिस्सों में बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। 12 जिलों में आज ऑरेंज अलर्ट है। इससे पहले रायपुर समेत प्रदेश के कई हिस्सों में गुरुवार शाम चली आंधी ने जमकर तबाही मचाई।

# खनन कार्य में नहीं होना चाहिए शासन की गाइडलाइन का उल्लंघन : जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उपखनिज (ग्रेनाइट गिट्टी, बोल्डर) के समस्त खनन पट्टेधारकों की बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई।

जिसमें डीएम ने सभी पट्टेधारकों को शासन की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त पट्टाधारकों को पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र व खनन योजना एवं खान सुरक्षा महानिदेशालय, वाराणसी द्वारा जारी दिशा-निर्देश एवं सुरक्षा मानकों के अनुसार अधिकृत प्रबंधक (फौरमैन) की निगरानी में ही खनन, ड्रिलिंग व ब्लास्टिंग का कार्य दिन के समय ही करने तथा ब्लास्टिंग के दौरान आस-पास के निवासियों की सुरक्षा के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कहा कि खनन क्षेत्रों में निर्धारित मानकों के अनुसार बेंच का निर्माण करते हुये खनन कार्य करें।

साथ ही साथ बेंच की स्थायीत्व पर विशेष ध्यान रखें। कहा कि खनन कार्य के दौरान निकले हुये ओवर बर्डन का निस्तारण भी नियमानुसार सुरक्षित ढंग से करें। कहा कि खदान में कार्यरत श्रमिकों को पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराते हुये बिना हेलमेट, माइनिंग शूज एवं फ्लोरिसेंट जैकेट, मास्क इत्यादि के खनन कार्य न करने दें। कहा कि सभी पट्टेधारक खनन क्षेत्र पर प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था करें एवं श्रमिकों के लिये आश्रय व पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। कहा कि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए खनन पट्टा क्षेत्र से उपखनिजों के परिवहन मार्ग में उड़ने वाले धूल डस्ट से बचाव के लिए समय पर पानी का छिड़काव करें। कहा कि पट्टेधारक स्वयं के खनन क्षेत्र के सीमा स्तम्भ का अनुरक्षण सुनिश्चित करें। निर्देशित किया कि सभी पट्टेधारक अपने खनन पट्टा अन्तर्गत देय किश्त एवं डीएमएफ व टीसीएस की धनराशि समय पर जमा करें। साथ ही खनन पट्टा क्षेत्र से वाहनों में उपखनिजों की लोडिंग निर्धारित मानक के अनुसार एवं वैध परिवहन प्रपत्र के साथ करने तथा बिना माइन टैग लगे वाहनों में उपखनिज का परिवहन न कराने के निर्देश दिए।

इस मौके पर उपनिदेशक खान सुरक्षा महानिदेशालय वाराणसी, खान अधिकारी चित्रकूट, खान निरीक्षक, समस्त खनन पट्टाधारक सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी के निरीक्षण में 48 कर्मचारी मिले अनुपस्थित, वेतन रोकने व स्पष्टीकरण के निर्देश

### जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अधिकारी, अधिशासी अभियंता प्रथम निरीक्षण में मिले नदारद

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सुबह 10:10 बजे जनपद के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण में जिसमें 48 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिनका एक दिन का वेतन रोकते हुए उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है। जिलाधिकारी सबसे पहले प्रांतीय खंड कार्यालय पहुँचे, जहाँ 09 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। लोक निर्माण विभाग प्रथम में 11, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित सहित 11 कर्मचारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 02, नगर पालिका परिषद उरई में अधिशासी अधिकारी सहित राम अचल कुरील समेत 08, तथा विद्युत वितरण खंड प्रथम कार्यालय उरई में अधिशासी अभियंता जितेंद्र नाथ सहित 07 कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए। प्रांतीय खंड कार्यालय में टूटी हुई कुर्सियाँ, गंदगी और सामान के अनुचित रखरखाव पर नाराज़गी जताते हुए जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, रंगाई पुताई और समुचित रखरखाव के निर्देश दिए।

नगर पालिका परिषद उरई में स्थापित डेडीकेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर की समीक्षा के दौरान शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया संतोषजनक नहीं पाई गई। तैनात कर्मचारी कोई स्पष्ट विवरण नहीं दिखा सके। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण हेतु एक रजिस्टर बनाया जाए, जिसमें शिकायतकर्ता का नाम, समय, दिनांक एवं निस्तारण की स्थिति का विवरण दर्ज किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रातः 10 से 12 बजे तक कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और इस अवधि में जनता की शिकायतों का समाधान करें।

# संसद सड़क सुरक्षा समिति की हुई अहम बैठक

**जन एक्सप्रेस । उरई**




विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में संसद सड़क सुरक्षा समिति की अहम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद नारायण दास अहिरवार ने की। इस दौरान जनपद में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश हेतु अपने विचार रखे।

सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि शहर के चौराहों पर खराब ट्रैफिक सिग्नलों को शीघ्र सुधारा जाए और बिना हेलमेट एवं यातायात नियमों का उलंघन करने वालों पर सख्त पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित करने की मांग की कि बिना हेलमेट वाले लोगों को पेट्रोल न दें। झाँसी चुंगी के पास बने गड्ढों की मरम्मत की ओर भी उन्होंने ध्यान आकृष्ट किया।

माधौगढ़ विधायक ने सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाने और नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की बात कही सड़कों पर यातायात में बाधक झाड़ियाँ की सफ़ाई और अवैध कट को बंद किए जाने की बात कही गई कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और यातायात संकेतक चिन्ह लगाए जाने का सुझाव दिया।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद के ब्लैक स्पॉट्स की समीक्षा की और अतिक्रमण हटाने, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत तथा स्कूलों में बच्चों के लिए सड़क सुरक्षा अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बिना हेलमेट, रॉन्ग साइड, शराब के नशे में व ओवरस्पीडिंग करने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई की बात भी कही। बैठक में उपस्थित नगर पालिका कालपी, जालौन कोंच और उरई के नगर पालिका अध्यक्ष और सभी नगर पंचायत के सभी अध्यक्ष द्वारा भी अपने सुझाव दिए गए। उल्लेखनीय है की उक्त संसद सड़क सुरक्षा समिति की मीटिंग प्रत्येक तीन माह में की जाती है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह, एआरटीओ सुरेश कुमार, राजेश कुमार प्रवर्तन, सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नोटिस जारी होने से परेशान दो दर्जन परिवारों ने लगाई न्याय की गुहार



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

तहसील प्रशासन द्वारा 29 गृहस्वामियों को बेदखल किए जाने की नोटिस जारी होने से बस्ती में हड़कंप मच गया।

इस मामले को लेकर दो दर्जन परिवारों ने शुक्रवार को उपजिलाधिकारी से मुलाकात कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई।

जिला मुख्यालय के विद्या नगर निवासी संजय सेन, पंचगोपाल, गुलाब रानी, सोहन, रामभवन, चन्द्रपाल, हरिश्चन्द्र, लवलेश व रमाशंकर समेत दो दर्जन लोगों ने शुक्रवार को सदर तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी सदर पूजा साहू को दुःखड़ा सुनाया। मोहल्लेवासियों ने बताया कि उन लोगों को लगभग 25 वर्ष पूर्व पट्टा आवंटन किया गया था। इसके बाद उन्होंने निर्धारित जमीन पर अपने घर बना लिए। साथ ही विद्युत व पानी के कनेक्शन भी ले लिए। इनमें से कई पट्टेधारकों ने आवास योजनाओं के तहत प्राप्त धनराशि से घर बनाए है। इसके बाद अब उन लोगों को बेदखल करने के लिए नोटिस जारी की जा रही है। जिससे सभी मोहल्लेवासी परेशान है। मोहल्लेवासियों ने न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। इस मौके पर शिवकुमार, शिवजीत, केशव, रामभजन, देवशरण, सुखरानी व राममोहन आदि मौजूद रहे।

## ग्रामोदय के पूर्व छात्र अभय का जूनियर सांख्यिकी अधिकारी के पद पर हुआ चयन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र अभय कुमार त्रिपाठी, बीएससी ( गणित ) सत्र 2019–2022 की नियुक्ति कर्मचारी चयन आयोग, दिल्ली ने जूनियर सांख्यिकी अधिकारी पद पर की है। अभय कुमार त्रिपाठी के इस उपलब्धि पर कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा सहित अनेक शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। अभय कुमार त्रिपाठी चित्रकूट जिले के बगरेही गांव के निवासी है। विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के शिखक डॉ सीता शरण गौतम ने बताया कि अभय कुमार त्रिपाठी बीएससी में सांख्यिकी विषय को ऑप्शनल पेपर के रूप एडॉप्ट किया था, जो इनकी सफलता का राज है। अभय कुमार त्रिपाठी की नियुक्ति को लेकर परिवारीजनो ने खुशी जाहिर किया है। अभय कुमार त्रिपाठी के पिता ने सफलता के लिए ग्रामोदय विश्वविद्यालय के अनुशासनात्मक वातावरण और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय में अध्ययन और विषय चयन के दौरान समयानुकूल मार्गदर्शन के कारण उनके पुत्र को प्रतिष्ठित शासकीय सेवा करने का मौका मिला है।

## प्रत्येक गुरुवार को होगा मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के सचिव राजेश प्रसाद ने बताया कि प्राधिकरण के क्षेत्रान्तर्गत स्वीकृत के लिए प्राप्त भवन मानचित्रों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के बृहस्पतिवार को मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन दोपहर एक से पांच बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में किया जाता है। जिसके तहत मई माह में आठ, 15, 22 एवं 29 मई को समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। कहा कि सभी सम्बंधित भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता इन समाधान दिवस में उपस्थित होकर सम्बंधित विभाग एवं सभी अनुज्ञा प्राप्त मानचित्रकार से भवन मानचित्र की आपत्तियों का तत्काल निराकरण करा सकते है।

## किशोरी को अज्ञात युवक लेकर फरार

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कैलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच क्रिया के लिए घर से बाहर गई किशोरी को अज्ञात युवक भगा ले गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला पंजीकृत जांच पड़ताल शुरू कर दी। कैलिया थाना क्षेत्र के एक गांव के गरीब मजदूर व्यक्ति ने कैलिया थाने में प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें बताया कि बीते दिन गुरुवार की दोपहर वह मजदूरी करने गया था। उसी समय मेरी 16 वर्ष 4 माह की पुत्री घर से शौच क्रिया के बहाने बाहर गई हुई थी। समय रहते जब वह वापस घर नहीं लौटी तब परिजनों ने उसकी खोज भी शुरू कर दी। काफी खोजबीन करने के बाद जानकारी हुई कि उसे कोई अज्ञात युवक बहला फुसलाकर कर भाग ले गया। फिलहाल तहरीर पर थाना पुलिस ने मामला पंजीकृत किया और पूरे मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## वाहन की टक्कर से अधेड़ घायल, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** नगर में घर वापस लौट रहे अधेड़ को वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती राम चबूतरा निवासी आयशा पुत्री मोहम्मद अजीज ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया। जिसमें बताया कि बीते दिन 29 अप्रैल की शाम उसके पिता मोहम्मद अजीज पुत्र मोहम्मद तुराव नगर के बाजार से अपने घर वापस आ रहे थे। उसी दौरान समय वाहन चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। जिन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर उनकी हालत नाज़ुक देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां पर अभी उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

# लोक कल्याण का कार्य है चकबन्दी : डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिला उपसंचालक चकबंदी अधिकारी व जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने चकबंदी कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि भू-चित्र पुनरीक्षण अंतर्गत 14 ग्रामों में चकबंदी के धारा सात के स्तर का कार्य प्रारंभ हो गया है। ग्राम औदहा, दरसेडा एवं भादेहइ बांगर में जन विरोध के कारण अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी तथा बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिए कि इन गांवों में बैठक कर ग्रामीणों के साथ सहमति बनाकर चकबंदी कार्य प्रारंभ कराए।

डीएम ने कहा कि जनपद में प्रथम चक्र की चकबंदी प्रारंभ हुई है और चकबंदी कार्य एक लोक कल्याणकारी कार्य है, जिसके अंतर्गत ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया संक्षिप्त एवं सरल तरीके से संपन्न कराई गई है। इसी प्रकार धारा आठ पड़ताल के स्तर पर कुल छह ग्राम है। जिसमें पांच ग्रामों में पड़ताल का कार्य चल रहा है। बैठक में ग्राम गढ़वाड़ा में चकबंदी कर्ता ने बताया कि जन विरोध के कारण पड़ताल का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि यहां पर भी बैठक कर कार्य प्रारंभ किया जाए।

ग्राम टेढ़ा बुजुर्ग, ऐचवारा, मिर्जापुर, डुडौली तथा महरुच में चकबंदी टीम द्वारा कब्जा परिवर्तन कराया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण किसानों ने ग्राम में कब्जा परिवर्तन का कार्य समय से कराने का अनुरोध किया। इस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों में उपस्थित रहकर कब्जा परिवर्तन का कार्य कराए, जिससे कब्जा परिवर्तन में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसान चकबंदी कार्यों को पूरा कराए।

इस मौके पर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एमएल धर्मान, चकबंदी अधिकारी शैलेंद्र द्विवेदी, संजय शुक्ला, शरदचंद्र यादव, सहायक चकबंदी अधिकारी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, रमाकांत यादव, श्यामलाल, मुन्नालाल, कल्लू सहित सम्बन्धित अधिकाी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# लेखपालों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंहुच डीएम ने लेखपालों को दिया प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के नव नियुक्त 67 लेखपालों को भूमि की श्रेणी, पट्टा आवंटन प्रक्रिया, भूमी प्रबन्धक समिति की बैठक, ग्राम सभा की संपत्तियों के प्रबंधन एवं अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध अपनाई जाने वाली प्रक्रिया आदि विषयों पर विधिवत नियम एवं प्रक्रिया के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने लेखपालों को राजस्व विभाग सरकारी भूमि के प्रबंधन एवं उनकी जिम्मेदारियों का विस्तार से उल्लेख किया।जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपालों की भूमि विवादों के समाधान, पट्टा कृषि, आवास, मत्स्य, बृक्षारूपण एवं कुम्हारी कला पट्टा के आवंटन के संबंध में नियम बताए हुए सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया को विस्तार से समझाया।

उन्होंने भू-लेख नियमावली, राजस्व संहिता, और धारा 67(5) जैसे विषयों की गहन जानकारी से भी सभी लेखपालों को परीचित कराया। लेखपालों को संबोधित कर यह कहा गया की उन्होंने कहा, ÷सरकारी सेवा को केवल नौकरी न समझें, बल्कि इसे जनसेवा का माध्यम मानें।÷ साथ ही लेखपालों को पट्टा आवंटन प्रक्रिया को ईमानदारी, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने की प्रेरणा दी। प्रशिक्षण सत्र में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, डिप्टी कलेक्टर सौरभ पाण्डेय सहित सभी नव नियुक्त लेखपाल उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन डाटा एकत्रित कर बनाई जाएगी कार्य योजना

# टीके से रोकी जाने वाली बीमारियों की होगी डिजिटल निगरानी : सीएमओ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि एक मई से उत्तर प्रदेश सरकार यूनीफाइड डिजीज सर्विलान्स पोर्टल (यूडीएसपी) पर वैक्सीन प्रिवेन्टेबिल डिजीजेस (वीपीडी) का डिजिटल सर्विलान्स शुरू करते हुए रीयल टाइम केस रिपोर्टिंग, सटीक और विश्वसनीय डेटा संग्रह को सक्षम करेगी। जिससे रोगों का शीघ्र पता लगाकर त्वरित गति से प्रभावी रणनीतियां तैयार कर उनका क्रियान्वयन किया जा सके।

जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ बिलाल अहमद ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य सहयोग नेटवर्क (एनपीएसएन) के सहयोग से सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत वैक्सीन से रोके जाने वाली बीमारियों पोलियोमाइलाइटिस (एक्यूट प्लेसीड पैरालिसिस), खसरा, रूबेला, डिप्थीरिया, पर्टुसिस और टिटनेस के लिए केस बेस्ड सर्विलान्स का कार्य किया जा रहा है। जिसमें पहली बार यूडीएसपी को शामिल किया गया है। बताया कि यूडीएसपी एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश राज्य के लिए एकीकृत निगरानी प्रणाली के रूप में कार्य करना है। बताया कि यूपी में मई 2023 में इसे 12 अधिसूचित रोगों के लिए लॉन्च किया गया था और तब से यह बड़े पैमाने पर क्रियाशील है।

स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस अधिकारी ने बताया कि यूडीएसपी के माध्यम से टीकों से रोकी जा सकने वाले रोगों की डिजिटल निगरानी (सर्विलान्स) से जिलों और राज्य के बीच तीव्र गति से तेज संचार संवाद संभव हो सकेगा, जिससे इन रोगों की शीघ्र पहचान और पब्लिक हेल्थ रिस्पांस की गुणवत्ता में सुधार हो सकेगा।

इससे सटीक डेटा मिलेगा और टीकाकरण कार्यक्रमों की योजना और निगरानी की बेहतर योजना तैयार कर निगरानी की जा सकेगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने कहा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए, इसके लिए प्रत्येक वर्ष विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाता है। यूडीएसपी पर वीपीडी निगरानी लाने से इन रोगों के बारे में हमारी समझ और बेहतर होगी और भविष्य की कार्य योजना बनाने में मदद मिलेगी।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि इस साल 24 अप्रैल से शुरू हुए विश्व टीकाकरण सप्ताह के तहत पूरे प्रदेश में स्कूल आधारित टीडी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सरकारी और निजी दोनों स्कूलों में कक्षा 5 और कक्षा 10 के छात्रों को उनके स्कूलों में मुफ्त टीडी टीके लगाए जा रहे हैं। इन प्रयासों के माध्यम से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी बच्चा टीकाकरण के अभाव में सुरक्षित भविष्य से वंचित न रहे।

## आकाशीय बिजली गिरने से चरवाहे की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** चुर्खी क्षेत्र के जंगल में आकाशीय बिजली गिर गई। जिसकी चपेट में आने से वृद्ध की झुलसकर मौत हो गई। कस्बा चुर्खी निवासी श्याम बाबू 60 वर्ष पुत्र छेदीलाल रोज की तरह शुक्रवार की सुबह अपनी बकरियों को चराने के लिए जंगल गया थ। बताया गया कि मौसम शुरुआत में सामान्य था, लेकिन कुछ ही देर में अचानक तेज हवाएं चलने लगीं और आसमान में काले बादल छा गए। देखते ही देखते बारिश शुरू हो गई, और बारिश से बचने के लिए वृद्ध चरवाहा पेड़ के नीचे जाकर खड़ा हो गया। तभी तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली पेड़ पर गरी गई, और पेड़ के नीचे खड़ा चरवाहे की बुरी तरह झुलसकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही चुर्खी थाना प्रभारी शिव शंकर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही राजस्व विभाग की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है। राजस्व अधिकारियों ने बताया कि यह एक प्राकृतिक आपदा का मामला है।

# किशोरी से छेड़खानी में युवक को तीन साल की सजा, 15 हजार का लगा जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । उरई**

न्यायलय में किशोरी से छेड़खानी के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश ने आरोपित को तीन साल की सजा सुनाई। साथ ही 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। आटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने 24 फरवरी 2020 को थाना पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया था की उसकी नाबालिक बेटी घर पर अकेली थी। तभी शाम को मुहल्ले के ही रहने वाले दीपेंद्र उर्फ झल्ला उसके घर आया और उसकी नाबालिक बेटी को अकेला पाकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा।जब उसने शोर शराबा किया तो मुहल्ले के लोग मौके पर आ गए। लोगों को आते देख युवक मौके से भाग गया। पुलिस ने घर घुसकर छेड़खानी के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने पॉक्सो एक्ट कोर्ट में 7 जुलाई 2020 को चार्जशीट दाखिल कर दी थी। करीब चार वर्ष से अधिक चले ट्रायल के बाद शुक्रवार को सुनवाई पूरी हुई। जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मोहमद कमर ने आरोपित दीपेंद्र उर्फ झल्ला को दोषी पाया।

# पाठा की दशकों पुरानी पेयजल समस्या को समाप्त करने के लिए जल जीवन मिशन प्रयासरत

**जन एक्सप्रेस । मानिकपुर, चित्रकूट**

ड्डभारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नमामि गंगे परियोजना, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक में नल से साफ पानी उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के घरों में प्रतिदिन पेयजल की अनवरत आपूर्ति की जाती है, इसके बावजूद कुछ लोग इसके विरोध में जनता को जानकारी दे रहे है।

सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत जनपद के अगरहुंडा, लौढ़ीया माफी, बटखुरा, गहोराखास, उडकीमाफी, चरदहा, अरवारा, मदना, गढ़ीकला, हनुवा, सेमरदहा, बसवानपुर, चंद्रामारा, रामपुरिया, बारहमाफी, करौंहा ,सरहट, पटा, चिटघाटी, नागर, शेखापुर, कल्याणपुर, ऐल्हाबढ़ैया, मऊ, गुरदारी, पड़ा, गिद्दुरहा, रानीपुर, कुबरी, दभावर, स्क्रौंहा, जिगनबाह, बगदरी, हेला, उमरी, जारोमाफी, मानिकपुर, रूरल, चूल्ही, कीहुनियां, जारोमाफी, भेंड़ा, मारकुंडी, चक अमचूर में पानी की आपूर्ति लगातार सुनिश्चित की जा रही है। इन ग्राम पंचायतों के अलावा रामपुर, चुरेहै केशरुआ, छेरिहा खुर्द टिकरिया, इटावा, बबिहा, डोडामाफी में कमीशनिंग का कार्य लगातार युद्धस्तर में चालू है। ये ऐसी योजना है जिसका शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हो रहा है। ऐसे में कुछ लोग जो टैंकरों के नाम से करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार करते थे, उनकी बोलती बंद है और वो सभी इस योजना को फ्लॉप बता रहे है। मानिकपुर ब्लाक की क्षेत्रीय जनता नमामि गंगे से संबंधित किसी भी तरह के पेयजल संकट के लिए 9792345600 पर संपर्क कर जानकारी दे सकती है, इस पर हर संभव मदद की जाएगी।





**पीएम मोदी ने आंध्र को दी 58000...**


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में 58,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें ग्रीनफील्ड राजधानी अमरावती का निर्माण फिर से शुरू करना भी शामिल है, जो आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन... पढ़ें पेज 12 पर...

# 7.92 लाख का गबन और फाइल बंद!

## सरकारी अस्पताल में धन की हेराफेरी, जांच पर उठे सवाल

जन एक्सप्रेस | विशेष संवाददाता





लखनऊ। राजधानी के रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त जिला चिकित्सालय, राजाजीपुरम् से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने न सिर्फ स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि सरकारी धन की सुरक्षा को लेकर आम जनता की चिंता भी बढ़ा दी है। यह मामला वरिष्ठ सहायक श्रीमती रेखा तोमर से जुड़ा है, जिन पर ?7.92 लाख की धनराशि के गबन का आरोप है। 31 मार्च 2022 को तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका ने थाना तालकटोरा को पत्र भेजकर एफआईआर दर्ज कराने की संस्तुति की थी। लेकिन इस गम्भीर मामले में जो हुआ, उसने सबको चौंका दिया।

### तीन पत्रों में 11 दिन में निस्तारण?

8 अप्रैल और 11 अप्रैल को भेजे गए दो और पत्रों में यह कहा गया कि आरोपित ने पूरी राशि जमा कर दी है, अतः अब कोई कार्यवाही आवश्यक नहीं है। सवाल यह है कि मात्र धनराशि की वापसी से क्या गबन जैसे गम्भीर अपराध को समाप्त माना जा सकता है?

### नियमानुसार देय ब्याज और दण्ड का क्या?

विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी सरकारी गबन में न सिर्फ मूलधन, बल्कि उस पर देय ब्याज और दण्डात्मक कार्यवाही भी अनिवार्य होती है। यहां तो एफआईआर से पहले ही प्रकरण को समाप्त मान लिया गया।

### प्रशासन की चुप्पी, जवाबदेही नदारद

सबसे बड़ी बात यह है कि 31 मार्च को भेजा गया पत्र उच्च स्तर के निर्देश पर था, लेकिन 8 और 11 अप्रैल को किनके आदेश से पत्र भेजे गए, यह स्पष्ट नहीं है। इससे यह शंका गहराई है कि कहीं यह मामला दबाने का प्रयास तो नहीं?

**जनता का सवाल-कब मिलेगा न्याय?**

इस प्रकरण से एक बड़ा संदेश यह गया है कि सरकारी धन के गबन पर भी केवल रकम लौटाने से छूट मिल सकती है। यह प्रवृत्ति अगर बढ़ी, तो शासन-प्रशासन की साख और आर्थिक अनुशासन दोनों को नुकसान पहुंचेगा।

**जन एक्सप्रेस यह सवाल पूछता है—**

- गबन का अपराध क्या राशि लौटाने से माफ हो सकता है?
- ऐसे मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच क्यों नहीं होती?
- क्या भ्रष्टाचार पर कार्रवाई सिर्फ दिखावा बनकर रह जाएगी?
- अब समय है कि शासन इस मामले में सख्त रुख अपनाए और यह दिखाए कि कानून सबके लिए बराबर है-चाहे वह कोई भी हो।

# जन एक्सप्रेस अखबार में प्रकाशित खबर का बड़ा असर, ऊसर की भूमि सुरक्षित

- ग्रामीण सूत्रों ने प्रॉपर्टी डीलर व खातेदारों पर लगाए थे ऊसर की जमीन पर कब्जा कर प्लाटिंग करने के झूठे आरोप

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम बड़गांव में स्थित पुरानी खसरा संख्या 537 रकबा तीन बीघा 10 विश्वा में खातेदार के साथ-साथ ऊसर की करीब डेढ़ बीघा जमीन है, कुछ ग्रामीण सूत्रों ने बताया था कि प्रॉपर्टी डीलर व खातेदार मिलकर वह ऊसर की जमीन बेचकर मोटी रकम कमा रहे हैं जिसकी खबर जन एक्सप्रेस अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित किया था और संबंधित अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लिया मौके पर पहुंच कर जांच की और बताया कि खातेदार कैलाश नाथ वर्मा पुत्र स्व0 राधेलाल की पुरानी खसरा संख्या 537 व नया खसरा संख्या 971 रकबा 0.1200हे0 जमीन अमित सिंह राजपूत ने खरीदी, जिस पर प्लाटिंग की जा रही है और उनकी प्लाटिंग में ऊसर की जमीन नहीं है। साथ ही यह भी बताया कि ऊसर की जमीन पर गांव के ही कुछ ग्रामीणों द्वारा खसरा संख्या 972, 976 व 966 पर कब्जा कर रखा था, जिसको लेकर पूर्व में भी अवैध कबजेदारों को हिदायत देकर कब्जा छुड़ाया गया था और आज भी हिदायत देकर कब्जा ना करने को कहा गया है।

# राजा महाराजा द्वारा निर्मित तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा



- पुरातन्व विभाग व तहसील अधिकारियों ने पौराणिक तालाब की नहीं ली शुध, बाहरी राज्य के लोगों ने किया अवैध कब्जा
- तालाब के बचे हुए अवशेष व लाखोरी ईट पौराणिक होने की देते हैं गवाही

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

तहसील सरोजनी नगर के ग्राम खुशहालगंज में राजा महाराजाओं द्वारा निर्मित पौराणिक तालाब जिसका खसरा संख्या 545 रकबा करीब ढाई बीघा सरकारी जमीन पर तहसील अधिकारियों की लापरवाही के कारण बाहरी राज्य के कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया है जिससे तालाब के होने का अस्तित्व खतरे में है। ग्राम वासियों ने बताया कि वर्षों पूर्व इस तालाब का पानी बहुत शुद्ध और साफ था इस तालाब से पूरा गांव पानी पीते थे और अन्य कामों के लिए उपयोग किया जाता था, साथ ही लाखोरी ईंट से निर्मित यह पौराणिक तालाब बहुत ही सुंदरता व भव्यता घुरघुरी तालाब जैसी थी, लोग बताते हैं कि इस तालाब का निर्माण भी उसी समय के करीब कराया गया था, लेकिन पुरातत्व विभाग द्वारा इस तालाब को पूरी तरह से नजर अंदाज करने के कारण व शासन प्रशासन द्वारा कोई शुद्ध नहीं ली गई जिस कारण यह पौराणिक तालाब आज अपना अस्तित्व खो रहा है, जबकि ग्रामीणों ने इस तालाब को सुरक्षित कराने के लिए कई बार शिकायती पत्र दिया जिस पर अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई और बाहरी राज्य के कई लोगों ने इस पर अवैध कब्जा कर घर बना लिया, जिस कारण इस तालाब की स्थिति मौजूदा वक्त में बहुत ही खराब है।

# उत्तर प्रदेश में परिवहन सेवाओं की नई उड़ान अब व्हाट्सएप पर 24×7 उपलब्ध होंगी सुविधाएं

- स्थानीय नागरिकों ने सराहा विभाग का कदम, लखनऊ के आरटीओ पर बोझ कम होने की उम्मीद

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन विभाग ने नागरिक सेवाओं को और अधिक सरल व सुलभ बनाने के उद्देश्य से एक नई डिजिटल पहल की शुरुआत की है। अब राज्य के नागरिक व्हाट्सएप के ज़रिए परिवहन से संबंधित अधिकांश सेवाएं घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए विभाग ने व्हाट्सएप नंबर 8005441222 जारी किया है, जिस पर उपयोगकर्ता केवल "Hi" लिखकर चैटबॉट सेवा आरंभ कर सकते हैं। परिवहन विभाग की यह सेवा 24×7 उपलब्ध है और इसमें वाहन पंजीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस, चालान, स्वामित्व हस्तांतरण, रोड टैक्स, और आवेदन की स्थिति ट्रैक करने जैसी सुविधाएं शामिल हैं। यह पहल माननीय मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री के निर्देशों के अनुसार शुरू की गई है, जो नागरिक सेवाओं को पारदर्शी, तकनीक-समर्थ और घर तक पहुंचाने के पक्षधर हैं।

**परिवहन आयुक्त ने कहा**

यह चैटबॉट सेवा नागरिक कल्याण के लिए तकनीक के उपयोग को दर्शाती है। यह विभाग को आम जनता के और करीब लाता है तथा पारदर्शी, प्रभावी और उत्तरदायी शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### स्थानीय प्रतिक्रिया

लखनऊ के शारदा नगर निवासी रिंकू यादव ने कहा, ड्राइविंग लाइसेंस की स्थिति जानने के लिए अब आरटीओ ऑफिस जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, व्हाट्सएप से सब कुछ साफ-साफ मिल रहा है। वहीं, आलमबाग के व्यवसायी मोहम्मद शरीफ ने कहा, सरकार का ये कदम स्वागत योग्य है, इससे हमें समय और पैसे दोनों की बचत होगी। आरटीओ लखनऊ के एक अधिकारी के अनुसार, इस डिजिटल सेवा से दफ्तर में अनावश्यक भीड़ कम होगी और स्टाफ वास्तविक ज़रूरतमंदों को बेहतर सेवा दे सकेगा।

**सेवा की प्रमुख विशेषताएं**

- चौबीसों घंटे व्हाट्सएप पर उपलब्ध
- वाहन व ड्राइविंग लाइसेंस सेवाओं का प्रत्यक्ष एकीकरण
- चालान संबंधी विवरण, कारण, भुगतान लिंक और कानूनी जानकारी
- आवेदन की स्थिति की त्वरित ट्रैकिंग
- बहुभाषी समर्थन
- आम पूछताछ के लिए चरणबद्ध मार्गदर्शन

**कैसे करें उपयोग?**

अपने मोबाइल में 8005441222 नंबर सेव करें और व्हाट्सएप पर "Hi" भेजें। सेवा तुरन्त शुरू हो जाएगी। यह चैटबॉट उत्तर प्रदेश सरकार की ई-गवर्नेंस नीति का प्रभावशाली उदाहरण है, जो राज्य के नागरिकों को स्मार्ट, पारदर्शी और उत्तरदायी प्रशासन से जोड़ने की दिशा में एक और बड़ा कदम है।

## योग शिक्षिका को यूट्यूब चैनल पर किया बदनाम, केस दर्ज

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के आशियाना थाने में एक तथाकथित स्वामी के खिलाफ महिला योग शिक्षिका को बदनाम करने का मामला सामने आया है। शिवांश नारायण द्विवेदी ने अपनी संस्था में कार्यरत योग शिक्षिका रिदम कपूर उर्फ विजयाश्री की ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी ने सोशल मीडिया पर योग शिक्षिका के बारे में अश्लील टिप्पणियां की हैं। उन्होंने भ्रामक वीडियो और फोटो भी सार्वजनिक करने का आरोप लगाया है। शिवांश %आहवान धर्म रक्षार्थ% नामक पंजीकृत संस्था चलाते हैं। उनकी संस्था यूट्यूब चैनल के माध्यम से धर्म, अध्यात्म और राष्ट्र से जुड़ी सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा करती है। रिदम कपूर, जो वर्तमान में ऋषिकेश में रहती हैं, इस संस्था में योग शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। शिकायत के अनुसार, स्वामी निग्रह आचार्य नाम के यूट्यूब चैनल पर तथाकथित आचार्य भागवतानंद गुरु लगातार रिदम कपूर के चरित्र पर बेबुनियाद टिप्पणियां कर रहे हैं। उन्होंने झूठा प्रचार किया कि विजयाश्री महाकुंभ में पीठाधीश्वर के साथ मंच साझा करती हैं और कई सनातन विरोधी विदेशी संगठनों से जुड़ी हैं। आरोपी ने सोशल मीडिया पर रिदम कपूर के बारे में अश्लील टिप्पणियां की हैं। उन्होंने भ्रामक वीडियो और फोटो भी सार्वजनिक किए हैं। इस मामले की जानकारी मिलने पर 24 अप्रैल को रिदम कपूर ने एक पत्र के माध्यम से आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# शौ शैय्या अस्पताल में डेडिकेटेड पीडियाट्रिक केयर यूनिट का उपमुख्यमंत्री आज करेंगे उद्घाटन

- जिसमें 44 बेड की सुविधा व प्रदेश की सबसे बड़ी एमएनसीयू यूनिट हैं शामिल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




लखनऊ जिले के बीकेटी साढ़ामऊ स्थित राम सागर मिश्र शौ शैय्या अस्पताल में नवजात शिशुओं के लिए डेडिकेटेड पीडियाट्रिक केयर यूनिट का उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक फीता काटकर शुभारंभ करेंगे। बता दें कि अस्पताल के सीएमएस डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि डेडिकेटेड पीडियाट्रिक केयर यूनिट में 44 बेड होंगे, जिएमें एमएनसीयू,जनरल पीडियाट्रिक वार्ड,एलएमयू शामिल है। एमएनसीयू लखनऊ का पहला और प्रदेश का सबसे बड़ी यूनिट होंगी। इसके अलावा÷स्पोक और हब÷ मॉडल पर पैथोलॉजी लैब का भी शुभारंभ होगा। लैब को लखनऊ की आठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जोड़ा जाएगा।जिसमें बीकेटी, इटौंजा, अलीगंज, गुड़म्बा, माल, मलिहाबाद, काकोरी, जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर से खून के नमूने लेकर जांच की जायेगी। वहीं इस लैब का संचालन 24 घंटे होगा।इसमें तमाम तरह की खून की जांच हो सकेंगी। वहीं डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि मरीजों को सभी तरह की दवाएं मुफ्त मुहैया कराई जा रही है।मरीजों को सस्ती दर पर दवाएं उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केंद्र का उद्घाटन होगा।प्रधानमंत्री जी द्वारा शुरू किए गए अभियान एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण भी किया जाएगा। डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह,सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान व विधायक योगेश शुक्ला ,महानिदेशक डॉ रतन पाल सिंह सुमन,अपर निदेशक डॉ.जीपी गुप्ता व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.नरेंद्र बहादुर सिंह मौजूद रहेंगे।सीएमएस डॉ.वीके शर्मा ने बताया कि अस्पताल में 112 बेड हैं। 27 डॉक्टर कार्यरत हैं। इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे का संचालन की जा रही हैं लोकार्पण के पश्चात आरएसएम हॉस्पिटल में 156 बेड हो जायेंगे। यहां 24 घंटे इमरजेंसी,पैथोलॉजी जांच, रेडियोलोजी की सुविधा,मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही साथ जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर में अन्य सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं।

# निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर: सैकड़ों मरीजों ने कराया पंजीकरण, दर्जनों ऑपरेशन के लिए चयनित

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ जिले के मलिहाबाद क्षेत्र के गोपेश्वर गोशाला परिसर में शुक्रवार को एक निऱ्शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बता दें कि जिसमें आसपास के गांवों से आए सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक पंजीकरण कराया। इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल द्वारा संचालित यह सोलहवां शिविर क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के लिए उम्मीद की किरण बनकर आया। वहीं शिविर में मोतियाबिंद, आंखों की जांच और चश्मा वितरण जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान की गईं। चिकित्सकों ने मरीजों की विस्तृत जांच की और उन्हें जरूरी दवाएं भी उपलब्ध कराईं। इस दौरान, 58 मरीजों का पंजीकरण किया गया, जिनमें से 28 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। वहीं महंत कैवल्य गिरी के सानिध्य में आयोजित इस शिविर में गोशाला चिकित्सा प्रभारी जयराम प्रजापति और सोनू सिंह ने सक्रिय योगदान दिया। इंदिरा गांधी हॉस्पिटल से पहुंचे डॉ. रूपल सतीश मिश्र और डॉ. गौरव पांडेय ने बताया कि गोशाला परिवार के सहयोग से पहले भी एक हजार से अधिक मरीजों का निऱ्शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया जा चुका है। वहीं क्षेत्रीय निवासी यशपाल ने शिविर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल लोगों को निऱ्शुल्क ऑपरेशन की जानकारी दी, बल्कि कई बुजुर्गों को चिन्हित कर उन्हें शिविर तक पहुंचाने में भी सहायता की। मोतियाबिंद के लिए चयनित मरीजों को हॉस्पिटल की टीम सोमवार को गांव से ले जाएगी, उनका ऑपरेशन कराएगी और फिर वापस गौशाला पर छोड़ जायेगी। वहीं यह निऱ्शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर उन जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ।

## प्रधान पति पर पांच लोगों ने किया हमला, पत्नी, लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मलिहाबाद लखनऊ पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने प्रधान पति की गाड़ी के आगे गाड़ी लगाकर उन्हें मारा पीटा और गाड़ी चालक को जाति सूचक गाली दी पुलिस ने प्रधान को उपचार के लिए मलिहाबाद सीएससी भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे बलरामपुर रिफर कर दिया पीड़ित की पत्नी ने रहीमाबाद थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। बताते चलें कि बीते बुधवार को रहीमाबाद के उत्सव लान में मांझगांव निवासी प्रधान पति अरुण यादव तथा गांव के ही कल्याण सिंह राजेश मुलायम से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी जिसमें एक मोटरसाइकिल रहीमाबाद के उत्सव लान में छोड़कर लोग भाग गए थे जिसे रहीमाबाद पुलिस थाने ले आई थी तथा पुलिस ने दोनों पक्षों को रहीमाबाद थाने बुलाया शुक्रवार दोपहर दोनों पक्ष थाने आए जिन्हें पुलिस ने समझा बुझाकर भेज दिया। घायल अरुण की पत्नी बिट्टन ग्राम प्रधान मांझगांव थाना संडीला जनपद हरदोई ने रहीमाबाद थाने में आकर तहरीर देकर उपरोक्त दबंगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की।

# बदलते उत्तर प्रदेश को देखकर गर्व होता है: कपिल देव

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- आतंकी हमले पर कहा, देश के साथ हूं, जो करेगा देश, वही सही होगा

लखनऊ भारत को पहला वर्ल्ड कप दिलाने वाले पूर्व कप्तान कपिल देव शुक्रवार को डीजीपी मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने यूपी पुलिस की कार्यशैली और प्रदेश में सुधरती कानून व्यवस्था की खुलकर तारीफ की। कपिल देव ने कहा, बहुत अच्छा लग रहा है... हम उत्तर प्रदेश को बदलते हुए देख रहे हैं... जिस प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहतर होती है, वही सबसे अच्छा प्रदेश बनता है। कपिल देव की यह टिप्पणी न केवल उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए हौसला बढ़ाने वाली है, बल्कि यह संकेत भी है कि देश के दिग्गज अब सूबे में हो रहे बदलावों को महसूस कर रहे हैं।

### आतंकी हमले पर दिया बड़ा बयान

देश में हाल ही में हुए आतंकी हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए कपिल देव ने दो टूक कहा, मैं देश के साथ हूं... और हमारा देश जो भी करेगा, वह अच्छा ही होगा। इस बयान से उनका राष्ट्रप्रेम और देश की सेना पर भरोसा साफ झलकता है।

### डीजीपी मुख्यालय में दिखा सम्मान का माहौल

कपिल देव की मौजूदगी से मुख्यालय का माहौल जोश और गर्व से भर गया। अधिकारी और जवानों ने भी इस मौके पर उन्हें सम्मानित किया।

# एनबीए, एआईआरएफ एवं नैक मूल्यांकन हेतु संस्थान स्वप्रेरणा से आगे बढ़ें, पूर्ण तैयारी के साथ आवेदन करें: मुख्यमंत्री

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राविधिक एवं व्यावसायिक शिक्षा में नवाचारों के समावेश एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि विगत आठ वर्षों में तकनीकी शिक्षा को अधिक सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, नवाचारपरक एवं परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अनेक ठोस पहलें की गई हैं, जिनके उत्साहवर्धक परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए सभी प्राविधिक संस्थान नैक, एनबीए तथा एनआईआरएफ मूल्यांकन में प्रतिभाग करें, परंतु आवेदन से पूर्व व्यापक तैयारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा के तहत राजकीय एवं अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थानों की रैंकिंग की सराहना करते हुए इसके अंतर्गत निजी संस्थानों को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिए, ताकि समस्त संस्थानों में गुणवत्ता की समान मानक सुनिश्चित हो सकें। मुख्यमंत्री जी शुक्रवार को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्राविधिक शिक्षा मंत्री श्री आशीष पटेल तथा व्यावसायिक शिक्षा मंत्री श्री कपिल देव अग्रवाल भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ में वर्ष 2024-25 हेतु कुल 1.64 लाख सीटों पर नामांकन हुआ है। विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें मौक आधारित अध्ययन, चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट तथा इंटीग्रेटेड प्रोग्राम सम्मिलित किए गए हैं। सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय के 12,739 छात्रों को रोजगार प्राप्त हुआ, जिसमें अधिकतम वार्षिक वेतन ?59.91 लाख रहा। इसी प्रकार, एमएमएमयूटी, गोरखपुर में वर्ष 2023-24 में छात्रों को 52 लाख वार्षिक वेतन तक के पैकेज पर प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट मिला। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों में व्यवहारिक अध्ययन को और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए तथा गुणवत्तापूर्ण प्रयोगशालाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक श्रेणी के सभी रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री को व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 324 राजकीय एवं 2982 निजी आईटीआई प्रदेश में संचालित हैं। टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से 212 राजकीय आईटीआई को आधुनिक प्रयोगशालाओं एवं कुशल प्रशिक्षकों से सुसज्जित कर उन्नत बनाया गया है। इन संस्थानों में दीर्घकालिक ट्रेड्स के साथ-साथ स्वल्पकालिक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। वर्ष 2024-25 में लगभग 1.25 लाख प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत अब तक 30,000 से अधिक छात्रों द्वारा आवेदन किया जा चुका है। यह भी अवगत कराया गया कि सीएसआर फंड के माध्यम से राज्य के 37 से अधिक जनपदों में प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाइयों द्वारा आधुनिक कौशल प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। साथ ही, मासिक प्लेसमेंट डे के आयोजन से युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने में सफलता मिली है। एनपीएस और सीएमएपीएस योजनाओं के अंतर्गत पिछले पाँच वर्षों में 2.67 लाख से अधिक अप्रेंटिस नियुक्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा को उद्योगों से और अधिक गहराई से जोड़ा जाए तथा प्रत्येक छात्र को प्रशिक्षण के साथ एक निश्चित अवधि की औद्योगिक इंटर्नशिप सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की युवा शक्ति को तकनीकी रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। शिक्षा केवल प्रमाण-पत्र प्राप्ति का माध्यम न होकर एक व्यवहारिक, कौशलपूर्ण एवं उपयोगी प्रणाली होनी चाहिए।

**विकास से जुड़ी सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण की जाएं: सीएम**

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि नवस्थापित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बस्ती, गोंडा, मीरजापुर एवं प्रतापगढ़ के भवन निर्माण तथा परिसर विकास से जुड़ी सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण की जाएं, ताकि अगले शैक्षणिक सत्र से यह कॉलेज अपने निजी परिसरों से संचालित हो सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान में नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत करते समय स्थानीय औद्योगिक आवश्यकताओं एवं संभावनाओं को प्राथमिकता दी जाए। तकनीकी शिक्षा के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रदेश में कुल 2139 पॉलीटेक्निक संस्थान संचालित हो रहे हैं, जिनमें 147 राजकीय, 18 पीपीपी मोड, 19 अनुदानित एवं 1948 निजी संस्थान शामिल हैं। इन संस्थानों में 2.68 लाख से अधिक प्रवेश क्षमता उपलब्ध है, जिनमें 1.15 लाख से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। विभाग द्वारा डिजिटल कक्षाएं, आधार आधारित बायोमैट्रिक उपस्थिति, उद्योग-संलग्न पाठ्यक्रम, तथा फ्रंटियर टेक्नोलॉजी जैसे ड्रोन टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी, डेटा साइंस एवं मशीन लर्निंग को पाठ्यक्रमों में समाहित किया गया है। वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश में 39 नए राजकीय पॉलीटेक्निक स्थापित किए गए हैं तथा 13,000 से अधिक शिक्षकों एवं अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

# एसपी ने परेड की ली सलामी, जवानों को फिटनेस और अनुशासन का दिया संदेश

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले की रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने परेड की सलामी ली।इस अवसर पर एसपी ने जवानों को शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से सतर्क और अनुशासित रहने की प्रेरणा दी।

उन्होंने परेड ग्राउंड में सख्त ड्रिल करवाई और जवानों से दौड़ भी लगवाई। परेड में पुलिस लाइन, कार्यालय, थानों और विभिन्न शाखाओं से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। एसपी ने सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि वे साफ-सुथरी वर्दी पहनें और अपने आचरण में अनुशासन बनाए रखें। उन्होंने कहा कि एक सशक्त और अनुशासित बल ही बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित कर सकता है। परेड के बाद एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने बैरकों की साफ-सफाई, शस्त्रागार की व्यवस्था, मेस की गुणवत्ता, कैश कार्यालय के अभिलेख, परिवहन शाखा और पीआरवी 112 यूनिट की कार्यप्रणाली की बारीकी से जांच की। और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक निर्देश भी दिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने जोर दिया कि सभी इकाइयों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।एवं दस्तावेजों का व्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों की दिनचर्या सुव्यवस्थित होनी चाहिए, जिससे वे अपनी ड्यूटी को पूरी तत्परता और ईमानदारी से निभा सकें।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, सीओ अमेठी मनोज कुमार मिश्र, सीओ पुलिस लाइन दिनेश कुमार मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक तथा अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एसपी के निर्देशों को गंभीरता से लिया। और व्यवस्था को बेहतर बनाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के माध्यम से एसपी ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि पुलिस बल को न केवल अपराध नियंत्रण में दक्ष होना चाहिए बल्कि आंतरिक अनुशासन, फिटनेस और सेवा भाव में भी सर्वोत्तम मानकों का पालन करना चाहिए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 10 को

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राज कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में 10 मई 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालय सम्बन्धी अधिकाधिक वादों को निस्तारण कराये जाने हेतु अनुपमा गोपाल निगम, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के साथ बैठक अनुपम शौर्य, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गयी। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने व पिछले लोक अदालत की सफलता को दोहराने व उसे और सफल बनाने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया।

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी का स्थलीय निरीक्षण किया। और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, प्रसव कक्ष, जनरल वार्ड, टीकाकरण कक्ष सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। साथ ही जिलाधिकारी ने चिकित्सा व्यवस्थाओं की जानकारी ली।डीएम ने अस्पताल में मौजूद उपकरणों और उपलब्ध दवाओं के संबंध में चिकित्सकों से जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उनकी स्थिति और दी जा रही सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर और स्टाफ आवास का भी गहन निरीक्षण किया।तथा साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को हर हाल में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस मौके पर उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष कुमार सिंह, सीएचसी प्रभारी अधीक्षक सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, भक्तों ने लगाए हर हर महादेव के जयकारे

### रत्नेश्वर महादेव धाम से हैदरगढ़ तक भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास की दिखी झलक

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



रत्नेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई भव्य कलश यात्रा ने इन्हौना चौराहे से होते हुए औसानेश्वर महादेव होते हुए हैदरगढ़ तक अपना शुभ मार्ग तय किया।इस दौरान भक्तों की भीड़ ने अपनी अपार श्रद्धा और उत्साह से वातावरण को भक्ति रस में डुबो दिया। **हर हर महादेव** और **जय श्री राम** के जयकारों से गूंजते रास्ते भक्तिमय रंग में रंग गए।कलश यात्रा में दिनभर डीजे एवं लाइव बैंड की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। भक्ति गीतों पर झूमते पुरुषों और महिलाओं की सहभागिता ने आयोजन को सांस्कृतिक पर्व का रूप दे दिया।सभी आयु वर्ग के श्रद्धालुओं ने अनुशासित एवं उल्लासपूर्वक भाग लिया। धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता की मिसाल के रत्नेश्वर महादेव धाम में चल रहे इस श्रृंगारिक कथा आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया। बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक एकता का संदेश भी प्रसारित किया। इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि जब श्रद्धा, संगीत औरसामाजिक सहभागिता एक मंच पर आती है,तो समुदाय एकजुट होकर अपनी सांस्कृतिक जड़ों को संजोने में सक्षम होता है। इस पावन आयोजन की श्रृंखला नौ मई तक चलेगी। जिसमें प्रतिदिन कथा, भजन और धार्मिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय प्रशासन और आयोजन समिति द्वारा की गई। व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए, भक्तों से अनुरोध किया गया कि वे समय पर और श्रद्धा सहित भाग लेकर इस पुण्य अवसर का लाभ उठाएं। यह आयोजन हर भक्त के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करने वाला सिद्ध हुआ है। इसमें भाग लेने वाले श्रद्धालुओं ने यह दर्शा दिया कि एकता, आस्था और संस्कारों से भरा समाज ही सच्चे अर्थों में समृद्ध और सशक्त होता है।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया जिला कारागार का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राज कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की पुरुष बैरक व लीगल ऐड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा दौरान निरीक्षण बन्दियों से उनका हालचाल जाना गया। इसके अतिरिक्त दौरान निरीक्षण मानसिक रुप से विक्षिप्त बन्दियों के सम्बन्ध में भी जानकारी ली गयी। निरीक्षण उपरांत बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों की शिक्षा एवं व्यवसाय के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। जिससे अधिक से अधिक बन्दी लाभान्वित हो सके। दौरान निरीक्षण जेलर हिमांशु रौतेला, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल जय सिंह यादव, जेल चिकित्सक डा0 सुनील अग्रवाल, उपकारापाल धर्मपाल सिंह व सुमैया परवीन उपस्थित रही।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव देशहित में आवश्यकः सतीशचंद्र शर्मा

### आतंकियों का होगा अंत, मोदी कटिबद्धः मयंकेश्वर शरण सिंह

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




शुक्रवार को सिंहपुर ब्लॉक के सभागार में **एक राष्ट्र-एक चुनाव** के समर्थन में प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की। जबकि मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री सतीशचंद्र शर्मा और राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह रहे।सम्मेलन को संबोधित करते हुए सतीशचंद्र शर्मा ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से देश में समय और धन की बचत होगी। और विकास की गति तेज होगी। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि 1951 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते थे। लेकिन बाद में यह क्रम टूट गया। अब फिर से इस परंपरा को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस मुद्दे पर आम जनता, महिलाओं, संगठनों और राजनीतिक दलों से संवाद प्रारंभ कर माहौल बनाना शुरू कर दिया है। **एक राष्ट्र-एक चुनाव** देशहित में है। और इससे प्रशासनिक बोझ भी कम होगा। राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने आतंकवाद पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मोदी सरकार आतंकियों और पाकिस्तान पर निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि देशवासी जाति से ऊपर उठकर धर्म के आधार पर एकजुट हों। और सनातन संस्कृति की रक्षा करें। सम्मेलन में जिले के कई प्रमुख नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रवक्ता चंद्रमौलि सिंह ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना, ब्लॉक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी, जिला महामंत्री भागीरथी मौर्य, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आशा बाजपेई सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अंगुरी-बनकोट मार्ग की हालत बदतर, जगह-जगह गड्ढे, डामरीकरण की उठी मांग

**जन एक्सप्रेस । सिंहपुर,अमेठी**



विकास खंड सिंहपुर के अंगुरी से बनकोट किरसिया तक जाने वाले मुख्य मार्ग की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है।सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं।और गिट्टियां उखड़कर इधर-उधर बिखर चुकी हैं। जिससे राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।यह मार्ग बड़ी अंगुरी प्राथमिकविद्यालय से छोटी अंगुरी होते हुए बनकोट किरसिया तक जाता है।ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क लंबे समय से खराब हालत में है।लेकिन अब स्थिति और भी गंभीर हो गई है।अंगुरी गांव के निवासियों ने इस समस्या को प्रमुखता से उठाया है। वहीं कोलवा बम्हरौली आइमा गांव के निवासियों ने भी इस विषय पर चिंता व्यक्त की है।उनका कहना है,कि संबंधित विभाग से पहले भी कई बार अनुरोध किया गया।परन्तु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय नागरिकों की मांग है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग का शीघ्रता से डामरीकरण कराया जाए।ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम यातायात की सुविधा मिल सके।

# नाबालिग ने शिव मंदिर की दानपेटी से निकाले तीन हजार, दुकानदार ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**जन एक्सप्रेस । गौरीगंज अमेठी**



गौरीगंज थाना क्षेत्र के माधवपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में एक नाबालिग को दानपेटी से चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। स्थानीय दुकानदार अंकुर पांडेय की सतर्कता से यह मामला सामने आया।

जिन्होंने मौके पर ही आरोपी को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार, नाबालिग मंदिर की दानपेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे लगभग तीन हजार रुपये निकाल रहा था।इसके साथ ही वह मंदिर में लगे घंटे को भी खोलने का प्रयास कर रहा था।इसी बीच पास की दुकान पर मौजूद अंकुर पांडेय की नजर उस पर पड़ी।उन्होंने तुरंत शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग एकत्र हो गए और आरोपी को पकड़ लिया।सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिसटीम मौके पर पहुंची और नाबालिग को हिरासत में लेकर थाने ले गई। मंदिर के उपाध्यक्ष शिवम ने बताया कि पिछले कुछ समय से मंदिर में लगातार छोटी-मोटी चोरियां हो रही थीं। जिससे श्रद्धालु और स्थानीय लोग चिंतित थे। मंदिर की देखरेख करने वाले सोनू मौर्य ने कहा कि मंदिर में पहले भी कई बार दानपेटी से पैसे गायब हुए हैं। लेकिन कभी कोई आरोपी पकड़ा नहीं जा सका। इस बार आरोपी को रंगे हाथों पकड़ना संभव हुआ, जिससे लोगों में थोड़ी राहत है। गौरीगंज थाना प्रभारी श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि पकड़े गए नाबालिग से पूछताछ की जा रही है। और उसके परिजनों को भी थाने बुलाया गया है। एक ग्रामीण की ओर से इस घटना को लेकर तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन को और गंभीरता दिखानी चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# एनएसपीएस त्रिपुला में सम्मानित हुए ओलम्पियाड में सफल विद्यार्थी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में विज्ञान ओलम्पियाड फाउंडेशन (एस ओ एफ) में सफल जूनियर विंग के छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने नेशनल साइंस ओलंपियाड में गोल्ड मेडल ऑफ़ एक्सीलेंस पाकर सफल आरोही पाल, आर्यन तेजी मौर्या इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड में अभिनव सिंह, हर्षित यादव एवं इंटरनेशनल सोशल स्टडीज़ ओलंपियाड में आरोही पाल और अभिराज सिंह को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य ने ओलम्पियाड में सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालयी शिक्षा से इतर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होकर आपने स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है, हम आशा करते हैं कि आप सभी आगे भी अपनी मेहनत और लगन से ऐसे ही सफलताओं की सीढ़ियां चढ़ते रहेंगे, साथ ही उन्होंने अन्य छात्र/छात्राओं को भी ऐसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होकर सफल होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, अखिल त्रिपाठी, बी एस त्रिवेदी, रामदेव, अजय सिंह, पिंकी जायसवाल एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ज़िला चिकिन्सालय एवं ज़िला महिला चिकिन्सालय में फल वितरण



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

शुक्रवार को अखिल भारतीय मानवता का संदेश फोरम-यूनिट रायबरेली ने ज़िला चिकित्सालय एवं ज़िला महिला चिकित्सालय में फल वितरण किया। जहाँ फोरम के वॉलंटियर्स द्वारा ज़िला चिकित्सालय एवं ज़िला महिला चिकित्सालय के समस्त वार्डों में भर्ती समस्त मरीज़ों से उनका हालचाल जाना गया एवं उनमें फल वितरण किया गया। वॉलंटियर्स ने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कुछ पुलिस कर्मियों से भी मुलाक़ात की और उनमें फल वितरण का कार्य किया।

इस दौरान महिला चिकित्सालय की सीएमएस निर्मला साहू ने कहा मानवता का संदेश फोरम पिछले लम्बे समय से बिना किसी भेदभाव के मानवता की सेवा करता आ रहा है। एक दूसरे के दुःख दर्द को समझकर उसमें शामिल होना आज के समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

मुफ्ती अज़ीम ने फोरम का परिचय कराते हुए कहा विश्वविख्यात विद्वान मौलाना अली मियाँ जी के द्वारा स्थापित **अखिल भारतीय मानवता का संदेश फोरम** अपने स्थापना दिवस से ही निरन्तर देशवासियों में आपसी प्रेम, सद्भावना और सौहार्द को सुदृढ़ करते हुए देशवासियों को राष्ट्रसेवा में सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित करता आ रहा है।

इस अवसर पर मुफ़्ती अज़ीम, मोहम्मद खालिद मोहम्मद अहमद, मोहम्मद अरशद , सरफराज़ मोहम्मद आमिर आदि दर्जनों वॉलंटियर्स उपस्थित रहे।

## मई व जून माह में आयोजित होने वाली ग्राम चौपाल के लिए नोडल अधिकारी नामितः सीडीओ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने बताया है कि जनपद हेतु नामित नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव समाज कल्याण, सैनिक कल्याण विभाग उ0प्र0 शासन एल0 वेंकटेश्वर लू द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुसार ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किए जाने हेतु नोडल अधिकारी नामित करते हुए 02 माह मई व जून का रोस्टर निर्गत किया गया है। उन्होंने बताया कि नामित नोडल अधिकारी आयोजित होने वाली ग्राम चौपाल में निर्धारित तिथि को समय से उपस्थित होकर अपने पर्यवेक्षण में ग्राम चौपाल का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने एवं ग्राम में मनरेगा के कार्य मजदूरी भुगतान महिला मेट समूह की गतिविधियों यथा समूह गठन, बीओसीएलएफ, बी0 सी0 सखी, विद्युत सखी, लखपति महिला, टीएचआर प्लांट, पंचायत विभाग द्वारा वित्त आयोग की धनराशि से कराए गए समस्त कार्य, ग्राम पंचायत में लगायी गयी लाइटों, सामुदायिक शौचालय एवं व्यक्तिगत शौचालय के प्रयोग, पंचायत भवन, जल निकासी नाली, सड़क / सम्पर्क मार्ग, गोआश्रय स्थल, स्कूल भवन, स्कूल संचालन, एमडीएम, सिंचाई व्यवस्था (नहर / नलकूप), संचारी रोग, टीकाकरण, राशन वितरण, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, हर घर नल से जल, आंगनबाड़ी एवं एएनएम सेंटर, विद्युत आपूर्ति, वृद्धावस्था, निराश्रित महिला एवं दिव्यांग पेंशन तथा छात्रवृत्ति, चकमार्ग, सार्वजनिक भूमि आदि की पैमाइश तथा भूमि आदि के विवाद कार्य का सत्यापन किए जाने एवं गांव में समुचित साफ-सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित करायेंगे। ग्राम चौपाल के दौरान प्राप्त होने वाली समस्याओं का गुणवत्तापरक निस्तारण गांव में ही सुनिश्चित कराया जाये। यदि किसी विशेष कारण से समस्या का निस्तारण ग्राम चौपाल के दौरान संभव नहीं हो पाता है, तो इस सम्बन्ध में सम्बन्धित नोडल अधिकारी द्वारा अपनी आख्या में इसका विशेष रूप से उल्लेख करते हुए अपना सुझाव भी अंकित करेंगे। ग्राम चौपाल के आयोजन का समय प्रातः 11:00 बजे से चौपाल की समाप्ति तक होगा।

# 'राहुल गांधी के लम्बे प्रयासों का ही प्रतिफल है कि केन्द्र की मोदी सरकार को जातिगत जनगणना कराए जाने के लिए बाध्य होना पड़ा'

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश के सभी जनपदों में राहुल गांधी द्वारा जातिगत जनगणना कराये जाने हेतु केन्द्र सरकार को बाध्य करने के लिए किये गये प्रयासों के लिए जिला व शहर कांग्रेस कमेटी रायबरेली द्वारा **''धन्यवाद जुलूस''** कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में तिलक भवन से घंटाघर, सुपर मार्केट होते हुए बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा तक निकाला गया।

उक्त जानकारी देते हुए कार्यवाहक प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि ''धन्यवाद जुलूस'' में बड़ी संख्या में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन की उपस्थिति रही। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि जाति जनगणना से पिछड़े, अति पिछड़े वर्ग के बारे में शिक्षा, सामाजिक, राजनीति और आर्थिक स्थिति को लेकर स्पष्टता आयेगी तब सरकार भी उनके लिए और मजबूती के साथ नीतियां बना पायेगी और आवश्यकता पड़ने पर उनकी समुचित सहायता की जा सकेगी, जिलाध्यक्ष ने कहा कि जातिगत जनगणना से वंचित समूहों की पहचान होगी, इसके जरिए हाशिये पर छोड़े गये अलग-उचयअलग जातियों के समूहों की सामाजिक असामनता दूर की जा सकेगी उन्होंने कहा कि लोकसभा प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी लम्बे समय से सरकार को बाध्य कर रहे थे कि देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए, उनके प्रयासों के आगे मोदी सरकार को आखिरकार झुकना पड़ा, हम सभी अपने नेता के संघर्ष और प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते है और सरकार से अविलम्ब जातिगत जनगणना कराने की मांग करते है ताकि यह सिर्फ सरकारी घोषणा न बनकर रह जाए। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि जातिगत जनगणना से मोदी सरकार घबराई हुई थी। भाजपा सरकार और भाजपा नेताओं द्वारा इसके नुकसान गिनाये जा रहे थे, लेकिन मा.राहुल गांधी जी बराबर संसद से सड़क तक जातिगत जनगणना की मांग उठाते रहे, उनके इन्हीं प्रयासों के आगे मोदी सरकार को -हजयुकना पड़ा और जातिगत जनगणना कराने की घोषणा करनी पड़ी। धन्यवाद जुलूस में मुख्य रुप से विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ल, अतुल सिंह, हाजी इलियास, सईदुल हसन, वीरेन्द्र यादव, शूजा खान गांधी, अजीत सिंह, संतोष त्रिवेदी, नौशाद खतीब, आशीष द्विवेदी, राजकुमार दीक्षित, मनोजि तिवारी, मो. जफरूल, घनश्याम शुक्ला, अनुज सिंह, अजय सिंह, श्रीमती शैलजा सिंह, सुरेश पासी, अनुरूद्ध दीक्षित, सतीश पासवान, मनोज मिश्रा, अभय त्रिवेदी, सर्वोत्तम मिश्रा, सुनील कुमार, मनोज त्रिवेदी, आर.के.सिंह, मो.अशरफ, कामता नाथ सिंह, प्रमोद बाजपेई, कामता प्रसाद गौड़, केशन लाल लोधी, विनोद प्रताप सिंह, अरूण यादव, हाजी उस्मान, साजू नकवी, के.सी. शुक्ला, मनीष सोनकर, संजय श्रीवास्तव, सोनू खान, सै.अरशद अली, अखिलेश मिश्रा, राशिद अंसारी, मो. सुहैल, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, महेश्वर सिंह, सुमित कुमार विमल, शान जैदी, सफ्फू खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र पहुंचे कानपुर शुभम द्विवेदी के परिजनों से की मुलाकात





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

राजस्थान एवं हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र शुक्रवार को कानपुर पहुंचे। वह सुबह लखनऊ से सड़क मार्ग से चलकर 12-30 बजे हाथीपुर पहुंचे। वहां शुभम द्विवेदी के परिवार से शोक संवेदना व्यक्त की और घटनाक्रम की जानकारी ली। कलराज मिश्र ने कहा कि पहलगाम हमला कर आतंकियों ने बड़ी गलती की है, जिसके कारण पूरा देश एकजुट हो गया है।

सभी राजनैतिक दल और संगठन एक हो गए हैं। समाज के सभी वर्ग भारत सरकार से अपेक्षा कर रहे हैं कि पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाए, जिससे भविष्य में इस तरह की हरकत करने की हिम्मत न करे। पहलगाम आतंकी हमला बेहद कायराना करतूत है, जिसमें निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई। पत्नियों के सामने पति की हत्या करना और ये कहना कि जाओ मोदी को बता दो।

**बुंदेलखंड क्षेत्रीय कार्यालय में करेंगे मुलाकात**

ये दर्शाता है कि देश विरोधी ताकतों ने साजिशन घटना को अंजाम दिया और भारत सरकार को चुनौती दी। इन नृशंस हत्याओं से पूरा देश आहत है। बता दें कि कलराज मिश्र दोपहर में केशवनगर स्थित कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय कार्यालय में पदाधिकारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठजनों से मुलाकात भी करेंगे। दोपहर दो बजे लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।


## आज से बदल सकता मौसम, चलेंगी तेज हवाएं

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में आज से मौसम में बदलाव के आसार है। सीएसए के मौसम विभाग का पूर्नानुमान है कि दो से पांच मई के बीच तेज हवाएं चलेंगी। गरज-चमक के साथ बादल घुमड़ेंगे और बूंदाबांदी हो सकती है। हवाओं की रफ्तार 30 से 40 किमी प्रति घंटा हो सकती है। गुरुवार को बादलों के रहने की वजह से दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 2.9 डिग्री कम रहा है। लेकिन रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक रहा है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि बादल रहने पर न्यूनतम तापमान बढ़ जाता है।

उन्होंने बताया कि अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और पश्चिमी विक्षोभ की तरफ से आईं हवाएं अगर मिल गईं, तो प्री मानसून जैसी स्थिति हो सकती है। इससे स्थानीय स्तर पर बूंदाबांदी का अनुमान है। इसका असर कानपुर समेत आसपास के कई इलाकों में भी देखने को मिलेगा।

# नौकरी के नाम पर करोड़ों की ठगी






**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सरकारी विभाग में नौकरियां निकली हैं। केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान का पीए हमारा करीबी है। उससे एक बार कह देंगे तो, जितनी चाहोगे नौकरी लग जाएगी। हर नौकरी का आठ लाख रुपये लगेगा। कुछ इसी अंदाज में लोगों को अपनी बातों में फंसा करोड़ों की ठगी करने वाले शातिर रितेश सिंह को साइबर क्राइम पुलिस ने झारखंड के बोकारो से गिरफ्तार किया है। वह वहां के अपार्टमेंट में रह रहा था।

उस पर चकेरी थाने में 50 लाख ठगी के तीन मामले दर्ज हैं। उसकी चार साल से तलाश थी। देहली सुजानपुर के भवानीनगर क्षेत्र के चन्द्रमा प्रसाद सिंह के अनुसार अगस्त 2018 में उनके दामाद का दोस्त रितेश सिंह और उसका साथी न्यू आजाद नगर निवासी विनोद कुमार सिंह उनके घर आए। दोनों ने बातचीत के दौरान कहा कि मंत्री कोटे से कुछ नौकरियां निकलीं हैं।

### आठ लाख के हिसाब से 24 लाख का खर्च बताया

मंत्री राम विलास पासवान के पीए से उनके काफी अच्छे संबंध हैं। उनसे कहकर आसानी से नौकरियां लगवाई जा सकती है। उन्होंने दो बेटियों आकांक्षा व पारुल और भांजे अमित कुमार चौधरी की नौकरी की बात की तो आरोपियों ने आठ लाख के हिसाब से 24 लाख रुपये का खर्च बताया। उनकी बात पर भरोसा कर अलग-अलग तारीखों में 20 लाख रुपये बताए हुए खातों में ट्रांसफर कर दिए, जबकि शेष चार लाख रुपये नियुक्ति पत्र मिलने के समय देना तय हुआ।

### साक्षात्कार को बुलाया दिल्ली, फर्जी निकला नियुक्ति पत्र

चन्द्रमा प्रसाद के अनुसार रितेश और विनोद ने 15 अक्तूबर 2018 को दोनों बेटियों और भांजे को दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार के लिए दिल्ली बुलाया। वहां तीस हजारी एफसीआई कैंपस के कार्यालय में दस्तावेज जमा करवाए। कुछ दिन बाद डाक से तीन पत्र आए। उनके दिए दिल्ली के पते पर नियुक्ति के लिए जब तीनों पहुंचे, तो वहां ऐसा कोई कार्यालय मिला ही नहीं। ठगी का अहसास होने पर उनसे रुपये वापस मांगे तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### सेना में भी नौकरी का झांसा देकर की थी ठगी

केडीए कॉलोनी निवासी प्रदीप कुमार के अनुसार अगस्त 2018 में दोस्त प्रवीन कुमार ने बताया कि उसके कुछ रिश्तेदारों की सरकारी नौकरी लगने की बात चल रही है। उनके परिचित विनोद कुमार सिंह व रितेश कुमार केंद्रीय मंत्री के पीए के करीबी हैं और नौकरी लगवा रहे हैं। उनसे मुलाकात हुई तो उन लोगों ने आठ लाख रुपये मांगे। उनके बताए खातों में रुपये ट्रांसफर करने के बाद उन्हें साक्षात्कार के बाद जो ज्वॉइनिंग लेटर मिला वह फर्जी निकला। बाद में पता चला आरोपियों ने इसी तरह कई लोगों से लाखों की ठगी की है। अपार्टमेंट के सामने बैठकर की रेकी तब पकड़ा साइबर क्राइम टीम के अनुसार आरोपी रितेश सिंह के खिलाफ 2021 में चकेरी थाने में कई रिपोर्ट दर्ज हुईं थीं। इसकी विवेचना टीम को मिली थी। पीड़ितों ने आरोपियों के फोटोग्राफ, मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए थे। मोबाइल नंबर पहले स्विच ऑफ रहे। बाद में पहुंच से बाहर बताने लगे। कॉल डिटेल निकाली गई, तो उनमें से कुछ नंबर संदिग्ध पाए गए। ट्रेस होने से पहले ही शातिरों ने उनका इस्तेमाल बंद कर दिया था।

### बोकारो स्थित अपार्टमेंट में रहने की जानकारी हुई

उन नंबरों के बंद होने से पहले उनकी लोकेशन झारखंड के जामताड़ा और उसके आसपास की निकली। 15 अप्रैल को टीम वहां पहुंची, लेकिन उनकी सटीक लोकेशन नहीं मिल सकी। एक इंस्पेक्टर के वहां के परिचित दरोगा ने वहां के मुखबिरों को इस काम में लगाया, जिस पर आरोपी के बोकारो स्थित अपार्टमेंट में रहने की जानकारी हुई। वह आठवीं मंजिल पर रह रहा था।

### आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

पुलिस ने अपार्टमेंट के सामने चोखा-बाटी की दुकान पर डेरा जमाया। वहां के लोगों से पता चला कि वह बाहर गया है, जबकि परिवार अपार्टमेंट में हैं। उसके आने का इंतजार किया गया। सात दिन बाद सुबह जब वह दूध लेने नीचे आया तो उसे दबोच लिया। एडीसीपी क्राइम अंजली विश्वकर्मा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर अनिल के नेतृत्व में टीम ने उसे पकड़ा है। वह चार साल से वांछित था।

# आईआईटी कानपुर को मिला है यमुना की सफाई के लिए एआई विकसित करने के




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि आईआईटी कानपुर को यमुना की सफाई के लिए एआई टेक्नोलॉजी विकसित करने का काम सौंपा गया है। साथही, भीड़भाड़ मैनेजमेंट करने और अन्य शहरी चुनौतियों को दूर करने का काम भी मिला है।

शुक्रवार को कहा कि मंत्री प्रधान ने दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल इनिशिएटिव (डीईवीआई) के तहत 400 नई इलेक्ट्रिक बसों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली पहला शहर होगा, जो कचरा प्रबंधन सहित शहरी चुनौतियों का समाधान करने के लिए भारत और विदेशों में विकसित की जा रही अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लाभान्वित होगा।

**एआई संचालित सॉल्यूशसं पर काम कर रहा है आईआईटी कानपुर**

उन्होंने कहा कि न केवल आईआईटी कानपुर द्वारा विकसित टेक्नोलॉजी बल्कि दुनिया भर से आने वाले लेटेस्ट इनोवेशंस का भी हम सबसे पहले दिल्ली में उपयोग करेंगे। यमुना की सफाई हमारी प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी दोनों है। आईआईटी कानपुर यमुना की सफाई और वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एआई संचालित सॉल्यूशसं पर काम कर रहा है।

### बैशाख उत्सव के समापन पर 11 बटुकों का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। गुप्तार घाट स्थित गुप्तेश्वर धाम मंदिर में गुरुवार को तीन दिवसीय बैशाख उत्सव के समापन समारोह के दौरान 11 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार किया गया। यह आयोजन बैशाख शुक्ल चतुर्थी पर स्वामी हंसानंद सार्वजनिक सत्संग और आध्यात्मिक सेवा न्यास की ओर से किया गया। भगवान परशुराम जन्मोत्सव से शुरू हुए कार्यक्रम में सबसे पहले उनके विग्रह का शास्त्रीय विधान से पूजन किया गया। पं. हरि की अध्यक्षता में गुरुकुल के ब्राह्मणों ने अखंड रामचरित मानस के पाठ का वाचन किया।

# मुख्तारुल अमीन आईसीसी नार्थ इंडिया के चेयरमैन बने

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर के प्रमुख चमड़ा कारोबारी और निर्यातक मुख्तारुल अमीन इंडियन चैंबर ऑफ कामर्स (आईसीसी) नार्थ इंडिया के चेयरमैन और आईसीसी विशेषज्ञ समिति के सदस्य चुने गए हैं। इंडियन चैंबर ऑफ कामर्स के 11 कार्यालय कोलकाता, नई दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई, गुवाहाटी, भुवनेश्वर, पटना, रांची, सिलीगुड़ी और अगरतला में है।

आईसीसी के 27 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि कार्यालय सऊदी अरब, यूएई, ग्रीस, इटली, यूके, मॉरीशस, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, यूएसए, लैटिन अमेरिका, फ्रांस, कनाडा, कुवैत आदि देशों में हैं। 1925 में स्थापित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स का मुख्यालय कोलकाता में है। आईसीसी पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में व्यापार और उद्योग का प्रमुख निकाय है। चैंबर के सदस्यों में देश के कई सबसे बड़े कॉर्पोरेट समूह शामिल हैं। आईसीसी की खूबी भविष्य की जरूरतों का अनुमान लगाने, चुनौतियों का जवाब देने और अर्थव्यवस्था में हितधारकों को इन बदलावों और अवसरों से लाभ उठाने के लिए तैयार करना है। मुख्तारुल अमीन राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम इंटरनेशनल के निदेशक मंडल में भी शामिल हैं। सुपर हाउस ग्रुप के चेयरमैन मुख्तारूल अमीन लेदर सेक्टर स्किल काउंसिल (एलएसएससी) के चेयरमैन भी हैं।

# एक और आउटर रिंग रोड, गंगा पर चार नए पुल बनेंगे, 1.32 करोड़ से होगा विकास

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




कानपुर शहर के चारों तरफ बन रही 93.20 किलोमीटर की रिंग रोड के बाहर एक और आउटर रिंग रोड बनेगी। 124 किलोमीटर की इस रोड से चौबेपुर से अचलगंज (उन्नाव) तक का क्षेत्र जुड़ेगा। विजन-2051 के तहत तैयार की गईं 105 परियोजनाओं में रैपिड रेल, एयरपोर्ट विस्तार, सड़क चौड़ीकरण, सात मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण, टाउनशिप से लेकर व्यावसायिक हब शामिल हैं। इनकी अनुमानित लागत 1,32,000 करोड़ रुपये है। बुधवार को केडीए ने इस विजन डाक्युमेंट को नगर निगम, एनएचएआई सहित अन्य संबंधित विभागों को भेजना शुरू कर दिया। संबंधित विभागों के सुझावों को शामिल करते हुए डाक्युमेंट को स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। केडीए ने कंसलटेंट कंपनी ट्रैक्टेबेल से विजन डाक्युमेंट-2051 तैयार कराया है।

सन् 2051 में शहर की संभावित 78 लाख की आबादी की जरूरतों के हिसाब से इसे चार साल में तैयार किया गया है। लगातार बढ़ रही आबादी के लिए आवास, सुगम यातायात, रोजगार के नए संसाधन उपलब्ध कराने आदि बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए इसे तैयार किया गया है।

विजन-2051 में तब तक होने वाली 78 लाख आबादी को सुगम यातायात उपलब्ध कराने का खाका खींचा गया है। इसके लिए कानपुर-लखनऊ के बीच रैपिड रेल, अहिरवां एयरपोर्ट का विस्तार करने के साथ ही कारगो सेवा शुरू कराने की जरूरत पर जोर दिया गया है। मेट्रो रेल को आईआईटी से मंधना, पनकी से कैंट सहित विभिन्न नए रूटों में 74.92 किलोमीटर विस्तार की प्लानिंग है।

शहर के चारों तरफ एक और आउटर रिंग रोड का खाका खींचा गया है। यह मौजूदा समय में निर्माणाधीन 93.20 किलोमीटर से 30.8 किलोमीटर अधिक होगी। यह चौबेपुर से शुरू होकर भिसार, बिधनू से लेकर अचलगंज (उन्नाव) तक बनेगी। इस पर भी गंगा में चार-चार लेन के दो पुल बनेंगे। इनके अलावा गंगा में दो अन्य पुलों का प्रावधान किया गया है। यातायात को सुगम बनाने के लिए पनकी तिराहे से कल्याणपुर तक छह-लेन रोड, चौबेपुर-बिठूर-मौनीघाट मार्ग चौड़ीकरण, भौंती-रमईपुर चार लेन मार्ग, रामादेवी-सरसौल छह-लेन मार्ग सहित कई अन्य महत्वपूर्ण सड़कों के चौड़ीकरण की योजना बनाई गई है।

लगातार बढ़ते वाहनों और मनमाने तरीके से सड़कों तक में हो रही पार्किंग की समस्या से निजात के लिए शहर में सात मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण का खाका खींचा गया है। ये पार्किंग मॉल रोड, कालपी रोड, गुमटी नंबर-5, हालसी रोड, घंटाघर आदि में बनेंगी। इन पार्किंगों को मैकेनाइज्ड कार पार्किंग के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया है।

विजन - 2051 के तहत शहर के विस्तार, सुनियोजित विकास, सुगम यातायात आदि के लिए 105 परियोजनाओं का खाका खींचा गया है। इनमें से 36 परियोजनाएं शॉर्ट टर्म हैं, जिन्हें पांच साल में पूरा करना है। इसी तरह 38 परियोजनाएं मीडियम टर्म की हैं, जिन्हें छह से 10 साल में पूरा करना है। शेष 31 लॉग टर्म परियोजनाएं हैं, जिन्हें 2051 तक पूरा करने लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## बिजली के तार की चिंगारी से 30 बीघे नरई जली



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में अलियापुर गांव में गुरुवार की सुबह बिजली का तार टूटने से निकली चिंगारी से गेहूं की हार्वेस्टर से कटी नरई (अवशेष) में आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक करीब 30 बीघे की नरई राख हो चुकी थी।

हालांकि समय से आग पर काबू पाने से अगल-बगल के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल बच गई। तहसीलदार लक्ष्मी नारायण बाजपेई ने बताया कि आग से गेहूं की फसल को नुकसान नहीं हुआ है, सिर्फ नरई जली है। इसका मुआवजा नहीं बनता, इसलिए आंकलन नहीं कराया गया है।

# आयुध निर्माणी के दो कर्मचारी निलंबित, प्रभारी का तबादला

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

आयुध निर्माणी कानपुर (ओएफसी) में कोलकाता जाने के बाद भी कर्मी की हाजिरी लगते रहने के मामले में निर्माणी प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई ही है। प्रारंभिक जांच के बाद दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। विभाग प्रभारी का तबादला कर दिया गया है। साथ ही हाजिरी की व्यवस्था भी बदल दी गई है।

निर्माणी के सेंट्रल टूल रूम (सीटीआर) सेक्शन में काम करने वाला ऑपरेटर अतनु चक्रवर्ती आठ से 11 अप्रैल 2025 तक कोलकाता में था, लेकिन पंचिंग कार्ड से दूसरा साथी अरविंद सिंह उसकी हाजिरी लगाता रहा। 12 अप्रैल को भी गेट पर उसकी इंट्री दिखाई गई थी।

विभागीय जांच भी कराई जा रही है इस दौरान नाइट ड्यूटी इंचार्ज ने मामला पकड़ा था। उन्होंने देखा कि हाजिरी रजिस्ट्री पर कर्मचारी के हस्ताक्षर तो हैं लेकिन वह मौके पर कहीं नहीं है। निर्माणी के कार्यकारी निदेशक आलोक कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच के बाद दोनों कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। विभागीय जांच भी कराई जा रही है।

### कोरोना काल में बंद कर दी गई थी बायोमीट्रिक हाजिरी

सीटीआर अनुभाग प्रभारी राजेश सिंह का विभाग भी बदल दिया गया है। अब कर्मचारियों की बायोमीट्रिक हाजिरी लगेगी।

बता दें, कोरोना काल में बायोमीट्रिक हाजिरी बंद कर दी गई थी।

वहीं, हाल ही में आईएसआई एजेंट से बातचीत और संवेदनशील जानकारी साझा करने मामले में यूपी एटीएस ने जूनियर वर्क्स मैनेजर विकास कुमार को गिरफ्तार किया था।

# जीटी रोड के डिवाइड पर युवतियों ने बनाई रील, नजदीक ही है पुलिस पिकेट प्वाइंट

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



युवाओं में इस समय रील बनाने का बुखार चढ़ा हुआ है। कोई बाइक पर खड़े होकर स्टंट कर रहा है, तो कोई नदी किनारे वीडियो बना रहा है। ताजा मामला कानपुर के कल्याणपुर थानाक्षेत्र का है जहां दो युवतियों का कल्याणपुर मेट्रो स्टेशन के पास बीच सड़क डांस करते हुए दो वीडियो वायरल हुए हैं। जिस जगह के वीडियो हैं, उसके नजदीक ही पुलिस पिकेट प्वाइंट बना हुआ है। वीडियो में कल्याणपुर मेट्रो स्टेशन स्पष्ट दिखाई दे रहा है। अगल-बगल डांस देखने के लिए लोगों की भीड़ होने के बावजूद कोई पुलिस कर्मी दिखाई नहीं दे रहा। अमर उजाला इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। कल्याणपुर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि इस तरह रोड पर रील बनाना गलत है। इससे सड़क पर हादसा भी हो सकता है। वीडियो की जांच कर युवती को हिदायत दी जाएगी। उस दौरान जो पुलिस कर्मी तैनात थे, उनसे भी पूछताछ की जाएगी।

### पति बोला आत्महत्या करने जा रहा हूं

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कल्याणपुर में दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर दस दिन से मायके में रह रही नवविवाहिता ने पति से ससुराल जाने के लिए मना कर दिया। फिर पति ने कॉल कर आत्महत्या करने जाने की बात कही। नवविवाहिता जब तक कुछ कर पाती तब तक ननद ने उसके जान देने की पुष्टि कर दी। सदमे में आई नवविवाहिता कमरे में गई और दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक ने जांच पड़ताल की। कल्याणपुर में ए 15 एल्डिको काउंटी निवासी रुचि कुमार (25) के पिता जुगुल किशोर और मां संतोष का देहांत हो चुका है।

## फंदे पर लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सचेंडी थानाक्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव फंदे पर लटकता मिला। परिजनों ने गांव के ही एक परिवार पर पीट-पीटकर हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच करने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साकेतनगर रेवरी निवासी सोनू उर्फ राम सिंह (35) मजदूरी करता था। बड़े भाई ने बताया कि वह पांच भाइयों में तीसरे नंबर का था। रेवरी के एक परिवार से उन लोगों से जमीन का विवाद काफी समय से चलता आ रहा है। बताया कि 27 अप्रैल को भी उन्हीं लोगों ने जान से मारने की धमकी दी थी। उनका भाई बगल के कमरे में अकेले रहता था। आरोप है कि उन्हीं आरोपियों ने बुधवार देर रात पीट-पीटकर हत्या करने के बाद शव को फंदे से लटकाकर आत्महत्या का रूप दे दिया। गुरुवार सुबह जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आया तो अंदर जाने पर उसका शव।

# पूर्व छात्र विवि के विद्यार्थियों को दिखाएं कामयाबी की राह

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विवि में एलुमनाई एसोसिएशन की ओर से विजन सीएसजेएमयू - रोल ऑफ एलुमनी इन द हॉलिस्टिक डेवलपमेंट ऑफ यूनिवर्सिटी विषय पर गोष्ठी हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि विवि के पूर्व छात्र राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत कई प्रमुख पदों पर तक पहुंचे हैं। पूर्व छात्र विवि के वर्तमान छात्रों को कामयाबी की राह दिखाएं। इसके लिए उन्हें नियमित रूप से विवि में कांफ्रेंस, वर्कशॉप या अन्य माध्यमों से जुड़ना होगा। आगरा विवि के पूर्व कुलपति प्रो. अरविंद दीक्षित ने कहा कि पूर्व छात्रों की कमेटी बनाकर उन्हें दायित्व सौंपे जाएं। डॉ. एएस प्रसाद ने कहा कि वर्तमान में छात्रों की मानसिक स्थिति को देखते हुए हेल्थ एंड वेलनेस के कार्य किए जाएं। कार्यक्रम में डॉ. उमेश पालीवाल, डॉ. अवध दुबे, डॉ. बीडी पांडेय, सीए अर्जित गुप्ता, सीडीसी निदेशक प्रो. आरके द्विवेदी ने भी सुझाव दिए। रजिस्ट्रार डॉ. अनिल कुमार यादव ने पूर्व छात्रों से वर्तमान छात्रों को रोजगार व इंटर्नशिप उपलब्ध कराने में मदद करने की बात कही। इस मौके पर डॉ. सिधांशु राय, डॉ. विवेक सचान, सुशील मिश्रा, डॉ. ओमप्रकाश आनंद, डॉ. एसके अग्रवाल, शुभांक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# 1100 किमी के सफर में भूख से बिलख रहे मासूम को मिला दूध

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



पटना के बख्तियारपुर से आनंद विहार जा रही स्पेशल ट्रेन में लगभग 1100 किलोमीटर की यात्रा कर रहा मासूम भूख से बिलख उठा। उसके रोने और चीत्कार करने से अन्य यात्री भी बेचैन उठे। उसे कभी गोदी में उठाया तो कभी प्यार से पुचकारा, लेकिन बच्चा चुप नहीं हुआ। उसका बिलखना सुन आरपीएफ स्टाफ ने हेल्पलाइन नंबर 139 पर कॉल करने के लिए कहा। पिता के कॉल करने पर ट्रेन जब गोविंदपुरी स्टेशन पहुंची तो बच्चे को दूध मिला।

हरियाणा में फरीदाबाद के दुर्गा विहार लखनपुर निवासी उत्तम गुप्ता, पत्नी स्वीटी और एक वर्षीय बेटे संग बख्तियारपुर स्टेशन से आनंद विहार टर्मिनल जाने के लिए स्पेशल ट्रेन में सवार हुए।

ट्रेन निर्धारित समय से तीन घंटे की देरी से चल रही थी। प्रयागराज स्टेशन के पास बच्चा भूख से बिलखने लगा। पिता ने हेल्प लाइन नंबर पर कॉल की। ट्रेन जैसे ही गोविंदपुरी स्टेशन पर पहुंची तो बी थ्री कोच में बच्चे को दूध मिल गया। परिवार ने बच्चे को सिर्फ गाय का दूध पीने की जानकारी दी।

आरपीएफ स्टाफ ने गाय का दूध मुहैया कराया।

आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि ट्रेन लेट चल रही थी। परिवार के पास दूध था, लेकिन गर्मी की वजह से संभवतः खराब हो गया।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# आईना और अतीत

## जब पहचान डीएनए से झाँकती है

**हम इतिहास को पुरानी किताबों और टूटी कब्रों में तलाशते हैं, मगर सबसे प्राचीन कथा तो हमारे जीन की कोशिकाओं में साँस लेती है। जब कोई बच्चा बिना सिखाए अनोखा हुनर दिखाता है, और माँ-बाप मुस्कुराते हुए कहते हैं, ये तो दादाजी पर गया है वे अनजाने में उस वंशानुगत स्मृति को आवाज़ दे रहे होते हैं। यह स्मृति सिर्फ़ गुणों की नहीं, भावनाओं की भी गवाह है। विज्ञान खुलासा करता है कि जिनके पूर्वज भुखमरी, गुलामी, या युद्ध जैसे कष्टों से गुज़रे, उनके वंशजों में बिना कारण चिंता या भविष्य की आशंका ज़्यादा देखी जाती है।**

*कभी रात की गहरी ख़ामोशी में एक अनजानी धुन आपके दिल को थाम लेती है? कोई पुरानी गंध, कोई धुंधली सी छवि, या किसी पत्थर का ठंडा स्पर्श आपको अचानक ऐसी स्मृतियों में खींच ले जाता है, जो आपकी नहीं, फिर भी आपसे जुदा नहीं। जैसे कोई अनदेखा रिश्ता, कोई सदियों पुराना बंधन आपके जीन में साँस ले रहा हो। यह कोई ख़याल नहीं, कोई संयोग नहीं यह आपके डीएनए का वह अमर गीत है, जो हज़ारों सालों से गूंज रहा है। आपके खून में, आपके हर कोशिका में, एक ऐसा इतिहास लिखा है, जो न सिर्फ़ आपके पूर्वजों का है, बल्कि आपके होने की वजह है। तो चलिए, एक ऐसी यात्रा पर, जो न सिर्फ़ रोमांच से भरी है, बल्कि हमें हमारे वजूद की गहराइयों में ले जाती है वहाँ, जहाँ हम सिर्फ़ इंसान नहीं, बल्कि एक जीवंत महाकाव्य हैं। हम इतिहास को किताबों की धूल भरी पन्नों में, टूटी-फूटी मूर्तियों में, या पुराने क़िलों की दीवारों पर खोजते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा कि सबसे सच्चा, सबसे ज़िंदा इतिहास आपके भीतर धड़क रहा है? आपके खून का हर कतरा सिर्फ़ ज़िंदगी नहीं ढोता – वह सदियों के प्रेम, संघर्ष, हँसी, और आँसुओं का ख़ज़ाना है। यह खून किसी राजा का हो सकता है, जो सोने के तख़्त पर बैठकर दुनिया जीतने के सपने देखता था। यह किसी जंगल के शिकारी का हो सकता है, जो चाँदनी रात में तीर साधता था। यह किसी रेशमी साड़ी में लिपटी रानी का हो सकता है, या किसी किसान का, जिसने सूरज की तपिश में खेतों को अपने पसीने से सींचा। विज्ञान इसे ÷जीनोमिक इनहेरिटेंस÷ का नाम देता है, लेकिन यह उससे कहीं ज़्यादा है – यह एक ऐसी कहानी है, जो आपके जीन में लिखी है, और हर पल आपके ज़रिए जी रही है। आज की जेनेटिक्स ने एक चौंकाने वाला राज़ खोला है- हमारी भावनाएँ, हमारी आदतें, यहाँ तक कि हमारे डर भी, हमारे पूर्वजों की देन हैं। इसे एपीजेनेटिक मेमोरी कहते हैं – स्मृतियाँ, जो दिमाग में नहीं, बल्कि जीन में बसी होती हैं। शोध बताते हैं कि हमारे पुरखों ने जो दर्द, जो आघात झेले – युद्ध की त्रासदी, भुखमरी की पीड़ा, या उत्पीड़न का ज़ख़्म – वे जीन के ज़रिए हम तक पहुँचते हैं। 2018 में नेचर जर्नल में छपा एक अध्ययन कहता है कि तनाव झेलने वाले चूहों के बच्चों में बिना किसी कारण चिंता के लक्षण दिखे। इंसानों पर हुए शोध, जैसे हॉलैंड के हंगर विंटर (1944-45) के अध्ययन, बताते हैं कि भुखमरी से गुज़री माताओं के बच्चों में मधुमेह और हृदय रोगों का ख़तरा बढ़ा। लेकिन यह सिर्फ़ शरीर की बात नहीं – यह भावनाओं की विरासत है। अगर आपके परनाना ने किसी युद्ध में अपने प्रियजनों को खोया, तो उस दर्द की हल्की सी गूँज आज भी आपके भीतर कहीं ज़िंदा है। यह विचार दिल दहलाने वाला है या रोमांच से भरा? शायद दोनों। क्योंकि इसका मतलब है कि हम सिर्फ़ अपने नहीं– हम अपने भीतर अनगिनत अनजाने चेहरों की स्मृतियों का खज़ाना लिए घूमते हैं। कभी बेवजह का डर, किसी रंग या सुगंध से अनजाना लगाव, किसी आवाज़ से बेचैनी–ये सब उस गुज़रे ज़माने के चिन्ह हो सकते हैं, जो हमारे जीन में अब भी साँस लेते हैं। जब आप किसी अनजानी ज़मीन पर खड़े होकर महसूस करते हैं, ÷मैं यहाँ पहले आ चुका हूँ,÷ तो शायद यह आपका डीएनए है, जो आपको आपके पूर्वजों की की ज़मीन से जोड़ रहा है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**अब दुनिया भी स्वीकारने लगी है कि पाकिस्तान आतंक की प्रयोगशाला है। उसकी इस नर्सरी एवं आतंक की खेती का उद्देश्य भारत की तबाही ही है। भारत को कभी तो जबाव देना ही था, अब भारत ने कमर कसी है तो पाकिस्तान परमाणु बम से हमले की धमकी, सिंधु नदी को रक्त से भरने तथा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीय करण जैसी गिदड़ धमकियों पर उतर आया है। अब तो भारत के राजनीतिक दलों, नेताओं एवं संकीर्ण मानसिकता वाले लोगों को पाकिस्तान के प्रति अपनी सोच को बदलना चाहिए। अब पाकिस्तान के लिये स्थिर पड़ोसी का विचार छोड़कर रणनीतिक विखंडन के जरिये क्षेत्रीय परिदृश्य को नया आकार देना समय की जरूरत है।**

# बेतुके बयानों से बचें एवं राजनीतिक सहमति कायम रखें



**ललित गर्ग**

**आज सरकार, विपक्ष और नागरिकों के सामने एक बड़ी चुनौती है कि वे ऐसा कुछ न करें, जिससे सांप्रदायिक संघर्ष फैले। सीमाओं पर लड़ने की ताकत देश के भीतर के इन संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक एजेंडे में खप जायेगी तो हम केवल उस एजेंडे को ही आगे बढ़ा रहे होंगे, जो आतंकवादियों एवं पाकिस्तान का मकसद है- भारत को विभाजित करना।**

पहलगाम की बर्बर आतंकी घटना ने भारत की आत्मा पर सीधा हमला किया है, इसमें पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका को देखते हुए देश की एक सौ चालीस करोड जनता चाहती है कि अब पाकिस्तान को सबक सीखाना जरूरी हो गया है, नरेन्द्र मोदी सरकार ने भी इसे गंभीरता से लिया और पाकिस्तान के खिलाफ कठोर एक्शन लेते हुए सिंधु जल को रोकने जैसे पांच कदम उठाये। दोनों ही देशों के बीच युद्ध की स्थिति बनी है, यह पहली बार देखने को मिला है कि इस घटना को लेकर कश्मीर सहित समूचा देश एक दिखाई दे रहा है। ऐसे क्रूर, आतंकी एवं अमानवीय हमले के वक्त में पूरा देश दुख और गुस्से की मनःस्थिति से गुजर रहा है, जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने शांति और सांप्रदायिक सद्भाव का एक सशक्त संदेश दिया है। सभी राजनीतिक दल, जाति, वर्ग, धर्म के लोग पाकिस्तान को करारा जबाव देने के लिये मोदी सरकार के हर निर्णय में सहयोगी होने का संकल्प व्यक्त किया है, बावजूद इसके कुछ नेताओं के ओछे, बेतुके एवं अराष्ट्रीय बयान भी सामने आए हैं, जिनको सुनकर इन नेताओं के मानसिक दिवालियेपन, औछेपन एवं विध्वंसक राजनीतिक सोच पर क्रोध भी आता है एवं तरस भी आता है। निश्चित ही ये बयान जहां अंधविरोध की घोर नकारात्मक एवं संकीर्ण राजनीति को दर्शाते है, वहीं कुछ वोट बैंक की सस्ती राजनीति को उजागर करते हैं। भाजपा नेताओं को भी यह ध्यान रखना होगा कि उनकी ओर से ऐसा कुछ न कहा-किया जाए, जिससे यह लगे कि वे पहलगाम की घटना का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। जब राष्ट्र संकट एवं जटिल दौर में हो, किसी का राजनीतिक हित देशहित से बड़ा नहीं हो सकता। अनर्गल, बेतुके एवं राष्ट्र-विरोधी बयानों ने एक बार फिर कुछ नेताओं एवं दलों की घटिया सोच को बेनकाब किया है। जबकि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने पहलगाम की बर्बर आतंकी घटना पर अपने नेताओं के बेतुके बयानों का संज्ञान लिया और यह निर्देश दिया कि वे इस हमले पर पार्टी लाइन के हिसाब से ही बोलें। ऐसे निर्देश देना इसलिए आवश्यक हो गया था, क्योंकि उसके कई बड़े नेता और यहां तक कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री भी बेलगाम होकर यह कह गए कि हम युद्ध के पक्ष में नहीं। वहीं के एक मंत्री एवं नेता ने तो कहा कि आतंकियों के पास इतना समय कहां होता है कि वह किसी को मारने से पहले उसका धर्म पूछें। इसी तरह का बयान महाराष्ट्र के कांग्रेस विधायक ने भी दिया। हद तो यह हो गई कि जब यह भी बोला गया कि जो महिला कह रही है कि उसके पति को मारने से पहले उनसे उनका धर्म पूछा गया, उसने अपना होशोहवास खो दिया होगा। एक अन्य कांग्रेस नेता ने यह बेतुकी बात कही कि पाकिस्तान भाजपा और आरएसएस का दुश्मन होगा, कांग्रेस का नहीं? ऐसे बयान केवल संवेदनहीन और पहलगाम हमले से क्षुब्ध देशवासियों का खून खौलाने वाले ही नहीं, आतंक को खाद-पानी देने वालों के मन की मुराद पूरी करने वाले भी हैं। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने अपने विवादित बयान में कहा कि इस घटना से किसे फायदा हो रहा है और कौन हिंदू-मुस्लिम कर रहा है इसका जवाब हमला करने वाले के पास ही है। टिकैत ने जोर देकर कहा कि असली चोर पाकिस्तान में नहीं बल्कि भारत में ही मौजूद है। टिकैत अपने औछे, घटिया एवं उच्छृंखल बयान के साथ यह उदाहरण भी दिया कि जब गांव में किसी की हत्या होती है, तो पुलिस सबसे पहले उसे पकड़ती है, जिसे जमीन मिलने जैसा फायदा होता है। पाकिस्तान के लिये पानी रोकने के निर्णय पर उनका यह कहना कि पानी पर सभी जीव-जंतुओं का अधिकार है, यह सबको मिलना चाहिए। ऐसा कहकर उन्होंने भारत-विरोधी विचार ही दिया है। बिजनसमैन एवं गांधी परिवार के जवाई रॉबर्ट वाड्रा के पहलगाम हमले पर विचार भले ही चौतरफा आलोचना के बाद बदल गए हैं। लेकिन उन्होंने भी इस आतंकवादी हमले के लिए मोदी सरकार और हिंदुत्व को जिम्मेदार ठहराया था। राष्ट्रीय हितों पर चोट करने और देश की एकजुटता को प्रभावित करने वाले ये बयान यही नहीं बताते कि राजनीतिक कटुता के चलते नेतागण संवेदनशील मामलों में भी बोलते समय अपने विवेक का परित्याग कर देते हैं, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उन्हें राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर भी पार्टी लाइन की कोई परवाह नहीं रहती। उनके लिये पार्टी देश से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है, जिन भी दलों के नेता पहलगाम की घटना पर अनर्गल बयान दे रहे हैं और जिसके चलते सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति आहत हो रही है, उन पर लगाम लगे। पहलगाम आतंकी हमला पहला मौका है, जब विपक्ष 'किसी भी जवाबी कार्रवाई' के लिए मोदी सरकार के साथ खड़ा दिख रहा है। उड़ी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा हमले के बाद एयर स्ट्राइक के सुबूत मांगने वाले विपक्ष के रुख में यह बड़ा बदलाव है। सबसे बड़े लोकतंत्र की राजनीति के लिए यह निश्चय ही सकारात्मक संकेत भी है। संसदीय लोकतंत्र में सरकार बहुमत से बनती है, लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों की भूमिकाएं महत्वपूर्ण रहती हैं। बेशक पहलगाम में सुरक्षा चूक पर जवाब मांगने का राजनीतिक अधिकार विपक्ष को है, क्योंकि चूक तो हुई ही है, लेकिन सहमति के लिए संवाद और समन्वय की प्रक्रिया जारी रहनी जरूरी है। यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि राजनीति देश के लिए होनी चाहिए, देश की कीमत पर नहीं। अलग-अलग दलों से होने तथा कई मुद्दों पर नीतिगत मतभेदों के बावजूद प्रधानमंत्री नरसिंह राव, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर और नेता प्रतिपक्ष अटल बिहारी वाजपेयी ने परस्पर सम्मान भाव वाले रिश्तों से संवाद, सौहार्द, समझ तथा समन्वय की जो मिसाल पेश की, वह दलगत राजनीति में वर्तमान सन्दर्भों में मार्गदर्शक बन सकती है। एक-दूसरे को देशविरोधी मानने की मानसिकता से मुक्त होना होगा और परस्पर कटुता के बजाय सम्मान का भाव जगाना होगा। अपेक्षा की जाती है कि अपनी-अपनी राजनीतिक विचारधारा पर अडिग रहते हुए भी वे राष्ट्रहित के मुद्दों पर सहमति के साथ आगे बढ़ें, कायम रहे राजनीतिक सहमति ताकि देश चुनौतियों एवं संकटों का सामना प्रभावी एवं सफलतापूर्वक कर सके। विडम्बना तो यह है कि भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय दबाव के आगे लाचार हुए पाकिस्तान के सत्ताधीशों ने स्वीकार किया कि वे पिछले तीस साल से आतंक की फसल सींच रहे थे। भारत ने पूरी दुनिया को मुंबई के भीषण हमले, संसद पर हुए हमले तथा पुलवामा से लेकर उड़ी तक की आतंकवादी घटनाओं में पाक की संलिप्तता के मजबूत सबूत बार-बार दिए।



**कश्मीर एवं देश में मुस्लिम समाज ने पहलगाम की घटना का जिस तरह विरोध किया, काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी और कहा कि इस घटना ने इस्लाम को बदनाम किया है, वह स्वागतयोग्य है। देश में आगे भी सद्भाव बना रहे, यह देखना सभी समुदायों की जिम्मेदारी है।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्टी 07:52 तक |
| नक्षत्रः | पुनर्वसु 12:33 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | शूल, 25:40 |
| सूर्योदयः | 05:40 |
| सूर्यास्तः | 18:56 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 08:59-10:38 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | वैशाख |
| शुभ मुहूर्तः | 11:54-12:42 |

## जन एक्सप्रेस

### टिप्पणी का काल !

*चल रहा है आजकल ।*
*टिप्पणी का काल ।।*
*बोलना है कुछ भी ।*
*अब हमको हर हाल ।।*
*ना भाती खामोशी ।*
*करे भावना शोर ।।*
*हैं बैठे हम पद पर ।*
*करे कोई गौर ।।*
*शब्दों और विचारों की ।*
*है आई बहार ।।*
*करें प्राप्त कहीं भी ।*
*यही समाचार ।।*
*होकर शामिल मुहिम में ।*
*करें जरा उपकार ।।*
*टिप्पी हमारी ये ।*
*क्यों जानी बेकार ?*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# किन लोगों का आम का सेवन नहीं करना चाहिए?

**गर्मी** का मौसम शुरू होते ही बाजारों में आम बिकने शुरू हो जाते हैं। आम दिखने में जितने स्वादिष्ट लगते हैं, खाने में उससे कहीं ज्यादा स्वाद से भरपूर होते हैं। आम कई पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो आपके सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। आम भले ही खाने में स्वादिष्ट और पौष्टिक हो, लेकिन इसके बाद भी कुछ लोगों को इसके सेवन से बचना चाहिए। आमतौर पर ज्यादा मात्रा में आम का सेवन आपकी सेहत के लिए तो हानिकारक हो सकता है। लेकिन, कुछ स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं में भी आम का सेवन करने से परहेज करना चाहिए।



**पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याएं होने पर:** आम में नेचुरल शुगर ज्यादा मात्रा में होती है। इसलिए, यह शरीर में फरमेंटेशन को बढ़ावा दे सकती है जिससे गैस, ब्लोटिंग, डायरिया या अपच जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए, जो लोग आईबीएस या एसिडिटी की समस्या से पीड़ित हैं, उन्हें आम का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए। ज्यादा पके आम कभी-कभी गर्म प्रकृति के कारण आपके आंतों में जलन पैदा कर सकते हैं।

**डायबिटीज के मरीजः** आम में ग्लाइसेमिक इंडेक्स नॉर्मल से ज्यादा मात्रा तक होता है, यानी यह आपके शरीर में ब्लड शुगर लेवलको तेजी से बढ़ा सकता है। इसलिए, जो लोग टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित हैं, उन्हें आम का सेवन सीमित मात्रा में या न करने की सलाह दी जाती है। इतना ही नहीं, अगर आप कभी आम खा भी रहे हैं तो कोशिश करें कि आम का रस न पिएं, बल्कि आम खाएं, ताकि फाइबर इनटेक बढ़ें और ब्लड शुगर धीरे-धीरे बढ़े एं भी, तो फाइबर युक्त रूप में खाएं, ताकि ब्लड शुगर धीरे-धीरे बढ़े।

**एलर्जी होने पर:** कुछ लोगों को आम खाने से मुंह के आसपास जलन, खुजली या होंठों में सूजन या गले में खराश की समस्या हो सकती है। यह समस्याएं आमतौर पर आम की छाल या गुठली के पास मौजूद केमिकल से हो सकता है, जो एक तरह की एलर्जेनिक रिएक्शन को बढ़ावा देता है। कुछ लोगों में आम खाने के बाद हायव्स, त्वचा पर चकत्ते या सांस लेने में समस्या का कारण होता है। इसलिए, अगर आपको एलर्जी है तो आम खाने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट करें या फिर इससे पूरी तरह परहेज करें।

**किडनी के मरीजः** आम में पोटैशियम की मात्रा ज्यादा होती है। आमतौर पर ये आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होती है, लेकिन क्रॉनिक किडनी डिजीज या किडनी फेलियर के मरीजों को पोटैशियम का सेवन सीमित मात्रा में करना जरूरी होता है। ऐसे में ज्यादा मात्रा में आम खाने से ब्लड में पोटैशियम का लेवल बढ़ सकता है, जिससे दिल की धड़कनें बहुत ज्यादा तेज हो सकती हैं। इसलिए, किडनी की समस्या से पीड़ित मरीज आम का सेवन करने से पहले अपने डायटिशियन या नेफ्रोलॉजिस्ट से कंसल्ट करें।

**पिंपल्स या गर्मी से होने वाली स्किन समस्याएंः** आम की तासीर गर्म मानी जाती है। ऐसे में ज्यादा मात्रा में इसका सेवन आपके चेहरे पर एक्ने, फोड़े-फुंसी या स्किन से जुड़ी एलर्जी की समस्या को बढ़ा सकते हैं। इसलिए, हार्मोनल एक्ने या ऑयली स्किन वाले लोगों को आम का सेवन करने से परहेज करना चाहिए या बहुत ही सीमित मात्रा में इसका सेवन करना चाहिए, क्योंकि इससे एक्ने और स्किन से जुड़ी अन्य समस्याएं बढ़ सकती है।

**निष्कर्षः** आम एक स्वादिष्ट और पौष्टिक होता है, लेकिन इसके बाद भी ये हर व्यक्ति के लिए फायदेमंद नहीं होता है। डायबिटीज, किडनी से जुड़ी समस्या, स्किन समस्याओं या पाचन से जुड़ी समस्याओं में आम खाने से बचना चाहिए।

### एक्सप्रेस विशेष

# श्रमिक शक्ति ही है भारत की असली ताकत



**योगेश कुमार गोयल**

**ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर किसके लिए मनाया जाता है 'श्रमिक दिवस'? बहुत से मजदूरों की तो इस दिन भी काम करने के पीछे यह मजबूरी भी होती है कि अगर वे एक दिन भी काम नहीं करेंगे तो उनके घरों में चूल्हा कैसे जलेगा।**

**विड़म्बना है कि देश की स्वाधीनता के सात दशक से भी अधिक बीत जाने के बाद भी अनेक श्रम कानूनों को अस्तित्व में लाने के बावजूद हम ऐसी कोई कारगर व्यवस्था नहीं कर पाए हैं, जो मजदूरों को उनके श्रम का उचित मूल्य दिला सके। हालांकि इस संबंध में एक सच यह भी है कि अधिकांश श्रमिक या तो अपने अधिकारों के प्रति अनभिज्ञ होते हैं या वे अपने अधिकारों के लिए इस कारण आवाज नहीं उठा पाते।**

**प्रतिवर्ष** 1 मई का दिन 'अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस' अथवा 'मजदूर दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जिसे 'मई दिवस' भी कहा जाता है। यह दिवस समाज के उस वर्ग के नाम है, जिसके कंधों पर सही मायनों में विश्व की उन्नति का दारोमदार है। इसमें कोई दो राय नहीं कि किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति तथा राष्ट्रीय हितों की पूर्ति का प्रमुख भार इसी वर्ग के कंधों पर होता है। वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है। श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट का कहना था कि किसी व्यवसाय को ऐसे देश में जारी रहने का अधिकार नहीं है, जो अपने श्रमिकों से जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से भी कम मजदूरी पर काम करवाता है। जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से उनका आशय सम्मानपूर्वक जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से था। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर यह जानना आवश्यक है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रमिक दिवस कब से और क्यों मनाया जाता है? अमेरिका में 8 घंटे से ज्यादा काम न कराने के लिए की गई कुछ मजदूर यूनियनों की हड़ताल के बाद 1 मई 1886 से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत हुई थी। दरअसल वह ऐसा समय था, जब कार्यस्थल पर मजदूरों को चोट लगना या काम करते समय उनकी मृत्यु हो जाना आम बात थी। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने, कार्य करने के घंटे कम करने तथा सप्ताह में एक दिन के अवकाश के लिए मजदूर संगठनों द्वारा पुरजोर आवाज उठाई गई। 1 मई 1886 का ही वह दिन था, जब वह हड़ताल हुई थी और शिकागो शहर के हेय मार्किट चौराहे पर उनकी रोज सभाएं होती थी। 4 मई 1886 को जब शिकागो के हेय मार्किट में उस हड़ताल के दौरान पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास कर रही थी, उसी दौरान किसी अज्ञात शख्स ने एकाएक भीड़ पर बम फैंक दिया। उसके बाद पुलिसिया गोलीबारी के कारण कई श्रमिक मारे गए। हालांकि उस समय अमेरिकी प्रशासन पर उन घटनाओं का कोई असर नहीं पड़ा लेकिन बाद में श्रमिकों के लिए 8 घंटे कार्य करने का समय निश्चित कर दिया गया। मजदूरों पर गोलीबारी और मौत के दर्दनाक घटनाक्रम को स्मरण करते हुए ही 1 मई 1886 से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाने लगा। 1889 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में फ्रांसीसी क्रांति को याद करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया कि इसे 'अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस' के रूप में मनाया जाए। उसी समय से विश्वभर के 80 देशों में 'मई दिवस' को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्यता प्रदान की गई। श्रमिक वर्ग ही है, जो अपनी हाड़-तोड़ मेहनत के बलबूते पर राष्ट्र के प्रगति चक्र को तेजी से घुमाता है लेकिन कर्म को ही पूजा समझने वाला श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मई दिवस के अवसर पर देशभर में भले ही मजदूरों के हितों की बड़ी-बड़ी योजनाएं बनती हैं, ढ़ेरों लुभावने वायदे किए जाते हैं, जिन्हें सुनकर एकबारगी तो लगता है कि उनके लिए अब कोई समस्या नहीं बचेगी किन्तु अगले ही दिन मजदूरों को पुनः उसी माहौल से रूबरू होना पड़ता है, फिर वही शोषण, अपमान व जिल्लत भरा तथा गुलामी जैसा जीवन जीने के लिए अभिशप्त होना पड़ता है। समय-समय पर मजदूरों के लिए नए सिरे से मापदंड निर्धारित किए जाते हैं लेकिन इनको क्रियान्वित करने की फुर्सत ही किसे है? जहां तक मजदूरों द्वारा अपने अधिकारों की मांग का सवाल है तो मजदूरों के संगठित क्षेत्र द्वारा ऐसी मांगों पर उन्हें अक्सर कारखानों के मालिकों की मनमानी और तालाबंदी का शिकार होना पड़ता है और प्रायः जिम्मेदार अधिकारी भी कारखानों के मालिकों के मनमाने रवैये पर लगाम लगाने की चेष्टा नहीं करते। जहां तक मजदूर संगठनों के नेताओं द्वारा मजदूरों के हित में आवाज उठाने की बात है तो आज के दौर में अधिकांश ट्रेड यूनियनों के नेता भी भ्रष्ट राजनीतिक तंत्र का हिस्सा बने हैं, जो विभिन्न मंचों पर श्रमिकों के हितों के नाम पर शोर तो बहुत मचाते नजर आते हैं लेकिन अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति हेतु कारखानों के मालिकों से सांठगांठ कर अपने ही साथियों के हितों पर कुल्हाड़ी चलाने में संकोच नहीं करते। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर किसके लिए मनाया जाता है 'श्रमिक दिवस'? बहुत से मजदूरों की तो इस दिन भी काम करने के पीछे यह मजबूरी भी होती है कि अगर वे एक दिन भी काम नहीं करेंगे तो उनके घरों में चूल्हा कैसे जलेगा।

# तेज धमाके के बाद टायर पंचर की दुकान में घुसी कार, दो मासूम समेत तीन की मौत

- रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था परिवार
- पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार स्वजनों के सुपुर्द किए शव, गांव में पसरा सन्नाटा







**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

हाईवे पर अनियंत्रित हुए ट्रैक्टर-ट्राली की सामने से आ रही कार से जोरदार भिड़ंत हो गई। तेज धमाके की आवाज के बाद कार उल्टी दिशा में घूमकर टायर पंचर कि दुकान में घुस गई। कार सवार एक युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मृत्यु हो गई जबकि दो मासूम भाई बहन ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड दिया। कार सवार छह लोग घायल हैं, जिनका बरेली और जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। स्वजनों के अनुसार अन्य घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लिया है। चालक मौके से फरार हो गया।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरा फकीरे निवासी तेजू सिंह की घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव मोहब्बतपुर में रिश्तेदारी है। गरुवार उनके रिश्तेदार सूबे सिंह की बेटी की शादी थी।तेजू सिंह एक फार्मर की कार मांग कर लाया था। गुरुवार देर रात तेजू सिंह अपनी पत्नी शकुंतला देवी बेटे ऋषभ (7), बेटी सुनहरी देवी (10), भाभी सोनी देवी पत्नी कृपाल सिंह, पंकज (14) पुत्र कृपाल सिंह, अंकित (7) पुत्र कृपाल सिंह, अनिकेत (7) पुत्र पिंटू, चाचा बहादुर को लेकर कार से शादी में जा रहा था। पूरनपुर बायां मैगलगंज नेशनल हाईवे पर घाटमपुर के पास अचानक चालक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को हाईवे पर चढ़ा दिया। चालक कार को नियंत्रित करता जब तक कार ट्रैक्टर में घुस गई। भिड़ंत के बाद कार उल्टी दिशा में घूमकर हाईवे के किनारे सादाब की टायर पंचर की दुकान में घुस गई। तेज धमाके की आवाज के साथ कार के परखच्चे उड़ गए।

> सड़क हादसे में एक ग्रामीण की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई थी। दो बच्चों की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हुई है। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे लिया गया है। स्वजनों की ओर से तहरीर न मिलने के कारण अभी प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी।
>
> **नरेश कुमार न्यागी, इंस्पेक्टर कोतवाली पूरनपुर।**

ट्रैक्टर चालक और उस पर सवार मजदूर मौके से फरार हो गए। कार में सवार मासूम लहूलुहान हालत में हाईवे पर छिटक गए।

चंद मिनट में चीख पुकार मच गई। कार सवार बहादुर की घटनास्थल पर दर्दनाक मृत्यु हो गई।

हादसे के बाद मौके पर जुटे ग्रामीणों ने कार में फंसे लोगों को बमुश्किल बाहर निकाला। सूचना पर इंस्पेक्टर नरेश कुमार त्यागी पुलिस टीम के साथ मौके पर पंहुच गए।पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छह लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।जिला अस्पताल में ऋषभ (7) पुत्र तेजू सिंह सुनहरी देवी (10) पुत्री तेजू सिंह की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। चिकित्सकों ने गंभीर घायल पंकज (14) पुत्र कृपाल सिंह को बरेली रेफर कर दिया।

अन्य घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। स्वजनों के अनुसार सभी की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने देर रात तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शुक्रवार पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों के सुपुर्द कर दिए। बहादुर और उसके पौत्र, पौत्री का शव घर पंहुचते ही चीत्कार मच गया। एक परिवार के तीन लोगों की मृत्यु से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

## चालक की लापरवाही, अस्पताल तक चीख-पुकार

ट्रैक्टर चालक की लापरवाही ने एक ही परिवार के भाई और बहन सहित तीन लोगों की जिंदगियां निगल ली। हादसे की भयानकता गुरुवार रात मैगलगंज नेशनल हाईवे पर चंहुओर थी।चीख पुकार और अपनों के लिए विलाप करती वेदनाएं मानो आसमान चीरने को आतुर दिख रही थी। हादसे में भाग्यवश बच गए मासूमों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घायल मां सिसकियों के साथ अस्पताल में अपने मृत मासूम को उठाने की कोशिश करती रही। दुर्घटना में कोई सड़क से दूर छिटक गया, तो कोई कार में दबकर लहूलुहान हो गया। पल भर में वहां चीख-पुकार मच गई। हादसा होते ही आस पड़ोस के लोगों के अलावा अन्य वाहनों से लोग उतरे और बचाव कार्य में जुट गए। पुलिस ने घायलों को उठाकर अस्पताल भेजना शुरू किया। खौफनाक मंजर देख लोगों का कलेजा कांप गया।सड़क खून से लाल हो गई। महिलाएं व बच्चे सभी चीख रहे थे। हादसे के बाद खून से लथपथ महिलाओं की जुबान से एक ही बात निकल रही थी बेटे को बचा लो, घायल महिलाएं बदहवासी में अपने बच्चों छटपटा रही थी। घायल बच्चों को जल्द इलाज करने की गुहार लगा रही थी। हालांकि पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई,लेकिन एंबुलेंस आधा घंटे देर से पंहुची। वीभत्स मंजर देख वहां से निकल रहे लोग घबरा गए। राहगीर भी घायलों की मदद में जुट गए। घायल को अस्पताल में ले जाया गया।जहां से गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## सीएचसी में घायलों के उपचार में लापरवाही पर हंगामा



हादसे से के बाद सीएचसी पहुंचे घायलों को आधा घंटे तक उपचार नहीं मिला। किसी भी बेड पर ऑक्सीजन नहीं थी। घायल इलाज की गुहार लगा रहे थे। वार्ड बॉय भी नदारद थे। चिकित्सक के साथ मौजूद एक प्राइवेट कर्मचारी उपचार में जुटा रहा। उपचार में लापरवाही से गुस्साएं स्वजनों ने जमकर हंगामा किया।कोई स्वजन स्वयं बोतल पकड़े था तो स्ट्रैचर खींच रहा था।बस आस थी की कैसे भी जान बच जाए। सिस्टम की लापरवाही से घायल मासूम को ऑक्सीजन नसीब नहीं हो सकी। दो मासूमों ने तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया।एंबुलेंस चालक भी मनमानी पर उतारू रहे। चालक की लापरवाही से गुस्साए पुलिसकर्मी की नोंकझोंक हुई?। रात्रि में ही मामले की शिकायत मुख्य चिकित्साधिकारी आलोक शर्मा और जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह से की गई। स्वजनों का आरोप था कि अगर घायल मासूमों को सही उपचार मिल जाता तो शायद वह बच जाते।

## एआरटीओ ने घटनास्थल पर पंहुचकर की जांच

ट्रैक्टर ट्राली से कार की भिड़ंत में तीन लोगों की मृत्यु के बाद शुक्रवार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने घटनास्थल पर पंहुचकर जांच की। आस पड़ोस के लोगों से हादसे की जानकारी जुटाई।अन्य वाहनों की भी चेकिंग की। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे की जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

## एमओआईसी की लगाई फटकार, वार्ड बॉय का काटा वेतन

हादसे के बाद उपचार के लिए सीएचसी पंहुचे घायलों के उपचार में लापरवाही की शिकायत पर शुक्रवार सीएमओ ने सीएचसी का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। उन्होंने मौके की गंभीरता को समझते हुए इमरजेंसी वार्ड के सभी बेडों पर तत्काल ऑक्सीजन सिलेंडर लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही, रात की ड्यूटी में तैनात लापरवाह वार्ड बॉय का वेतन काटने का आदेश जारी किया।उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी और अन्य स्टाफ को भी कड़ी फटकार लगाई और कहा कि ऐसी लापरवाही दोबारा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पुलिस ने मासूम बच्चियों से हैवानियत के आरोपित जलालुद्दीन को भेजा जेल



- पुलिस क्षेत्राधिकारी ने पीड़ित के गांव पहुंचकर जुटाई थी जानकारी, आरोपित के विरुद्ध गंभीर धाराओं में दर्ज की गई प्राथमिकी

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

**हजारा।** दुकान पर सामान खरीदने गई दलित परिवार की पांच वर्षीय दो मासूम बच्चियों के साथ गैर समुदाय के अधेड़ ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दी। मासूम बच्चियों को धमकाने के बाद उनके गुप्तांग में उंगली डालकर लहूलुहान कर दिया। सहमी बच्चियों ने स्वजनों को जानकारी दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध गंभीर धाराओं में प्राथमिकी लिखी। शुक्रवार पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जनपद में महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।हजारा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को बताया कि उनकी पांच वर्षीय पुत्री गुरुवार पड़ोस के एक ग्रामीण की पुत्री के साथ दुकान पर ब्लेड खरीदने गई हुई थीं। दुकान पर आरोपित जलालुद्दीन बैठा हुआ था। आरोपित ने पांच वर्षीय दोनों मासूम बच्चियों को धमकाकर दुकान के अंदर बुला लिया। इसके बाद हैवानियत की सारी हदें पार कर दी। मासूम बच्चियों के गुप्तांग में बारी बारी से उंगली डाली। घर पहुंचने पर दर्द से कराह रही बच्चियों से पूछताछ की। मासूम बच्चियों ने स्वजनों को बताया कि दुकान पर बैठे बाबा ने उनके गुप्तांग में उंगली डाली हैं। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। स्वजन शिकायत करने पंहुचे तो आरोपित ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। घटना की जानकारी से खलबली मच गई थी। पुलिस क्षेत्राधिकार प्रगति सिंह चौहान ने गांव पहुंचकर पीड़ित बच्चियों और उनके स्वजनों से जानकारी जुटाई थी। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध पाक्सो, दुष्कर्म, जान? से मारने की धमकी आदि गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की थी।मासूम बच्चियों को मेडिकल के लिए भेजा गया। शुक्रवार पुलिस ने आरोपित जलालुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल के बाद आरोपित को जेल भेज दिया गया। हजारा थाना प्रभारी सिद्धार्थ उपाध्याय ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## अचानक कार का दरवाजा खोलने से हुआ हादसा

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर शहर के महिला थाना के पास 2 मई को एक दुर्घटना हुई। दोपहर करीब 1-40 बजे एक खड़ी कार का दरवाजा अचानक खुलने से साइकिल सवार परिवार उससे टकरा गया।हादसे में साइकिल चला रहे कासिम, उनकी पत्नी और मासूम बच्चा जमीन पर गिर गए। टक्कर के कारण महिला और बच्चा चोटिल हो गए। बताते चलें सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित मोहल्ला गोविंद नगर का रहने वाला है कासिम ने बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चे के साथ अस्पताल से दवाई लेकर वापस लौट रहे थे।

# विधायक स्वामी प्रवक्तानंद पहुंचे पोस्टमार्टम हाउस, परिजनों को बंधाया ढांढस

- घायलों के बेहतर इलाज व मृतकों के सम्मानजनक अंतिम संस्कार के निर्देश दिए



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम रमपुरा फकीर सबलपुर में बुधवार रात हुए भीषण सड़क हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

शुक्रवार सुबह बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों से पूरी घटना की जानकारी ली और घायलों के समुचित इलाज तथा मृतकों के अंतिम संस्कार में किसी प्रकार की कोताही न बरते जाने के सख्त निर्देश दिए।

### हरसंभव सहायता की जाएगी– विधायक

विधायक प्रवक्तानंद ने कहा, यह अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। ईश्वर मृतकों को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ दें। मैंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा है कि इलाज में कोई कमी नहीं होनी चाहिए और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान की जाए।

### घटनास्थल से गूंजा मातम, गांव में छाया सन्नाटा

ग्रामीणों के अनुसार, बुधवार रात एक तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में घायल हुए छह लोगों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और पीड़ित परिवार गहरे सदमे में हैं। प्रशासन ने शुरू की जांच, सड़कों की हालत पर उठे सवाल हादसे के बाद प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। क्षेत्रीय लोगों ने सड़कों की खराब हालत और यातायात व्यवस्था में लापरवाही को लेकर आक्रोश जताया है। अधिकारी इन सभी बिंदुओं पर गंभीरता से संज्ञान ले रहे हैं।

# गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में मजदूर दिवस पर कर्मचारियों को भावभीनी श्रद्धांजलि



- छात्रों ने पिग्गी बैंक अभियान से जुटाई राशि से कर्मचारियों को भेंट दी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में 1 मई 2025 (गुरुवार) को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस बड़े ही उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने मजदूरों के महत्व और उनके योगदान पर प्रेरणादायक भाषण दिए।

विद्यालय प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने कहा कि श्रमिक हमारे समाज की रीढ़ हैं, उनका योगदान अमूल्य है। विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गोस्वामी ने कहा कि श्रमिक दिवस न केवल श्रमिकों के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि यह हमें यह सिखाता है कि श्रम ही सच्ची पूजा है। इस अवसर पर विद्यालय में एक अनूठा पिग्गी बैंक अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत सभी छात्रों को 10 दिन पहले प्रतिदिन 1 पिग्गी बैंक में जमा करने हेतु प्रेरित किया गया। एकत्रित राशि को स्कूल प्रबंधन ने और बढ़ाकर एकत्रित किया, जिससे स्कूल के सभी कर्मचारियोंध्जैसे आया, ड्राइवर, और सहयोगी स्टाफ को सम्मानपूर्वक उपहार भेंट किए गए।

इस भावुक क्षण में छात्रों ने सभी कर्मचारियों को धन्यवाद कहा और उनके योगदान को सराहा,

जिससे कर्मचारियों की आंखें नम हो गईं।

अध्यापकों ने भी श्रमिकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें सम्मानित किया।

समारोह के अंत में चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गोस्वामी ने समस्त कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और समाज को संदेश दिया कि श्रमिकों का सम्मान हर व्यक्ति का कर्तव्य है।

# पुलिस ने ग्राम प्रधान व ग्रामीणों की मदद से हटवाया निर्माण, विरोध के बावजूद स्थिति रही शांत

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



जनपद के बिलसंडा थाना क्षेत्र के सिमबुआ गांव में एक आवासीय भवन में बनाए गए अवैध धार्मिक स्थल को पुलिस ने ग्रामीणों व ग्राम प्रधान की मदद से हटवा दिया। कार्रवाई के विरोध में योगी सेना के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे, जिन्हें पुलिस ने समझाकर शांत किया।

जानकारी के अनुसार, गांव के एक व्यक्ति ने अपने निजी आवास में अवैध रूप से धार्मिक स्थल का निर्माण कर लिया था। समय के साथ इसका स्वरूप बढ़ता गया। स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों को जब इस मामले की जानकारी हुई, तो विरोध शुरू हो गया। इसी क्रम में योगी सेना के कार्यकर्ता भी गांव पहुंचे। महंत योगी सरोजनाथ ने थाने में पहुंचकर पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा मयफोर्स के गांव पहुंचे और मौके की जांच की। जांच में अवैध निर्माण की पुष्टि होने पर ग्राम प्रधान और ग्रामीणों की मौजूदगी में धार्मिक स्थल को हटवा दिया गया।

इस दौरान योगी सेना के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया, लेकिन पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में रखते हुए किसी भी प्रकार की अशांति नहीं होने दी।

थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से अवैध धार्मिक स्थल को हटवा दिया गया है। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था पूरी तरह बनी हुई है।

# कार-बाइक की आमने-सामने टक्कर में तीन की मौत व मासूम गंभीर



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बरखेड़ा। बीसलपुर से पीलीभीत की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने शुक्रवार शाम बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार साले-बहनोई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कार व चालक को कब्जे में ले लिया है।

हादसा शाम करीब पांच बजे बरखेड़ा क्षेत्र के मचवाखेड़ा गांव के सामने बीसलपुर-पीलीभीत राजमार्ग पर हुआ। ग्राम बर्रामऊ निवासी विनोद कुमार (25) पुत्र रामकुमार अपने साले सुनील कुमार (24) पुत्र रामसिंह, निवासी डियूरानियां थाना बहेड़ी के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। बताया जा रहा है कि सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर विनोद की पत्नी राखी (20) व दो वर्षीय पुत्र अनमोल भी सवार थे, जो गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सीएचसी बरखेड़ा पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रदीप विश्नोई ने बताया कि कार चालक को हिरासत में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संकटा देवी चौराहे पर स्वचालित ट्रैफिक लाइट की शुरुआत

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। संकटा देवी चौराहे पर जिले की पहली स्वचालित ट्रैफिक लाइट का शुभारंभ किया गया। यह पहल जिला प्रशासन की जोन ऑफ एक्सीलेंस योजना का हिस्सा है। शुक्रवार को विधायक योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने ट्रैफिक सिग्नल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह और सीओ ट्रैफिक शिवम् कुमार भी मौजूद रहे।विधायक योगेश वर्मा ने इस पहल को सुरक्षा और विकास का प्रतीक बताया। उन्होंने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि यह पहल सड़क सुरक्षा और यातायात सुगमता को बढ़ावा देगी।एसपी संकल्प शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि यह ट्रैफिक लाइट नियम, संयम और सुरक्षा का प्रतीक है। उन्होंने नागरिकों से सिग्नल का पालन करने का आग्रह किया।

# मृतक की पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस को दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

एन.एच.नेशनल हाइवे पर 29 अप्रैल को देर रात ग्राम कुनैठिया ओवर ब्रिज के पास एक युवक का शव पड़ा मिला था। उस मामले में मृतक की पत्नी ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मंगलवार की देर रात नेशनल हाईवे पर कुनैठिया के पास एक युवक का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंच शिनाख्त कराने की कोशिश की, पर शिनाख्त नहीं हुई। तो शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मौके पर देखने से पता चलता था कि युवक को किसी वाहन ने टक्कर मारी है, पर मौके पर कोई वाहन नहीं था ना ही बाइक थी। सुबह जब चर्चा हुई तो ग्राम करनपुर निवासी सुरेश की पत्नी जुगना देवी ने मृतक की पहचान अपने पति सुरेश के रूप में की है। जुगना देवी का कहना है कि उसके पति सुरेश मंगलवार की रात गांव के ही विजय कुमार के साथ गए थे। विजय कुमार ने कहा था कि उसकी रिश्तेदारी में तिलक है जहां चले चलो। काफी खाने के बाद उसका पति राजी हो गया विजय कुमार के साथ बाइक पर बैठकर चले गए तो सुबह उसके घर जाकर पता किया बताया कि वह बड़े चौराहे पर उतर गए थे। जुगना देवी का कहना है कि उसके पति सुरेश कुमार से विजय कुमार ने अपना मकान बनवाने के लिए 50 हजार रुपये उधार लिए थे। उसका कहना है उसके पति सुरेश कुमार की हत्या विजय कुमार, मिथिलेश कुमार मिश्रा पुत्र रामदत्त मिश्रा निवासी करनपुर ने मिल कर की है।

## हल्की बारिश में सड़कें हुई जलमग्न, यातायात बाधित

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**



कस्बा में बे मौसम हल्की बारिश से सड़के जलमग्न हो गई जिससे लोगों को पानी कम होने का घंटो इंतजार करना पड़ा जिसके बाद यातायात बहाल हो सका बारिश ने जल निकासी प्रबंधन व्यवस्था की पोल खोल दी जिससे पालिका प्रशासन जनता के जवाब से बचते नजर आया है। गुरुवार को तेज आंधी के साथ बरसात होने से कस्बा की सड़कें जलमग्न हो गई जिससे कई घंटे तक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई इंतजार के बाद सड़क पर पानी कम होने के बाद यातायात बहाल हो सका है। घटना ने पालिका प्रशासन की स्वच्छता और विकास की पोल खोल दी है। पालिका प्रशासन के फाइलों में नगर की साफ सफाई और स्वच्छता की व्यवस्था ठीक-ठाक रही धरातल पर स्थित एकदम विपरीत बनी हुई है। अधिशासी अधिकारी जेपी मौर्य के अनुसार कस्बा में नालों की सफाई युद्ध स्तर पर शुरू कराई गई है। कई नालों का टेंडर किया जा चुका है जल निकासी व्यवस्था को सु व्यवस्थित करने का कार्य चल रहा है।

# धर्माचरण ही आत्मकल्याण की कुंजी है: आचार्य बलूनी

**जन एक्सप्रेस। पलियाकलां खीरी**

बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड, चीनी पलिया में चल रहे। छ दिवसीय स्थापत्य वास्तु कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस के उद्बोधन में आचार्य सुशील बलूनी ने वास्तु शास्त्र के पूरक विषय संख्या ज्योतिष पर विस्तार से चर्चा की। आचार्य जी ने नौ अंकों के साथ -साथ शून्य एवं अनंत पर विशेष बल देते हुए बताया कि स्वयं को शून्य से विभाजित कर अनंत की प्राप्ति करना ही जीवन का परम उद्देश्य है। सातों वारों के नाम से सात ग्रह हैं, इसके अतिरिक्त राहु व केतु छाया ग्रह के रूप में विद्यमान हैं। आचार्य बलूनी के अनुसार कोई भी ग्रह ख़राब नहीं हर एक ग्रह की उपयोगिता है। व्यक्ति को उसके अधिष्ठात्री ग्रह के अनुसार अपना भोजन, आचरण, व्यवसाय व करियर चुनना चाहिए।अगर ऐसा करते है तो आपके जीवन की राह आसान होगी। अनुकूलता आएगी।

आचार्य ने पूरे वैज्ञानिक विश्लेषण के साथ बताया कैसे आपके साथ नव ग्रह जुड़ते है व आप पर अपना प्रभाव व दुष्प्रभाव छोड़ते हैं।

आचार्य जी ने जोर देकर कहा कि आज जो दौर चल रहा है उसमें ग्रहणीयों के लिए अंक ज्योतिष तथा आभा प्रभा मंडल व शरीर लक्षण विज्ञान की समझ अनिवार्य समझें। आचार्य जी ने कहा कि धर्म को जानने वाला दुर्लभ होता है, उसे श्रेष्ठ तरीके से बताने वाला उससे भी दुर्लभ, श्रद्धा से सुनने वाला अत्यंत दुर्लभ और धर्माधर्म का आचरण करने वाला सुबुद्धिमान सबसे दुर्लभ होता है।

इस अवसर पर बजाज पब्लिक स्कूल के छात्र छात्र-छात्राओं में दिसी, अनम, अनाया, देवराज, अराध्या मिश्रा, तनुष, आंद्रिका, निधि, अपूर्व ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस मौके श्रोताओं में मुख्य रूप से बजाज ग्रुप के प्रबंध निदेशक अजय शर्मा, गोला चीनी मिल के युनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन, आर के मिश्रा चीनी मिल के युनिट हेड ओ पी चौहान सहित काफी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे व किसान बंधु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में आये कृषक व संभ्रांत श्रोताओं में विकास कपूर पूर्व चेयरमैन गन्ना समिति, बलजीत सिंह, रामबचन तिवारी, चांद कुमार जैन, संदीप कुमार प्रधान संघ अध्यक्ष, सुखवंत सिंह, रवि सिंह बेदी, देवेन्द्र सिंह, रंजीत सिंह डायरेक्टर गन्ना समिति को प्रबंध निदेशक द्वारा साल उढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# खेत में पॉलीथिन से बंधा मिला संदिग्ध इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, ग्रामीण उसे देख सन्न

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



महराजगंज के निचलौल थाना क्षेत्र अंतर्गत करमहिया गांव के सिवान स्थित एक खाली खेत में शुक्रवार को लोगों ने पॉलीथिन से बंधा संदिग्ध इलेक्ट्रॉनिक उपकरण देखा। उसके बाद लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर बाद उपकरण को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं मामला गंभीर देख ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद तत्काल मौके पर पुलिस पहुंच गई। कुछ ही देर बाद डॉग स्क्वायड, आईबी सहित कई अन्य जांच एजेंसियों की टीम पहुंच गईं।

जहां पर टीम ग्रामीणों से पूछताछ के आधार पर जांच में जुट गईं। जानकारी के मुताबिक, करमहिया निवासी कुछ लोग एक साथ खेत की तरफ कृषि कार्य करने के लिए जा रहे थे। अभी वह लोग डॉ. रमजान अली के खाली खेत के पास पहुंचे थे। इसी बीच अचानक उनकी नजर करीब 10 मीटर लंबी पॉलीथिन के साथ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पर पड़ी। उसके बाद वह लोग सन्न हो गए। फिर इन लोगों ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि घनश्याम यादव को दी।

विज्ञापन

कुछ ही देर बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों ने पुलिस के पहुंचने से पहले नजदीक जाकर देखा तो पता चला कि करीब 10 मीटर लंबी पॉलीथिन के साथ सेंसर, सोलर पैनल, तीन सफेद रंग के सेल, पॉलीथिन के एक सिरे से दूसरे सिरे को तांबे के तार से जोड़ा गया था। उसके बाद वह लोग कई तरह की आशंका जताने लगे।

थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार वर्मा के अनुसार सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम के अलावा झूलनीपुर और ठूठीबारी एसएसबी के डॉग स्क्वाड की टीम, ठूठीबारी के आईबी सुनील पांडेय सहित कई सुरक्षा एजेंसियां के सदस्य मौजूद रहे। जांच में मौके पर कोई विस्फोटक सामाग्री नहीं मिली है। फिलहाल पॉलीथिन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को कब्जे में लेकर आगे की जांच पड़ताल की जा रही है।

## अवैध संबंध बनाने का दबाव मामले में हुआ समझौता

**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज**

कस्बे के एक व्यापारी पर एक युवती अवैध संबंध बनाने तथा मजदूरी के रुपये न देने की धमकी के साथ जातिवाचक शब्दों का प्रयोग तथा बदनाम करने का आरोप लगाया था जिसका तेजी के साथ विडियो वायरल हो रहा था। युवती का वायरल विडियो में आप बीती सुनाते हुए फेसबुक ट्यूटर पर अपलोड कर संबंधित अधिकारियों को टैग कर न्याय की गुहार लगाई थी। ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती द्वारा वायरल विडियो में कह रही है की मैं कस्बे के एक व्यापारी के यहां दुकान पर रहकर काम करती हूं दुकानदार मालिक मेरा मजदूरी का पैसा नहीं दे रहा है साथ वह मेरे साथ अवैध संबंध बनाने का दबाव बना रहा है विरोध करने पर मुझे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर मुझे बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। इस संबंध में साइबर क्राइम महराजगंज इंस्पेक्टर सजनू यादव ने बताया की दोनों पक्ष आपस में सुलह समझौता कर लिए।

### पेट्रोल पंप मालिक से 62 हजार लूटे

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** खामपार थाना क्षेत्र के भिंगारी बाजार-भटनी मुख्य मार्ग पर रविवार की रात दुदही गांव के समीप लवकुश फिलिंग स्टेशन भिंगारी बाजार के मालिक की बाइक का पीछा कर दो बाइक पर सवार पांच अपराधियों ने मारपीट व हथियार के बल 62 हजार रुपये लूट लिये। शोर मचाने पर ग्रामीण दौड़े तो लुटेरे एक बाइक छोड़ फरार हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी शिव प्रताप सिंह ने छानबीन की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने लूट का मुकदमा किया है। भटनी थाना के जगरनाथ छपरा के रहने वाले उमेश चंद राय पुत्र सुमेश्वर राय की भिंगारी बाजार के समीप पेट्रोल पंप लवकुश फिलिंग स्टेशन के नाम से है। रोज की भांति अपना पेट्रोल पंप बंद कर वह रविवार रात अपने गांव जा रहे थे। भिंगारी-भटनी मार्ग पर दुदहीं गांव के पास अभी पहुंचे थे कि दो बाइक पर सवार पांच अपराधियों ने उनकी बाइक को ओवरटेक किया तथा मारपीट कर 62 हजार रुपये लूट लिए।

### चलते पिकअप के इंजन में लगी आग, अफरा-तफरी

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** शहर के देवरिया गोरखपुर ओवरब्रिज पर से गुजरते समय एक पिकअप के इंजन में आग पकड़ लिया। यह देख पिकअप चालक वाहन खड़ा कर उतर गया। देखते देखते दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंच गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची फायरब्रिगेड ने इंजन में लगे आग पर काबू पाया। इसके बाद आवागमन बहाल हुआ।

### रामपुर बुजुर्ग ने कुशीनगर को चार विकेट से हराया

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** बाबा राघव दास कृषक इंटर कालेज के मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। पहला मुकाबला रानी टीवीएस रामपुर बुजुर्ग व बाबा इलेवन कुशीनगर के बीच खेला गया। जिसमें रामपुर बुजुर्ग ने 4 विकेट से कुशीनगर को हराकर मैच के अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह व युवा नेता सूरज सिंह सेंगर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ कराया। टास जीतकर रामपुर बुजुर्ग की टीम ने फील्डिंग करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने के लिए उतरी कुशीनगर की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 178 रन बनाया। कुशीनगर के प्रदीप ने 65 रनों की शानदार पारी खेली। जवाब में उतरी रामपुर बुजुर्ग की टीम ने 13 ओवर में 6 विकेट खोकर मैच जीत लिया। रामपुर गुर्जर की तरफ से गगन ने 36 रन बनाए और दो विकेट लिया। मैन आफ द मैच का पुरस्कार गगन को दिया गया। निर्णायक के रूप में दिलीप साहनी और रंजीत चौहान रहे। यहां मुख्य रूप से विशाल यादव , गुलाब यादव, सुभाष साहनी, पवन कुमार, रितिक मध्देशिया, अंशु, विकास , देवा,आर्यन , आकाश आदि मौजूद रहे।

### प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए 16 ब्लॉकों में सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

**देवरिया।** जिले के 281 इंटर कॉलजों में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में प्रयोगात्मक परीक्षा आठ फरवरी तक आयोजित होगी। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से कुल 16 ब्लॉकों में एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं, जो इसकी निगरानी करेंगे। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित हो रही बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा की शुचिता बनी रहे, शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हो, इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से जनपद के 16 ब्लॉकों में एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती डीएम स्तर से गई है। इसमें देवरिया सदर में यहां के खंड शिक्षा अधिकारी देवमुनि वर्मा, रामपुर कारखाना में उपेंद्र कुमार भारती बीईओ, पथरदेवा में गोपाल मिश्र बीईओ, तरकुलवा में विजय कुमार ओझा बीईओ, देसही देवरिया में पंकज सिंह बीईओ, बैतालपुर में जयराम बीईओ, गौरीबाजार में विनयशील मिश्र, रुद्रपुर में पन्नालाल यादव खंड विकास अधिकारी, भलुअनी में सूरज कुमार बीईओ, बरहज में राजकिशोर सिंह बीईओ, भागलपुर में सत्यप्रकाश, लार में अमित कुमार सिंह बीईओ, सलेमपुर में आरपी राम बीईओ, भाटपाररानी में संजीव कुमार सिंह बीईओ, भटनी में राजेश कुमार यादव बीईओ, बनकटा में राजीव गुप्ता खंड विकास अधिकारी शामिल हैं।

## बढ़ई और उसके दो भाइयों पर मनबढ़ों ने धारदार हथियार से किया हमला

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

महुआपाटन बाजार में काम कर रहे एक कारपेंटर और उसके दो भाइयों को गोलबंद मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। इस दौरान कुछ देर के लिए बाजार में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ितों ने इसकी सूचना डायल 112 को दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी तरकुलवा भेजकर घटना के बाबत पूछताछ की। थाना क्षेत्र के सोहनरिया गांव के रहने वाले मुकेश शर्मा बढ़ई मिस्त्री हैं। वे इन दिनों महुआपाटन बाजार में एक दुकान पर कारपेंटर का काम कर रहे हैं। आरोप है कि वे रविवार को बाजार स्थित एक दुकान से चप्पल खरीद कर लाए थे। चप्पल छोटा था, जिसके चलते वे सोमवार शाम को चप्पल को बदल कर एक नंबर बड़ा चप्पल लेने गए।

# हादसे में घायल दो बाइक सवारों में एक की मौत

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

थाना क्षेत्र के मुसैला पेट्रोल पंप के पास सोमवार रात को करीब सात बजे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीआरबी की गाड़ी से ही घायलों को मेडिकल कॉलेज देवरिया पहुंचाया। जहां एक की मौत हो गई। वही दूसरे की भी हालत नाजुक बताई जा रही है। उधर, टक्कर मारकर वाहन लेकर चालक भाग निकला। बिहार प्रांत के थाना गुठनी दामोदरा गांव निवासी अनुग्रह नाथ तिवारी 35 पुत्र ध्रुपनरायण तिवारी और विकास नाथ तिवारी 30 पुत्र कामेश्वर नाथ तिवारी बाइक से देवरिया से लौट रहे थे।जहां एक की मौत हो गई। वही दूसरे की भी हालत नाजुक बताई जा रही है। उधर, टक्कर मारकर वाहन लेकर चालक भाग निकला। बिहार प्रांत के थाना गुठनी दामोदरा गांव निवासी अनुग्रह नाथ तिवारी 35 पुत्र ध्रुपनरायण तिवारी और विकास नाथ तिवारी 30 पुत्र कामेश्वर नाथ तिवारी बाइक से देवरिया से लौट रहे थे। बाइक लेकर अनुग्रह नाथ तिवारी अभी देवरिया सलेमपुर फोरलेन पर खुखुंदू थाना क्षेत्र के मुसैला पेट्रोल पंप के पास ही पहुंचे थे कि पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों सड़क पर गिर पड़े।

बाइक सवार दोनों लोगों को सड़क पर गिरकर तड़फड़ाते देख आस-पास के लोगों ने उन्हें सड़क से किनारे कर पुलिस को सूचना दी। एसओ दिग्विजय सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंच पीआरबी की गाड़ी से दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज देवरिया भिजवाया गया है। इलाज के क्रम में विकास तिवारी की मेडिकल कालेज में दम तोड़ दिया। वहीं अनुग्रह नाथ तिवारी को गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

## भाड़े के लिए चार दिन से ईंट भट्ठे मालिक का लगा रहा चक्कर, पुलिस को दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस/ठूठीबारी/महराजगंज।** झारखंड से कोयला लाकर एक ट्रक ड्राइवर ईंट भट्ठे पर कोयला दे दिया लेकिन भाड़ा न मिलने से चार दिनों से भट्ठे मालिक का चक्कर लगा रहा है थक-हारकर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। झारखंड राज्य के जनपद व ग्राम हजारीबाग थाना-पादमा ओपी निवासी सहदेव प्रसाद मेहता ट्रक चालक है। 28 अप्रैल को ड्राइवर सहदेव एक ट्रक कोयला लेकर गडौरा निवासी रामलाल जायसवाल के लमुहा स्थित ईंट भट्ठे पर गिरा दिया और कोयला लाने का किराया अठासी हजार पाँच सौ रुपया मांग करने लगा आरोप है की भट्ठा मालिक ट्रक का भांडा देने से आनाकानी आज कल करने लगे चार दिनों से ट्रक ड्राइवर परेशान रहा। इस संबंध में ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया की मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से लोकतंत्र होगा मजबूत : जयमंगल

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**




जिला पंचायत सभागार में युवाओं के साथ एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर सदर भाजपा विधायक जयमंगल कन्नौजिया व जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय संयुक्त रूप से भाजपा युवा मोर्चा के साथ विस्तार से चर्चा की। जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि भारत में एक साथ चुनाव कराने के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट को 2024 में जारी किया गया था। इसकी सिफारिशों को 18 सितंबर 2024 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकार किया गया, जो चुनाव सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि भारत में एक साथ चुनाव कराने पर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट जिसे 2024 में जारी किया गया। इस दृष्टिकोण को लागू करने के लिए एक व्यापक रोड मैप प्रदान किया गया है। इस प्रणाली से प्रशासनिक दक्षता को बढ़ा सकती है, चुनाव संबंधी खर्चों को कम कर सकती है और नीति संबंधी निरंतरता को बढ़ावा दे सकती है। भारत में शासन को सुव्यवस्थित करने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को उसके अनुकूल बनाने करने की आकांक्षाओं को देखते हुए एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में उभरी है। पिछली सरकारों ने अपने स्वार्थ और भ्रष्टाचार को बढ़ाने के लिए बार बार देश पर चुनाव थोपने का कार्य किया है। जबकि एक साथ होने वाले चुनाव से देश एवं देशवासियों का काफी समय बचेगा और देश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। आज की इस परिचर्चा से यह संदेश जन जन तक पहुंचने की जिम्मेदारी आप युवाओं की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने में आप की महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। इसके लिए एक राष्ट्र एक चुनाव आवश्यक है। कार्यक्रम के संयोजक भाजयुमो जिला महामंत्री गोविंद जायसवाल ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर विस्तृत जानकारी दी। वही उपरोक्त कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष दिनेश जायसवाल, नगर अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, राजेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष हेमंत गुप्ता, अश्विनी पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन के बाद भाजपाइयों ने सक्सेना तिराहे तक पद यात्रा भी की। एक राष्ट्र एक चुनाव भारत माता के जय के नारे लगाए।

# देर रात तीन लुटेरों से हुई पुलिस की मुठभेड़ : एक घायल- दो गिरफ्तार, लूट का सामान बरामद

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि ये लुटेरे वांछित चल रहे थे। कैंट थाने में लूट के एक मामले में फरार थे। इनके पास से अवैध असलहे और लूट के सामान भी बरामद किया गया है। गोरखपुर कैंट थानाक्षेत्र के मोहद्दीपुर में बुधवार की देर रात बदमाशों की पुलिस संग मुठभेड़ हो गई। इसमें महराजगंज के पनियरा मुजरी निवासी शंभू प्रसाद के पैर में गोली लगने से वो घायल हो गया। जबकि चिलुआताल के शेखर और धर्मशाला निवासी हुसैन मौके से भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने घेरकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

दरअसल, तीनों देर रात एक ऑटो रिक्शा से मोहद्दीपुर होते हुए शहर में प्रवेश कर रहे थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि तीनों शातिर लुटेरे किसी अपराध को अंजाम देने शहर में आ रहे हैं। इसी सूचना पर कैंट थानाध्यक्ष संजय सिंह ने मोहद्दीपुर में गस्त बढ़ा दी। इस दौरान एक ऑटो रिक्शे पर कुछ संदिग्ध आते दिखे तो ऑटो को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान तीनों अपराधी ऑटो से कूदकर हाइडिल कॉलेनी की तरफ भागने लगे। इस दौरान फायरिंग भी करने लगे। जवाबी फायरिं में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि दो को पुलिस ने घेरकर मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि ये लुटेरे वांछित चल रहे थे। कैंट थाने में लूट के एक मामले में फरार थे। इनके पास से अवैध असलहे और लूट के सामान भी बरामद किए गए हैं।

### ओपीडी सेवाओं का पूर्ण बहिष्कार करेंगे नेपाल के रेजिडेंट डॉक्टर

**गोरखपुर।** सीमा से सटे नेपाल में वेतन की मांग को लेकर रेजिडेंट डॉक्टरों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया और अब ओपीडी सहित अन्य सेवाओं को बहिष्कार करेंगे। इससे न सिर्फ नेपाल में लोगों को इलाज कराने में कठिनाई होगी। बल्कि सीमावर्ती क्षेत्र के उन लोगों को दिक्कत होगी जो नेपाल में इलाज के लिए जाते हैं। मौजूदा समय में बड़ी संख्या में लोग आंख का ऑपरेशन करने के लिए नेपाल जा रहे हैं। डॉक्टरों ने प्रदर्शन के सात दिन बाद भी मांग पूरी नहीं होने पर उन्होंने ओपीडी सेवा का पूर्ण बहिष्कार करने का निर्णय लिया।

स्वास्थ्य कर्मियों के लिए सुरक्षित कार्यस्थल संघर्ष समिति द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि सरकार की ओर से मांग से संबंधित कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसलिए अब हमारे पास अपने विरोध को मजबूत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। प्रदर्शनकारी रेजिडेंट डॉक्टरों ने स्वास्थ्य कर्मियों के लिए सुरक्षित कार्यस्थल संघर्ष समिति के नाम से सोमवार को तीन घंटे तक ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार किया। उन्होंने बैनर, तख्तियों के साथ प्रदर्शन किया और सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक देशभर के मेडिकल कॉलेजों और गैर-संस्थागत स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार किया।

# गोरखपुर में सनसनीखेज वारदातः सिरफिरे ने दो बहनों को गोली मारने के बाद खुद को उड़ाया



**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के सिविल लाइन क्षेत्र में सिरफिरे ने घर में घुसकर दो बहनों को गोली मारने के बाद खुद को भी गोली से उड़ाया। घटना के समय भाई अमन यादव बाहर परीक्षा देने गया था। बताया जा रहा है कि सिरफिरा बड़ी लड़की से एकतरफा प्यार करता था।

घटना शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे की बताई जा रही है। सिविल लाइंस में स्थित आवास में दो बहनें पूजा यादव पुत्री अनंत कुमार यादव निवासी सिविल लाइंस व नैंसी यादव को सिरफिरे मनदीप यादव, निवासी ग्राम खड़ीहनी आजमगढ़ ने गोली मारी। बताया जा रहा है कि पूजा यादव से शादी करना चाहता था। परिवार वालों ने पूजा की शादी कहीं और तय कर दी थी। जिस कारण वह नाराज था। शुक्रवार को मनदीप यादव आया और दोनों बहनों को गोली मार दी। बाद में खुद को भी गोली मार ली। तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल जनपद गोरखपुर में भर्ती कराया गया है।

# सीएमओ ने खराब भवन की मरम्मत कराने का दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. राजेश झा ने बृहस्पतिवार को गोला सीएचसी और उरुवा पीएचसी का निरीक्षण किया। गोला सीएचसी में उपकरणों की कमी मिलने पर जाने पर अधीक्षक को शीघ्र मांग पत्र भेजने के निर्देश दिए गए। वहीं ऊरवा पीएचसी में मरीजों की भीड़ और भवन की खराब स्थिति देख कर मरम्मत के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य सेवाएं निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। इससे पहले बुधवार की शाम को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक विकास भवन सभागार में जिला विकास अधिकारी राज मणि वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले भर में चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की सेवाओं को और बेहतर बनाने तथा नवाचारों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. राजेश झा ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रचार-प्रसार की रणनीति बनाई जा रही है जिससे आमजन सामान्य बीमारियों के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचें और केवल विशेषज्ञ सेवाओं के लिए जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज जाएं। सीएमओ ने बताया कि नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों और उच्च संस्थानों पर प्रचार सामग्री लगवाई जा रही है जिससे मरीजों को उचित मार्गदर्शन मिल सके। बैठक में जिला अस्पताल के नवागत प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय का स्वागत भी किया गया।

बैठक के दौरान परिवार नियोजन कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, टेलीकंसल्टेशन, राष्ट्रीय कार्यक्रमों और अन्य प्रमुख सेवाओं के बारे में चर्चा की गई। इसमें जिन ब्लॉक या कार्यक्रमों का प्रदर्शन खराब मिला उन्हें सीएमओ ने चेतावनी भी दी। गोला सीएचसी के चिकित्सक हुए निलंबित सीएमओ ने बताया कि गोला सीएचसी के चिकित्सक डॉ. तनवीर असलम अंसारी की लगातार अनुपस्थिति को लेकर शासन को रिपोर्ट भेजी गई थी।

## कुल्हाड़ी से मारकर बुजुर्ग महिला की हन्या, आरोपी गांव का ही रहने वाला



**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां बेलीपार में कुल्हाड़ी से मारकर बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई है। बेलीपार क्षेत्र के ककराखोर गांव में मनबढ़ युवक ने किसी बात को लेकर शाम के समय कैलाशी देवी 65 की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। आरोपी गांव का ही गोलू उर्फ लखन सिंह बताया जा रहा है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# बालू लादकर खड़े ट्रेलर से भिड़ी बस, एक महिला की मौत- पांच घायल

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**




दोहरीघाट डिपो की रोडवेज बस प्रयागराज से सवारी भरकर गोरखपुर आ रही थी। गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे के आसपास नौसढ़ चौकी क्षेत्र के बाघागाड़ा के पास पहुंची थी। बताया जा रहा है कि तभी बस चालक को अचानक झपकी आ गई। झपकी से चालक बस का नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़े बालू लदे ट्रेलर से टकरा गया। गीडा थाना क्षेत्र के बाघागाड़ा इलाके में बालू लादकर खड़ी ट्रेलर के पीछे से एक रोडवेज की बस टकरा गई। टक्कर इतना तेज थी कि मौके पर बस में सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे नौसढ़ चौकी इंचार्ज ने घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोहरीघाट डिपो की रोडवेज बस प्रयागराज से सवारी भरकर गोरखपुर आ रही थी। गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे के आसपास नौसढ़ चौकी क्षेत्र के बाघागाड़ा के पास पहुंची थी। बताया जा रहा है कि तभी बस चालक को अचानक झपकी आ गई। झपकी से चालक बस का नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़े बालू लदे ट्रेलर से टकरा गया। टक्कर की आवाज सुनकर अगल बगल के गांवों से लोग दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे और घायलों को बस से बाहर निकालने में जुट गए। बस में सवार रिंकी सिंह(45) पत्नी अरुण सिंह, निवासी मुंडेरा धूमनगंज प्रयागराज की मौत हो गई। साथ ही महिला के पुत्र आदर्श सिंह (18) और नितेश सहित अन्य तीन अन्य घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना के बाद पहुंची पुलिस घायलों को एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां दो घायलों को हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

# मजदूर दिवस के उपलक्ष में की गई कर्मचारियों की सहायता

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित सेंट ज़ेवियर्स स्कूल का अपने सहायकों और सपोर्ट स्टाफ की सहायता करने का अनूठा प्रयास मजदूर दिवस के अवसर पर देखने को मिला । बच्चों ने सेवा भाव से कर्मचारियों की सहायता की । सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रधानाचार्य आसिम रूमी ने 2 मई को बताया कि कोई भी सफलता एकल प्रयासों से संभव नहीं, किसी भी बड़े काम को करने के लिए एक डेडीकेटेड , समर्पित टीम की जरूरत होती है । उन्होंने कहा कि टीम बनती है मेहनत कश इंसानों से, सपोर्ट स्टाफ से, मेंटिनेंस स्टाफ से, हेल्पिंग स्टाफ से और सुरक्षा स्टाफ से । मजदूर दिवस का दिन अपने उन सहयोगियों का आदर करने उनकी सहायता करने ओर उनको ये एहसास कराने का है जो अपनी जुबान से कुछ कहते नहीं है सिर्फ सहते है और अपने काम में एक रोबोट की तरह सुबह से रात तक लगते हैं । उन्होंने कहा कि आप हमारे लिए उतने ही महत्वपूर्ण है जितना दूसरा और कोई बड़े पद पर या समकक्ष बैठा परिवार का अन्य सदस्य । बिना आपके सहयोग के हम अधूरे हैं । श्रम दिवस के उपलक्ष्य में सेंट जेवियर्स स्कूल में एक विशेष दान संग्रह एवं सहायता अभियान पूरे हफ्ते चला । इसमें विभिन्न क्लासेज में बच्चों को पहले दया और दान से संबंधित कहानियों व सत्य घटनाओं से स्टूडेंट्स का परिचय कराया गया । इस समाज सेवी कार्य में बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने अपनी स्वेच्छा से इस अभियान को अपनी भागीदारी से सफल और जरूरतमंद को दान कर स्वयं के लिए पुण्य अर्जित किया। सभी ने मिलकर खाद्य सामग्री, कपड़े, जूते और दैनिक उपयोग की वस्तुएं एकत्रित की । सभी वस्तुओं को स्कूल के हेल्पिंग और मेंटिनेंस स्टाफ में बराबर बराबर बांट दिया गया । उन्होंने बताया कि विषेश प्रार्थना के समय कक्षा 6 डी की छात्रा सिमर मिश्रा द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के विषय में उसके इतिहास विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि भारत में लेबर किसान पार्टी ऑफ हिन्दुस्तान ने 1 मई 1923 को मद्रास में इसकी शुरुआत की। प्राचार्य आसिम रूमी ने अपने भाषण में मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को अपने सहायकों और अपने काम में शामिल छोटे कर्मचारियों के प्रति रहमदिल और अपनी जिम्मेदारियां एक अभिभावक की तरह निभाने के प्रति प्रेरित और जागरूक किया। प्राचार्य श्री रुमी ने बताया कि जेवियर्स परिवार एवं अभिभावकों के सह?योग से प्राप्त सामग्री का वितरण 02 मई को प्रार्थना सभा में किया गया ।वितरण कार्यक्रम में छात्रों लिव्लीन कौर, सिमर मिश्रा, सान्वी पाण्डेय, प्रांजल गुप्ता, अपर्णा तिवारी, आरोही झा, वृद्धि जैन ने स्वयं भाग लिया और सेवा भावना के साथ स्कूल के सपोर्ट स्टाफ शारदा शुक्ला, मीरा, सुशीला रानी, गुडिया, पार्वती, श्याम्राजी, नीलम, आरती, रामावती, नरसिंह, राहुल, विजय, संजय शुक्ला, परमात्मा उपाध्याय को दैनिक इस्तेमाल की चीज़ें ओर उपहार सौंपें । कार्यक्रम से छात्रों में करुणा सहानुभूति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का एक सफल प्रयास रहा । अभिभावकों द्वारा खुलकर जरूरतमन्दो हेतु सामग्री बच्चों द्वारा विद्यालय को उपलब्ध करवाई गई जिसके लिए प्राचार्य ने अपने अभिभाषण में आभार भी व्यक्त किया । उन्होंने बताया इस अवसर पर स्कूल का एक सहायता समूह भी गठित किया गया है । कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा मिश्रा और अन्य व्यवस्थाएं रजनी, लाईक अहमद, रिजवान तथा बिजॉय ने संभाली।

# भाजपा महिला मोर्चा ने आयोजित किया महिला सम्मान समारोह

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से एक राष्ट्र एक चुनाव के तहत महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहराइच-श्रावस्ती विधान परिषद सदस्य डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने सरकार की उपलब्धियों को बखान किया।

जानकारी के अनुसार 2 मई को आयोजित महिला सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि महिलाओं का सम्मान सिर्फ भाजपा सरकार में ही हुआ है। केन्द्र व प्रदेश की सरकार महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। सपा की सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं थीं। योगी सरकार ने अपराधियों पर अंकुश लगाया है। सभी अपराधी या तो जेल में है या प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं। महिलाएं आज रात में निश्चिन्त होकर बाहर निकल सकती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ श्रद्धा सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव में महिलाओं की भूमिका अहम है। महिलाएं इस फैसले का समर्थन करेंगी तो पूरा परिवार एक राष्ट्र एक चुनाव में अपना योगदान देने में पीछे नहीं रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि गांव-गांव एवं शहर-शहर भाजपा ने एक राष्ट्र एक चुनाव का अभियान चलाया है। पुरुष के साथ महिलाओं का भी इसमें अहम भूमिका है। महिलाएं इस अभियान को संकल्प मानकर जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। एक राष्ट्र एक चुनाव होने पर देश तेजी के साथ विकास करेगा। वहीं जनता का पैसा विकास कार्यों में खर्च होगा। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता तिवारी ने अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष उतरौला सविता गुप्ता, सुधा पाण्डेय, नंदनी शुक्ला, जिला महामंत्री बिन्दू विश्वकर्मा, झूमा सिंह, महिला मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष मंजू तिवारी, सरिता शुक्ला, सविता सिंह, डॉ एमपी तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, अपूर्व प्रताप सिंह, मयूर सूर्यवंशी व अभिषेक सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अपहरण के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर




जनपद के बसखारी पुलिस ने 14 वर्षीय अपहृत छात्रा को आरोपी की निशानदेही पर 12 घंटे के अंदर बरामद करते हुए अपहरण कर्ता को जेल भेज दिया। बताते चले की बसखारी थाना क्षेत्र के एक 14 वर्षीय छात्रा 30 अप्रैल को स्कूल के लिए घर से निकली थी।

जिसका रास्ते में दूसरे प्रांत के अपहरण कर्ता द्वारा अपहरण कर लिया गया था। जिस पर परिजनों द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी छात्रा का कहीं सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने थाने पर गुमशुदी का मुकदमा दर्ज कराया था। गुमशुदी का मुकदमा दर्ज करने के बाद हरकत में आई बसखारी पुलिस ने दो टीम गठित कर बाजार में लगे सीसीटीवी फुटेज को खांगालते हुए अपहरण की आशंका व्यक्त करते हुए अपना तलाश जारी रखा। सीसीटीवी फुटेज मे अपहरण कर्ता तथा फुटेज पुलिस को दिखाई पड़ा। जिसके आधारजांच करने पर पुलिस अभियुक्त सज्जन सिंह पुत्र बांकेलाल (20) निवासी कैराती का पूरवा थाना इशानगर जनपद लखीमपुर खीरी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया।अभियुक्त ने कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि लड़की को मैंने अपने भाई मुन्ना उर्फ मुनऊ यादव के साथ घर भेज दिया है। जो अकबरपुर रोडवेज पर मेरा इंतजार कर रहा है। इस सूचना पर थाना बसखारी पुलिस टीम द्वारा अकबरपुर रोडवेज पहुँचकर अभियुक्त की निशांदेही पर अपहृता को बरामद कर लिया। तथा अभियुक्त सज्जन सिंह का भाई मुन्ना उर्फ मुनऊ यादव भीड़ का फायदा उठाते हुए मौके से भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त सज्जन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया तथा दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। एवं अपहृत छात्रा का मेडिकल परीक्षण कर कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया नियुक्त पत्र

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




नव चयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, विधायक बलरामपुर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा, डीएम पवन अग्रवाल द्वारा नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा सभी नव चयनित या आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शुभकामनाएं दी गई, उन्होंने कहा कि सभी नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्री लगन एवं मेहनत से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। इस अवसर पर विधायक सदर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनमानस की सुविधा के लिए बड़ा कदम उठाते हुए खाली पड़े आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के पदों को भरने का कार्य किया गया है। जनपद में आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती पूरी पारदर्शिता सुचिता एवं मेरिट के आधार पर संपन्न हुई है , आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों को भरे जाने से ग्रामों में सुपोषण का स्तर और बेहतर होगा ।

इस अवसर पर डीएम ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के सुपोषण में महत्वपूर्ण रोल होता है , आंगनबाड़ी कार्यकत्री यह सुनिश्चित करें कि ग्राम में सभी गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण हो तथा जननी सुरक्षा योजना, मातृत्व सुरक्षित अभियान आदि योजना का लाभ पात्रों को मिले।

उन्होंने कहा बच्चे देश का भविष्य है , सभी बच्चे सुपोषित हो , सभी नव चयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्री इस क्षेत्र में विशेष रूप से कार्य करें।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनपद स्तर पर आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना सिटी एवं देहात की नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया है। शीघ्र ही विकास खंडवार कार्यक्रम आयोजित करते हुए सभी चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाएगा।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त , जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी , संबंधित सीडीपीओ व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्रों को सम्मानित कर किया संवाद

■ मेहनत , अनुशासन एवं आत्मविश्वास सफलता का हैं मूल मंत्र - डीएम

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में जनपद में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र का सम्मान समारोह डीएम श्री पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डीएम द्वारा मेधावी छात्रों से परिचय प्राप्त करते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सभी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षक गण को दिया।

डीएम ने सभी मेधावी छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा अनुशासन, आत्मविश्वास एवं मेहनत सफलता के मूल मंत्र है। सभी छात्र हमेशा सीखने का प्रयास करें एवं किसी से भी प्रतिस्पर्धा ना रखते हुए स्वयं से प्रतिस्पर्धा रखें।

इस अवसर पर हाई स्कूल में जनपद में प्रथम स्थान लाने वाली छात्रा प्रीति सिंह, द्वितीय स्थान लाने वाले छात्र विश्वास पटेल, तृतीय स्थान लाने वाले छात्र अरशद वारसी खान, अनामिका मिश्रा, मनोज कुमार मौर्य, चतुर्थ स्थान लाने वाले छात्र अंश दुबे, महिमा गुप्ता, पांचवा स्थान लाने वाले छात्र गिरजेंद्र पटेल, छठवां स्थान लाने वाले छात्र अमरनाथ शुक्ला, सातवां स्थान लाने वाले युवराज सिंह यादव, कोमल, अनामिका कसौधन, आठवां स्थान लाने वाले छात्र गोल्डी गुप्ता, नौवा स्थान लाने वाले छात्र दिव्यांशी शुक्ला, दसवां स्थान प्राप्त करने वाले छात्र असनाया जायसवाल मलिक शोएब को डीएम एवं एसपी द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में जनपद में प्रथम स्थान लाने वाले छात्र दिव्यांश तिवारी, जैनब खान, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र साक्षी पांडे, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र आदर्श उपाध्याय, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र शिवांगी कौशल, पंचम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र प्रिंसी उपाध्याय, छठवां स्थान प्राप्त करने वाले अमरजीत मिश्रा, सातवां स्थान प्राप्त करने वाले लकी दुबे, आठवां स्थान प्राप्त करने वाले फातिमा, नौवां स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अंकित कुमार कसौधन, हर्ष पांडे, दसवां स्थान प्राप्त करने वाले छात्र प्रभाकर कुमार कैरति को डीएम एवं एसपी द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अवैध होर्डिंग : न नियम, न कायदा.. निगम को नुकसान, दलालों को हो रहा फायदा

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। अलीगढ़ में नगर निगम की आंखों के सामने अवैध होर्डिंग का कारोबार फलफूल रहा है। कुछ दबंग किस्म के कारोबारी बिना अनुमति के ही बड़े-बड़े होर्डिंग लगा देते हैं और फिर राजनीतिक संरक्षण और निगम के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से उन्हें लंबे समय तक बनाए रखते हैं। अलीगढ़ शहर में होर्डिंग कारोबार से जुड़े लोग नगर निगम के नियम और कायदों को नहीं मानते हैं। कुछ ऐसे कारोबारी सक्रिय हैं जो नेताजी का होर्डिंग तैयार करने के साथ ही उसे अवैध रूप से निर्धारित अवधि तक तय जगह पर लगवाने तक का ठेका ले रहे हैं। इस पूरे खेल में होर्डिंग लगवाने, लगाने वाले और निगम के कुछ कर्मचारियों का भी फायदा होता है, लेकिन इसका सीधा नुकसान निगम के राजस्व को होता है। कुछ दबंग किस्म के कारोबारी बिना अनुमति के ही बड़े-बड़े होर्डिंग लगा देते हैं और फिर राजनीतिक संरक्षण और निगम के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से उन्हें लंबे समय तक बनाए रखते हैं। इस अवैध धंधे के कारण नगर निगम को हर महीने लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

# आगरा में दिनदहाड़े स्वर्णकार की गोली मारकर हत्या, एक्टिवा से आए हमलावर

जन एक्सप्रेस । आगरा




सिकंदरा बोदला रोड पर बाइक सवारों ने 60 वर्षीय स्वर्णकार को गोली मार दी। लूट के दौरान स्वर्णकार बदमाशों से भिड़ गए। विरोध करने पर गोली मारकर हत्या कर दी गई।

आगरा के थाना सिकंदरा क्षेत्र के कारगिल चौराहे पर बालाजी ज्वेलर्स की दुकान में बदमाशों ने धावा बोल दिया। यहां से सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। इस दौरान सराफ भी बदमाशों से भिड़ गए। बदमाशों ने तमंचे से सराफ को गोली मार दी। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। सराफ को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के रामा एंक्लेव निवासी योगेश चौधरी की कारगिल चौराहे के पास बालाजी ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। सुबह 10:00 बजे उनके कर्मचारी रेनू ने दुकान खोली थी। इसके 15 मिनट बाद ही दो नकाबपोश बदमाश मौके पर आ गए। कर्मचारी रेनू को तमंचा दिखाकर बैग में सोने चांदी के जेवरात रखकर भागने लगे।

इस दौरान दुकान मालिक योगेश चौधरी आ गए। उन्होंने बदमाशों को टोक दिया। इस पर एक बदमाश ने तमंचा निकालकर गोली मार दी। इसके बाद एक्टिवा पर सवार होकर फरार हो गए। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

# कार ने दरोगा को रौंदा...20 मीटर तक बाइक संग घसीटा

जन एक्सप्रेस । आगरा

बेवर थाने में तैनात दरोगा की सड़क हादसे में मौत हो गई। कार ने दरोगा की बाइक में टक्कर मारी। बाइक कार में फंस गई, जिसकी वजह से 20 मीटर दरोगा बाइक के साथ घिसटती हुए चले गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मैनपुरी के बेवर थाने में तैनात दरोगा की कार की टक्कर से मौत हो गई। ये हादसा उस समय हुआ जब एसआई एक हादसे की जांच के लिए मौके पर पहुंचे थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। दरोगा की मौत की खबर मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। मामले के अनुसार बेवर थाने के हल्का नंबर दो में तैनात एसआई राकेश गौतम कस्बे के फर्रुखाबाद रोड पर सड़क दुर्घटना के मुकदमे का नक्शा बनाने लगभग 2:00 बजे जा रहे थे। ग्राम दहेड के सामने पीछे की ओर से जा रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्ती कि एसआई लगभग 20 मीटर तक बाइक समेत घिसटते चले गए। गंभीर रूप से चोटें आने पर उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही थाने पर हड़कंप मच गया। मृतक एसआई राकेश गौतम पुत्र रूपचंद गौतम निवासी लालगढ़ी थाना सादाबाद जिला हाथरस 55 वर्ष वर्तमान में आगरा के आवास विकास में मकान बनाकर रह रहे थे। पुलिस ने सड़क दुर्घटना को अंजाम देने वाले चालक को गिरफ्तार कर लिया है। कार बेवर थाना क्षेत्र के ही ग्राम मटैना निवासी रिटायर्ड दरोगा अजय पाल सिंह की बताई जा रही है।

# सुमन को आगरा में रोका, अलीगढ़ में सपा नेता किए नजरबंद, पुलिस-प्रशासन सतर्क

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



27 अप्रैल को रामजी लाल सुमन का काफिला बुलंदशहर जा रहा था। अलीगढ़ में काफिले पर टायर फेंके गए और काले झंडे दिखाए गए। गभाना टोल पर पुलिस-प्रशासन ने रामजी लाल सुमन को आगरा वापस कर दिया था।

सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन का आज अलीगढ़ आने का कार्यक्रम था। आगरा के पुलिस-प्रशासन ने रामजी लाल सुमन और उनके काफिले को वहीं पर रोक दिया है। सुमन के अलीगढ़ आगमन को लेकर हाथरस और अलीगढ़ में पुलिस-प्रशासन सतर्क है।

अलीगढ़ के लोधा क्षेत्र में पिछले दिनों यू-ट्यूबर छविकांत, राहुल व प्रदीप को पीटा गया था। आरोप है कि उन्हें जय भीम बोलने पर पीटा गया। प्रदेशाध्यक्ष के निर्देश पर रामजी लाल सुमन की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल इन युवकों के आवास नगला कलार पर आने की प्लानिंग में था। बताया जा रहा है कि आज सुबह ही आगरा पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारी रामजी लाल सुमन के आवास पर पहुंचे और उन्होंने सुरक्षा कारणों के मद्देनजर अलीगढ़ जाने से रोक दिया। रामजी लाल सुमन के आगरा आवास पर सपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी पहुंच गए हैं।आगरा में जाने वाले प्रतिनिधि मंडल में अलीगढ़ से सपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धनगर, महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद घोषी, सपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारती, प्रदेशाध्यक्ष संतोष जाटव, पूर्व विधायक जफर आलम, वीरेश यादव, जिला महासचिव मनोज यादव व शहर विधानसभा अध्यक्ष मो. साजिद शामिल हैं। इन्हें पहले आगरा, फिर वहां से अलीगढ़ के लोधा जाना था। अलीगढ़ पुलिस ने सपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धनगर और अन्य सपा नेताओं को नजरबंद कर दिया है। 27 अप्रैल को रामजी लाल सुमन का काफिला बुलंदशहर जा रहा था। अलीगढ़ में काफिले पर टायर फेंके गए और काले झंडे दिखाए गए। गभाना टोल पर पुलिस-प्रशासन ने रामजी लाल सुमन को आगरा वापस कर दिया था। काफिले पर हमले को लेकर मामला दर्ज हुआ था और चौकी इंचार्ज को निलंबित किया गया था।

# धीमी गति से चल रहा काम, दिन भर लग रहा जाम

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

क्वार्सी चौराहे के सुंदरीकरण व ओवरब्रिज निर्माण कार्य भी बेहद धीमी गति से हो रहे हैं। सुबह से लेकर देर रात तक जाम के हालात बने रहते हैं। अलीगढ़ शहर में चल रहे निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहे हैं। सारे काम दिन में किए जा रहे हैं। इससे यहां लगने वाले जाम के चलते वाहन चालकों व राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सर्वाधिक परेशानी स्कूल, कॉलेज खुलने से लेकर छुट्टी होने तक बनी रहती है। जाम लगने से छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। कई बार एंबुलेंस भी जाम में फंसी नजर आती हैं। सुबह से लेकर देर रात तक जाम के हालात बने रहते हैं। क्वार्सी चौराहे के सुंदरीकरण व ओवरब्रिज निर्माण कार्य भी बेहद धीमी गति से हो रहे हैं। सड़कों की मरम्मत के नाम पर शहर को खोद दिया गया है। कोई सड़क, गली ऐसी न हो जहां खोदाई न चल रहा हो। सड़कें ऊबड़-खाबड़ हो चुकी हैं। नगर निगम शहर भर में सड़क व अन्य निर्माण कार्य करा रहा है। निर्माणदायी संस्थाओं को तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। कोशिश की जा रही है कि जल्द ही सारे कार्य पूरे हों ताकि जाम से निजात मिल सके। - यहां चल रहा निर्माण व मरम्मत का काम क्वार्सी चौराहा, रामघाट रोड पर किशनपुर तिराहे से लेकर मैरिस रोड, रामघाट रोड पर जनकपुरी से लेकर मानसरोवर, केला नगर चौराहा से मैरिस रोड, अब्दुल्ला कॉलेज से लाल डिग्गी रोड तक निर्माण कार्य चल रहा है।

# अराजक तत्वों ने बाबा साहब की प्रतिमा खंडित, मुकदमा दर्ज





■ घटना की सूचना पर सीओ कलवारी, थाना नगर, कलवारी व कप्तानगंज की पुलिस मौके पर रही मौजूद

जन एक्सप्रेस। बस्ती

बस्ती जिले के बहादुरपुर ब्लाक मुख्यालय के बगल नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मटेरा गांव में स्थित अम्बेडकर पार्क में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा को अराजक तत्वों ने खंडित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे सीओ कलवारी, एसओ नगर, कलवारी व कप्तानगंज मौके पर पहुंचे। ग्रामीण की तहरीर पर अज्ञात लोग के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। प्रशासन ने ग्राम प्रधान के सहयोग से बाबा साहब की नई प्रतिमा स्थापित करवाते हुए आक्रोशित लोगों को शांत करवाया गया।

बता दें शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे नगर थाना क्षेत्र के मटेरा गांव निवासी रामजी नित्यक्रिया के लिए गये तो उनकी नजर अम्बेडकर पार्क में लगे बाबा साहब के प्रतिमा पर पड़ी तो बाबा साहब के प्रतिमा में सिर गायब था। स्थापित प्रतिमा से लगभग बीस मीटर दूर बिजली के पोल के पास उन्हें सिर दिखाई दिया। रामजी नें घटना की सूचना गांव में दिये तो गांव के लोग प्रतिमा के पास पंहुच गये। सुबह लगभग छः बजे अवनीश द्वारा घटना की सूचना स्थानीय पुलिस व ग्राम प्रधान चंदन सिंह को दी गई। मौके पर पंहुची पुलिस ने दूसरी प्रतिमा स्थापित कराने की बात कह कर ग्रामीणों को शांत कराया गया। वहीं मटेरा गांव निवासी हनुमंत की तहरीर पर अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर थानाध्यक्ष द्वारा जांच चौकी प्रभारी करहली अविनाश सिंह को दिया गया है।

वहीं बाबा साहब की प्रतिमा खंडित होने की सूचना मिलते ही सीओ कलवारी प्रदीप कुमार तिवारी, थानाध्यक्ष नगर देवेन्द्र सिंह, थनाध्यक्ष कलवारी दिनेश चंद्र व थानाध्यक्ष कप्तानगंल सुनील कुमार गौड़ के साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। इधर सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी होने पर आस पास गांव के बड़ी संख्या में बाबा साहब के अनुयायियों के अलावा दलित उत्थान समिति बहादुरपुर के राजेन्द्र कुमार, भीम युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू राव, आजाद सामज पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित कुमार, उपध्यक्ष बलजीत कन्नौजिया, बसपा के पूर्व मंडल कोर्डिनेटर केपी राठौर, महादेवा विधान सभा संयोजक सुरेन्द्र कुमार आजाद आदि राजनीतिक पदाधिकारिय पहुंच गए और मामले में।कार्यवाई की मांग करने लगे। वहीं स्थित न बिगड़े इसे लेकर पुलिस अलर्ट मोड में दिखी। थानाध्यक्ष नगर देवेन्द्र सिंह ने लोगों को मुकदमा पंजीकृत कराकर कार्यवाई का भरोसा दिया। लगभग साढ़े ग्यारह बजे दूसरी प्रतिमा स्थातिप होने के बाद स्थिति सामान्य हुई।

### ग्रामीणों ने एसडीएम को संबोधित दिया ज्ञापन, कार्यवाही की मांग

नगर थाना क्षेत्र के मटेरा गांव में घटना स्थल पर पहुंचे नायब तहसीलदार कमलेन्द्र सिंह को गांव वालों की तरफ से सोनू राव ने उपजिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणो ने मांग किया कि स्थापित प्रतिमा के चारो तरफ वाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराकर गेट लगाया जाय, प्रतिमा के सीसीटीवी कैमरा लगाया जाय तथा जिसने भी प्रतिमा खंडित करने जैसा घृणित कार्य किया है मुकदमा पंजीकृत कर कठोर कार्यवाही किया जाय जिससे ऐसी घटना दोबारा न हो। लगभग दस बजे उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर राजेश कुमार यादव ने मौके पर पंहुच कर लोगो से शांति स्थापित करने में सहयोग मांगा। प्रशासन के लोगों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसे लेकर प्रयास किया जा रहा है और मामले में अराजक तत्वों पर कठोर कार्यवाई होगी।

# प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष का शिक्षकों ने किया स्वागत

जन एक्सप्रेस। बस्ती



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा का शिक्षकों ने जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह और जिला मंत्री बालकृष्ण ओझा की अगुवाई में शुक्रवार को शहर के पटेल चौक पर भव्य स्वागत किया। वे एक निजी कार्यक्रम में कुशीनगर जा रहे थे उनके साथ जा रहे प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव शंकर पाण्डेय और प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी का भी स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने शिक्षकों का उत्साह वर्धन करते हुये कहा कि गुरुवार को प्रदेश के सभी जनपदों में हुए धरने से सरकार को चेताने का कार्य किया गया है। कहा कि विभाग से लेकर शासन तक लगातार हम लोग पैरवी कर रहे हैं जिसके फलस्वरूप हमारी सभी मांगें सरकार के संज्ञान में हैं। कहा कि कुछ मामलों में सहमति बन भी चुकी है। पुरानी पेंशन, 2005 के पूर्व विज्ञापन वाले शिक्षको को पेंशन देने, वर्षो से रुकी पदोन्नति प्रक्रिया बहाली, चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान, सामूहिक बीमा बहाली आदि प्रमुख समस्याएं जो हैं उसको लेकर संघ गंभीर है और उसका संघ लगातार विरोध भी कर रहा है। समस्याओं के निराकरण होने तक लगातार विरोध जारी रहेगा।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से दुर्गेश यादव, राजकुमार तिवारी, हरेंद्र यादव, संजय चौधरी, संजय यादव, गिरजेश सिंह, अविनाश दुबे, डॉ प्रमोद सिंह, सुधीर तिवारी, मंगला मौर्य, अखिलेश पाण्डेय, प्रवीण श्रीवास्तव, राकेश पाण्डेय, प्रशांत बरगाह, मुरलीधर, अटल उपाध्याय, वेद उपाध्याय, मोहम्मद असलम, सत्य प्रकाश कन्नौजिया, आशीष दुबे, बृजेश त्रिपाठी, अनिल पाठक आदि शामिल रहे।

## बाइक व मैजिक से टक्कर में तीन घायल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जफराबाद। क्षेत्र के शिवपुर गांव के पास स्थित नहर पुलिया के पास शुक्रवार को बाइक और मैजिक की टक्कर में बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए। इनमें एक की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने घायलों को जिला चिकित्सालय भिजवाया। मैजिक व बाइक को कब्जे में ले लिया।

जलालपुर क्षेत्र रमदतपुर गांव निवासी अजय चौहान22वर्ष पुत्र साहबलाल चौहान, श्यामराज चौहान 45 वर्ष सन्तोष चौहान 30 वर्ष पुत्र नन्द चौहान बाइक से बेलाव की तरफ से घर आ रहे थे। ऊक्त नहर पुलिया के पास विपरीत दिशा से एक मैजिक जा रही थी। असंतुलन खराब होने के कारण बाइक और मैजिक आपस में टकरा गयी। दोनों वाहनों की गति काफी तेज होने से बाइक सवार तीनो काफी दूर जाकर गिर गए। तीनो को काफी गम्भीर चोट आयी है।

## एक ही मोहल्ले से तीन किशोरियां रहस्यमय ढंग से लापता

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

कोतवाली क्षेत्र शहर के पुरानी बाजार पुलिस चौकी अंतर्गत एक मोहल्ले से एक साथ तीन किशोरियों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो जाने की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। बुधवार शाम करीब 5ः00 बजे तीनों लड़कियां घर से यह कहकर निकली थीं कि वे भूदरा शाह बाबा के उर्स के मेले में जा रही हैं, लेकिन इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चला।

लापता लड़कियों में एक की उम्र 14 साल, दूसरी 17 साल और तीसरी की उम्र 19 साल बताई जा रही है। जब देर रात तक तीनों घर नहीं लौटीं, तो परिजनों ने पहले अपनी तरफ से तलाश शुरू की ध् रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, भंडारी जंक्शन, सिटी स्टेशन और रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। हारकर गुरुवार को परिजन कोतवाली पहुंचे और मामले की सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी मिथिलेश कुमार मिश्रा ने तत्काल एफआईआर दर्ज कराते हुए मामले की जांच का जिम्मा पुरानी बाजार चौकी प्रभारी गोविंद कुमार मौर्य को सौंपा और जल्द से जल्द लड़कियों की बरामदगी का निर्देश दिया।

एक साथ तीन-तीन किशोरियों का अचानक लापता हो जाना मामूली बात नहीं है। इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं परिजनों पर जैसे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मातम और डर के बीच लोगों के मन में अनगिनत सवाल तैर रहे हैं ध् क्या यह अपहरण का मामला है? क्या लड़कियों को बहला-फुसलाकर भगाया गया? या फिर इसके पीछे कोई और बड़ी साजिश है?

पुलिस हर एंगल से जांच में जुट गई है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। लेकिन अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर तीनों किशोरियां कहां हैं?

# विधायक ने किया बाल वाटिका कक्ष और दिव्यांग शौचालय का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर हो रहे सुधारों और सरकार की विकासशील योजनाओं के तहत विधानसभा क्षेत्र के मुरादपुर कोटिला स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को एक अहम कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री रमेश चंद्र मिश्र ने बाल वाटिका के अतिरिक्त कक्ष तथा दिव्यांगजनों के लिए निर्मित विशेष शौचालय का विधिवत लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में विधायक श्री मिश्र ने विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार शिक्षा को प्राथमिकता दे रही हैं। विशेषकर बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में कायाकल्प की दिशा में सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं, और उनके लिए बेहतर शैक्षिक माहौल सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि पीएम श्री योजना के तहत देशभर के स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। डिजिटल क्लासरूम, स्मार्ट लर्निंग, स्वच्छ शौचालय और बाल वाटिका जैसी सुविधाएं अब हर विद्यालय का हिस्सा बन रही हैं।

इस अवसर पर उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद पाण्डेय ने कहा कि यह विद्यालय अब आदर्श मॉडल बनकर अन्य स्कूलों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राम सहाय पाण्डेय, सत्यदेव सिंह, उमेश मिश्र आशु, प्रधानाध्यापक राजेश सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, राजभारत मिश्र, श्रीमती विभा शुक्ला, रामकृष्ण गुप्ता, सुनील सिंह, संदीप पाठक, नरसिंह बहादुर सिंह, अरविंद सरोज सहित कई गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

यह लोकार्पण सिर्फ एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में विकास की एक नई इबारत है।

क्या आप चाहें तो मैं इसका एक छोटा प्रेस विज्ञप्ति संस्करण भी तैयार कर दूँ?

# किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म का आरोपित मुस्लिम युवक गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खुटहन थाना पुलिस ने पिछले माह अपहृत 16 वर्षीय किशोरी को बरामद कर अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के आरोपित मुस्लिम संप्रदाय के युवक को गिरफ्तार कर लिया। फरार दूसरे आरोपित की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव की 11 वीं कक्षा में पढ़ने वाली किशोरी गत 22 अप्रैल की दोपहर 12.30 बजे घर से निकलने के बाद लापता हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद न मिलने पर दूसरे दिन किशोरी के पिता ने थाने में तहरीर देकर महराजगंज के सवंसा निवासी मुस्लिम वर्ग के रेहान व प्रतापगढ़ निवासी नीलेश तिवारी पर बहका-फुसलाकर अपहरण कर लेने का आरोप लगाया। अपहरण व पाक्सो एक्ट का केस दर्ज कर पुलिस तलाश में जुट गई। मिले सुराग पर गुरुवार की शाम करीब साढ़े चार बजे थाना प्रभारी निरीक्षक मुन्ना राम घुसिया ने उपनिरीक्षक तरुण श्रीवास्तव, कांस्टेबल सोनू यादव व महिला आरक्षी पूनम के साथ दबिश देकर मल्हनी बाजार से किशोरी को बरामद कर वांछित आरोपित रेहान को गिरफ्तार कर लिया।

किशोरी के बयान के आधार पर पहले से दर्ज मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ाकर आरोपित का चालान कर दिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया दूसरे आरोपित नीलेश तिवारी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। शीघ्र ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पीड़िता का शुक्रवार को महिला कांस्टेबल की निगरानी में जिला महिला अस्पताल भेजकर मेडिकल मुआयना कराया गया है।

# खानपान में गुणवत्ता का रखें विशेष निर्देश- डॉ.कौस्तुभ



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुम्भ ने शुक्रवार को विशाल परेड ग्राउंड का निरीक्षण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने का टिप्स दिए।

नियमित तौर पर पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आकर अच्यास करने व खानवपान पर विशेष ध्यान देने के संबंध में उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को विस्तार से बताया। पुलिस अधीक्षक श्री कौस्तुम्भ ने पुलिस अस्पताल में उपलब्ध दवाएं, इमरजेंसी चिकित्सा व्यवस्था, अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले लोगों की संख्या के बारे में काफी कुछ जानकारी ली।

कैंटीन में चाय नाश्ता और खाने-पीने की चीजों में शुद्धता बनाये रखने पर उन्होंने खास निर्देश दिया।

कहा कि भोजन और नाश्ता बनाते समय सामानों को पूरी तरह से ढक कर रखें। मेस संचालक और वहां की व्यवस्था देख रहे संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि बाजार से जो भी सामान खरीद कर लाते हैं। उसकी गुणवत्ता के लिये समय-समय पर जांच होनी चाहिए।

घटिया और गुणवत्ता विहीन सामान खाने में कभी भी प्रयोग न करें। जिससे भविष्य में किसी को भी खानपान में कोई दिक्कत ना आए।

### पहले की जांच में कितना हुआ सुधार

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने पुलिस लाइन ग्राउंड में निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों की वर्दी, उनके जूते, उनके ड्रेस और शस्त्र के रख रखाव उसकी देखभाल के बारे में काफी देर तक चर्चा की। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन के वरिष्ठ अधिकारियों से पिछले महीने निरीक्षण के दौरान मिली खामियों में अब तक की गई प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि पूर्व के निरीक्षण में जो खामियां थी उसे अब तक दुरुस्त किया गया कि नहीं।

एसपी डॉ कौस्तुभ ने परेड ग्राउंड निरीक्षण के बाद विभिन्न शाखाओ में शस्त्रागार रखे जाने, रजिस्टर पर उसके अंकन और कंप्यूटर सेल में उसकी दर्ज विस्तृत रिपोर्ट के बारे में बेहद ही सूक्ष्मता के साथ जानकारी ली। इसके अलावा खाने पीने की अन्य व्यवस्था को बेहद ही सूक्ष्मता के साथ निरीक्षण किया। जो खामियां मौके पर नजर आई उसे तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिए।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से होंगे प्रवेश

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में संचालित कोर्सों में सत्र 2025-26 में समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश हेतु पंजीकरण प्रारंभ हो गया है। कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में शुक्रवार को कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने परिसर में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के लिए समर्थ पोर्टल पर आवेदन फॉर्म लॉन्च किया।

विश्वविद्यालय में पहली बार समर्थ पोर्टल से प्रवेश होंगे। पाठ्यक्रमों की उपलब्ध सीटों के सापेक्ष इच्छुक अच्यर्थी विश्वविद्यालय के पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते है। विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर के 20। परास्नातक स्तर के 26 एवं डिप्लोमा के 5 पाठ्यक्रमों में पीयू कैट 2025 के माध्यम से प्रवेश होंगे। इस वर्ष 9 नए आधुनिक पाठ्यक्रम भी प्रारंभ हो रहे हैं, जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) हैं, वास्तु शास्त्र में डिप्लोमा, वैदिक ज्योतिष शास्त्र डिप्लोमा, वैदिक कर्मकांड डिप्लोमा, एल.एल. एम., एम.सी.ए इन्टीग्रेटेड जैसे पाठ्यक्रम शामिल हैं। ऑनलाइन आवेदन 10 जून तक स्वीकार किए जाएंगे।

समर्थ पोर्टल के माध्यम से छात्र ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, फीस भुगतान, दस्तावेज अपलोड, मेरिट सूची एवं सीट आवंटन जैसी सभी प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी रूप से पूरा कर सकेंगे। छात्र हेल्प डेस्क के माध्यम से ऑनलाइन सहायता भी प्राप्त कर सकते हैं।

इससे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी संचालित विषयों का विवरण एवं उपलब्ध सीटों की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट 1ड्डह्वश्चह्व.ड्डष्.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है।

ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के लिए शुभारम्भ अवसर पर रजिस्ट्रार महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद सिंह, पीयूकैट के अध्यक्ष प्रो. रजनीश भास्कर, समन्वयक प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. अरुण सिंह, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. गिरिधर मिश्र, नोडल अधिकारी डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. धीरेन्द्र चौधरी, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डी.आर. बबीता सिंह, अमृत लाल सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की मुहिम का आगाज़

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। महिलाओं और बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट ने निखार ब्यूटी पार्लर, खुजी मोड़, हिसामपुर रोड पर एक माह की निशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेविका पायल किन्नर ने किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, नारी सशक्तिकरण के इस युग में ऐसी कार्यशालाएं लड़कियों के लिए न केवल सीखने का अवसर हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर भी एक मजबूत कदम हैं। संस्थाध्यक्ष उर्वशी सिंह ने प्रशिक्षिका श्रीमती सरोज गुप्ता का आभार जताते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण युवतियों को न सिर्फ हुनरमंद बनाएगा, बल्कि उनमें आत्मविश्वास की भावना को भी मज़बूत करेगा। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा पहले भी इस प्रकार के कई प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। संस्थापक दीक्षा सिंह ने बच्चियों के उत्साह को देखकर खुशी जाहिर करते हुए कहा, इस तरह के आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों के भविष्य को संवारने में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। प्रशिक्षिका सरोज गुप्ता ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण के दौरान हर सप्ताह एक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# रील बनाने के चक्कर में जेल भेजे गए दो युवक

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

नागरिकों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने और भारतीय संपत्ति को नुकसान करने वालों के खिलाफ जिले की पुलिस टीम ने शिकंजा कस दिया है।

थाना बक्शा और आरपीएफ पुलिस टीम ने शुक्रवार को ऐसे ही दो युवकों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

जो रेलवे लाइन ट्रैक पर टीन का डिब्बा रखकर वीडियो बनाने में लगे हुए थे। इससे जहां रेलवे की संपत्ति को नुकसान संभावित था। वही किसी बड़े हादसे से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के निर्देश पर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने दोनों युवकों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर उनका चालान न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध रोकने और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना प्रभारी बक्शा के नेतृत्व में की जा रही जांच में इस घटना का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए युवकों में पहला अफजल अली उर्फ सोनू उम्र करीब 20 वर्ष, पुत्र अफसर अली, दूसरा अफजल अली, पुत्र रियाज अली है। दोनों निवासी ग्राम औंका, थाना बक्शा, जनपद जौनपुर हैं।

मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार सुबह सवा छह बजे पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी बार-बार यह कह रहे थे कि उनसे गलती हो गई है। पुलिस की जांच में यह सामने आया कि दोनों आरोपी सोशल मीडिया के लिए रील्स बनाते थे और घटनास्थल पर भी इसी उद्देश्य से टीन का ड्रम रखा गया था। उनके मोबाइल से भी इसी तरह की कई शूट वीडियो मिली हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ.नि. राकेश कुमार राय, हे.का. आदर्श कुमार सिंह, का. सतेन्द्र कुमार, का. राधेश्याम मीना (जौनपुर सिटी), हेड कांस्टेबल फूलचंद्र यादव (आर.पी.एफ. सीआईबी) शामिल रहे।

पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है। जिले के बदलापुर तहसील मुख्यालय स्थित श्रीकृष्णा नगर और सराय हरखु रेलवे स्टेशन के मध्य औंका गांव के पास रेलवे ट्रैक पर टीन का ड्रम रखे जाने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हालांकि यह मामला बुधवार रात 30 अप्रैल को सामने आया था। जब पुलिस को रेलवे ट्रैक पर एक संदिग्ध टीन का ड्रम मिला। इस संबंध में थाना बक्शा में मु.अ.सं. 146/2025 धारा 151, 153 रेलवे एक्ट के तहत अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

## जिला अस्पताल बना कूड़े का अड्डा, मरीज बेहाल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल जहां मरीजों को जिंदगी की उम्मीद मिलनी चाहिए, वहीं अब खुद बीमार हालात में कराह रहा है। जौनपुर जिला अस्पताल में गंदगी का आलम ऐसा है कि हर कोने में कूड़े-कचरे का अंबार दिखाई देता है। इलाज कराने आए मरीजों और तीमारदारों को बदबू और गंदगी के बीच दिन बिताने को मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में कूड़े के डिब्बे ओवरफ्लो होकर सड़कों पर फैल चुके हैं, जिससे जगह-जगह कचरा बिखरा हुआ है। इतना ही नहीं, गुटखा खाकर थूकने वालों ने अस्पताल की दीवारों को लहूलुहान कर दिया है। बदबू से दम घुटता है, और संक्रमण का खतरा लगातार बना हुआ है। महिला वार्ड की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। यहां न तो पंखे सही हैं और न ही पानी की व्यवस्था। गर्मी में मरीज और उनके साथ आए लोग पानी के लिए तरसते हैं। कई जगहों पर नल खराब हैं।

## निषाद पार्टी ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, नीलामी रोकने की उठाई मांग

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ. संजय कुमार निषाद के निर्देश पर निषाद पार्टी जौनपुर इकाई ने बड़ा कदम उठाया। पार्टी पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी जौनपुर को ज्ञापन सौंपकर माँ गंगा और गोमती नदी में प्रस्तावित मछली पालन नीलामी पट्टा को तत्काल रोकने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि इन पवित्र नदियों पर आश्रित 40त्न से अधिक मछुआ समुदाय अपनी आजीविका मछली पकड़कर चलाता है। यदि नदी का पट्टा निजी ठेकेदारों को दे दिया गया, तो यह परंपरागत मछुआरों के लिए जीवन-मरण का प्रश्न बन जाएगा।

यह सिर्फ एक पट्टे की बात नहीं, एक पूरे समुदाय की भूख और भविष्य का सवाल है,ध् ऐसा कहना था अजय निषाद जिलाध्यक्ष संगठन जिला सहसंयोजक विष्णु निषाद ने चेतावनी दी कि यदि नीलामी रोकी नहीं गई तो मछुआ समुदाय में आक्रोश भड़क सकता है। ÷हम नदी को निजी हाथों में नहीं जाने देंगे,÷ उन्होंने कहा कि ज्ञापन में सरकार से मांग की गई कि मछुआ समुदाय को संविधानिक संरक्षण देते हुए उन्हें ही प्राथमिकता दी जाए। नीलामी के कारण उनका जीवन संकट में पड़ सकता है, और भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

इस मौके पर नगर अध्यक्ष आशीष निषाद, जिला मीडिया प्रभारी रामजीत निषाद, जिला महासचिव अजय निषाद, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद निषाद, इनदेलाल निषाद, सभाजीत निषाद, राजेन्द्र निषाद व अन्य कई पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# हिस्ट्रीशीटर अंशू गुप्ता उर्फ अमित गुप्ता के सहयोगियों पर ईडी व इनकम टैक्स कसेगा शिकंजा





**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

देश में चर्चा का विषय बना उन्नाव का इनामिया हिस्ट्रीशीटर अमित गुप्ता उर्फ अंशू गुप्ता उन्नाव पुलिस द्वारा पासपोर्ट मामले में अशू गुप्ता के विरुद्ध कार्यवाही होता देख जनपद में अंशू गुप्ता व अशू गुप्ता सिंडिकेट के सदस्यों द्वारा सताए गये पीड़ित पुलिस के सामने आकर अपनी शिकायत दर्ज करा रहे हैं जिससे अंशू गुप्ता गैंग की मुश्किलें बढ़ सकती है। कानपुर के धनकुट्टी निवासी गोपी किशन गुप्ता पुत्र पुरुषोत्तम गुप्ता ने कोतवाली गंगाघाट में तहरीर देकर बताया के अपने दो पार्टनरों के साथ मिलकर जनपद उन्नाव सदर तहसील के हरिहर गैरएहतमाली में साढ़े पांच बीघा जमीन खरीदी थी जिसकी दाखिल खारिज भी हमारे व पार्टनरों के नाम राजस्व आखिलेखों में दर्ज है जमीन बेचने वाले किसान ने कब्जा भी हम लोगो को दे दिया था जिस जमीन को हम सभी लोगों ने गुलजारी निषाद को बंटाई पर खेती करने को दे दी थी कई वर्ष से गुलज़ारी निषाद ने हम लोगों कों अनाज नहीं दिया अनाज न मिलने पर हम लोगों ने गुलज़ारी से खेत छोड़ने को कहा तो उसने मना कर दिया इसके बाद अशु गुप्ता पुत्र रामकुमार निवासी करोवन मोड़ देवेन्द्र अवस्थी पुत्र राम कृष्ण नेहरू नगर शुक्लागंज व गुलज़ारी ने मिलकर जमीन से कब्जा छोड़ने का दबाव बना कर रंगदारी मांगने लगें न देने पर कटरी में जान से मारने की धमकी देने लगे। जब हम लोगों ने इन लोगों के विषय में जानकारी की तो पैरों तले जमीन खिसक गई ये जानकर के ये सभी बहुत ख़तरनाक है इनके विरुद्ध पहले से गम्भीर मामले में मुकदमें दर्ज हैं डर के मारे हम लोगों ने दो लाख 85 हजार रुपए देवेन्द्र अवस्थी व गुलज़ारी को दे दिया पीड़ित ने बताया के अंशु गुप्ता के अवैध जमीन का लेन देन देवेन्द्र अवस्थी करता है और उसे पहुंचाता है पीड़ित ने ये भी बताया के अंशु गुप्ता ने अपनी बेनामी संपत्ति देवेन्द्र अवस्थी व उसके पारिवारिक जनों के नाम करा रखी है गंगा घाट पुलिस ने बताया के पीड़ित की तहरीर पर आरोपीयों पर रंगदारी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

### हिस्ट्रीशीटर अंशु गुप्ता का कारखास देवेन्द्र अवस्थी

जानकारों की मानें तो देवेन्द्र अवस्थी पुत्र राम कृष्ण लप्जरी गाड़ियों का शौकीन बचपन से ही था र बहुत बड़ा आदमी बनना चाहता था दस साल पहले एक साधारण जीवन जीने वाला व्यक्ति जैसे ही अशू गुप्ता के संरक्षण में आया फिर इसने पिछे मुडकर नहीं देखा आज इसने अपने व अपने परिवार के अन्य सदस्यों के नाम उन्नाव ही नहीं अन्य प्रदेशों में भी अकूत संपति अर्जित किया है

### जनपद में बना चर्चा का विषय

दस वर्ष पहले बहुत साधारण जीवन जीने वाले देवेंद्र अवस्थी ने 30-4-2025 लखनऊ में अपना विवाह एक बहुत बड़े होटल में किया जिसमें औसतन तीस से चालीस लाख रुपए ख़र्च किया। यहां केवल देवेन्द्र अवस्थी ही नहीं अंशु गुप्ता सिंडिकेट के अन्य सदस्यों ने भी बेनामी अकूत संपति अर्जित कर आपने परिवारजनों के नाम लिखाई है हिस्ट्रीशीटर अंशू गुप्ता उर्फ अमित गुप्ता इनामिया हिस्ट्रीशीटर अंशु गुप्ता व सहयोगियों पर ई डी इनकम टैक्स भी कसेगा शिकंजा आपराधिक इतिहास छुपाकर पासपोर्ट मामले में फंसा हिस्ट्रीशीटर उन्नाव पुलिस अधीक्षक ने हिस्ट्रीशीटर के साथ सहयोगियों की सम्पत्ति की जांच के लिये ई डी व इनकम टैक्स को लिखा पत्र एक हफ्ते में अंशू गुप्ता के पांच सहयोगियों पर रंगदारी और कब्जे के साथ अन्य गम्भीर धाराओं में लिखें गये मुकदमें

# बरेली में उर्स के चलते दो दिन बंद रहेगा पुराना रोडवेज बस अड्डा

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली में उर्स-ए-ताजुश्शरिया में चार और पांच मई को देश-विदेश से लाखों की संख्या में जायरीन आने का अनुमान है। इसके लिए यातायात पुलिस ने दो दिन के डायवर्जन व्यवस्था लागू की है, साथ ही रविवार व सोमवार को पुराना रोडवेज बस अड्डा बंद रखा जाएगा। बसों का संचालन सेटेलाइट स्टैंड से होगा।

एसपी यातायात अकमल खान ने बताया कि बरेली से बदायूं की ओर जाने वाली रोडवेज बसें सेटेलाइट बस स्टैंड से इन्वर्टिस तिराहा फरीदपुर, बुखारा मोड़, रामगंगा तिराहा होकर जाएंगी और इसी मार्ग से आएंगी। साथ ही उन्होंने नागरिकों को उर्स आयोजन स्थल के रास्तों पर नई व्यवस्था के तहत निकलने का सुझाव दिया है। बताया है कि जायरीन के अलावा अन्य लोग इन रास्तों पर संबंधित दिनों में जाने से बचें तो जाम की समस्या से बचा जा सकता है।

चार मई को प्रस्तावित नीट परीक्षा को लेकर भी एसपी यातायात ने सजगता बरतने का निर्देश दिया है। परसाखेड़ा व सीबीगंज क्षेत्र में जिन नीट परीक्षार्थियों के केंद्र बने हैं, उन्हें दोपहर एक बजे तक केंद्र पर पहुंच जाना चाहिए ताकि किसी तरह की दिक्कत न हो।

### इन रास्तों पर प्रतिबंधित रहेंगे ई रिक्शा व ऑटो

रविवार को दोपहर बाद तीन बजे से सोमवार को रात 12 बजे तक सभी तरह के चार पहिया वाहन, ऑटो, ई-रिक्शा, टेंपो मिनी बाईपास व झुमका तिराहे से मथुरापुर मदरसे की ओर प्रतिबंधित रहेंगे।

साथ ही सभी ई-रिक्शा व ऑटो कुदेशिया अंडरपास से किला की तरफ, अशोक नगर तिराहा व सूद धर्मकांटा से कोहाड़ापीर की तरफ व श्यामगंज से पटेल चौक की तरफ, चौकी चौराहा से पटेल चौक की तरफ, चौकी चौराहे से चौपुला की तरफ, साहू गोपीनाथ व मठ की चौकी से कुतुबखाने की तरफ व बरेली कॉलेज से पटेल चौक की तरफ प्रतिबंधित रहेंगे।

### दो दिन इन रास्तों पर ये रहेगा बदलाव

- जिन चार पहिया वाहनों को बरेली से रामपुर की तरफ जाना है वह गांधी उद्यान से श्यामगंज पुल, डेलापीर, इज्जतनगर, विल्वा पुल से बड़ा बाईपास होकर जा सकेंगे। इसी तरह जिन वाहनों को रामपुर, मुरादाबाद, दिल्ली से बरेली आना है वह झुमका तिराहे से बड़ा बाईपास होकर विल्वा से डेलापीर होकर स्टेडियम रोड से आ सकेंगे।
- सभी प्रकार के भारी वाहन, रोडवेज बसें झुमका तिराहा व रोड नंबर एक परसाखेड़ा से व मिनी बाईपास से मथुरापुर की तरफ प्रतिबंधित रहेंगे।
- रामपुर, मुरादाबाद की तरफ आने वाले भारी वाहन जिनको बरेली आना है, वह बड़ा बाईपास से विलवा, विलयधाम होते हुए इन्वर्टिस तिराहे से ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेंगे।
- रामपुर, मुरादाबाद की तरफ से आने वाले भारी वाहन जिनको बदायूं की तरफ जाना है वह बड़ा बाईपास से विलवा, विलयधाम, फरीदपुर से बुखारा मोड़ से रामगंगा तिराहे से जा सकेंगे।
- नैनीताल की तरफ से आने वाले भारी वाहन जिनको बरेली आना है वह बड़ा बाईपास से इन्वर्टिस तिराहे से ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेंगे। नैनीताल की तरफ से आने वाले भारी वाहन जिनको बदायूं की तरफ जाना है वह बड़ा बाईपास से विलवा, विलयधाम, फरीदपुर से बुखारा मोड़ से रामगंगा तिराहे से जा सकेंगे।
- पीलीभीत से आने वाले भारी वाहन जिनको बरेली आना है वह विलयधाम से बड़ा बाईपास से इन्वर्टिस तिराहा से ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेंगे व पीलाभीत से आने वाले भारी वाहन जिनको बदायूं की तरफ जाना है वह विलयधाम से बडा बाईपास, फरीदपुर से बुखारा मोड़ से रामगंगा तिराहे से जा सकेंगे।
- बदायूं की तरफ से आने वाले सभी प्रकार के भारी वाहन जिनको बरेली आना है वह रामगंगा तिराहे से बुखारा मोड़, फरीदपुर, इन्वर्टिस तिराहा होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेंगे व जिन वाहनों को पीलीभीत, नैनीताल, दिल्ली व लखनऊ की तरफ जाना है वह बुखारा मोड़ से फरीदपुर, बड़ा बाईपास होकर अपने-अपने गंतव्य को जा सकेंगे।
- लखनऊ की तरफ से आने वाले भारी वाहन जिनको बरेली आना है वह इन्वर्टिस तिराहे से ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेंगे व जिनको दिल्ली, पीलीभीत, नैनीताल जाना है वह बड़ा बाईपास से होकर जा सकेंगे।
- दिल्ली व रामपुर की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें झुमका तिराहे से विलवा से डेलापीर, सौ फुटा पूर्वी होते हुए सेटेलाइट रोडवेज बस स्टैंड तक आ सकेंगी व इसी मार्ग से वापस जाएंगी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### डूडी में मिले चिकनपॉक्स के 28 मरीज

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर।** ग्राम पंचायत डूडी में चिकनपॉक्स के 28 मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल मोबाइल यूनिट ने मरीजों की जांच कर दवाइयां वितरित कीं।सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह के निर्देश पर डॉ.अफजल और डॉ. देव प्रताप सिंह की टीम गांव पहुंची। टीम में सीएचओ नाजिम, एएनएम और आशा कार्यकर्ता शामिल थे। संक्रमित मरीजों में 3 से 35 वर्ष तक की उम्र के लोग शामिल हैं। मरीजों में गौरी 7 वर्ष, जानवी 6 वर्ष, सलोनी 6 वर्ष, सौम्या 5 वर्ष, सेजल 7 वर्ष, उमा देवी 13 वर्ष, सट्टा 21 वर्ष, उषा 35 वर्ष, पुष्पा देवी 30 वर्ष, राधा 29 वर्ष, अजय 26 वर्ष, नीरज 35 वर्ष, अरुण 12 वर्ष, सिया 3 वर्ष समेत अन्य लोग शामिल हैं।स्वास्थ्य विभाग ने सभी मरीजों का इलाज शुरू कर दिया है। विभाग ने लोगों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है। साथ ही चिकनपॉक्स के लक्षण दिखते ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करने को कहा है। बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए विभाग सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने कहा बताया कि मौसम में बदलाव के चलते चिकन पॉक्स के बीमारी फैल रही है जिसके लिए डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंचकर घर-घर सर्वे कर दवाइयां दे रहे हो वहीं मरीजों को दवाइयां के साथ ही साफ सफाई सहित उचित परामर्श भी दिया जा रहा।

### हरख की टीम ने 8 विकेट से ज़ैदपुर को हराया

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। ज़ैदपुर।** ज़ैदपुर थाना क्षेत्र के याकूतगंज में महासंग्राम टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा है। जिसमें शुक्रवार को टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मैच में ज़ैदपुर व हरख की टीम के बीच में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ज़ैदपुर की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 137 रन बनाए थे। जिसमें ज़ैद के 66 रन शामिल थे। 137 रन के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे हरख टीम के आकाश प्रधान ने शानदार 70 रन की बदौलत 8 ओवर में जीत लिया। मैन ऑफ द मैच आकाश प्रधान को अल्ट्राटेक की तरफ से शानदार गिफ्ट दिया गया। हरख की टीम ने 8 विकेट से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश बनाया है। रविवार को फाइनल मैच तीन बजे से खेला जाएगा। इस अवसर पर आयोजक प्रवीण कुमार गौतम दिल्ली पुलिस सब इंस्पेक्टर, सैनिक सुशील कुमार गौतम, दीपक वर्मा, सूरज लाल, राहुल, मुकेश, शुभम तिवारी एडवोकेट, वीरेंद्र तिवारी, सत्य कुमार, रविंद्र कुमार, डॉक्टर सुरेश चंद्र वर्मा, भूतपूर्व सैनिक हरीश वर्मा, अशोक बाबू, राजेश अवस्थी सहित भारी संख्या में दर्शक मैच देख रहे थे।

### डीएम ने की बैठक, दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** श्री केडी सिंह बाबू की हवेली स्थित सिविल लाइन्स को श्री केडी सिंह बाबू संग्रहालय में परिवर्तित किए जाने के संदर्भ में शुक्रवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा प्रोजेक्ट के आर्किटेक्ट, प्रोजेक्ट मैनेजर, सहायक प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ बैठक कर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनंद तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आर्किटेक्ट, प्रोजेक्ट मैनेजर, सहायक प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष सम्पूर्ण प्रोजेक्ट की डिजाइन एवं निर्माण की प्रक्रिया का प्रजेन्टेशन देते हुए अतिशीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ करने की बात कही गयी।

### मानसिक तनाव के चलते रिटायर्ड कर्मी ने खुद को मारी देसी तमंचे से गोली

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** शुक्लागंज उन्नाव जनपद उन्नाव के कोतवाली गंगाघाट पश्चिमी चौकी के अंतर्गत चंपापूर्वा क्षेत्र में दिनांक 02/05/2025 दिन शुक्रवार को ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से रिटायर्ड कर्मी रामअवतार पासी पुत्र गोपाल पासी उम्र लगभग 65 वर्ष द्वारा खुद को देसी तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली गई पुलिस को सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर गंगाघाट कोतवाली पश्चिमी चौकी के प्रभारी अंजनी कुमार द्वारा कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया पुलिस को मौके से शव के पास एक तमंचा 315 बोर चार जिंदा कारतूस 315 बोर प्राप्त हुए जिनको पुलिस ने कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्यवाही प्रारंभ करी घटना के संदर्भ में जानकारी के अनुसार घर वालों द्वारा पीड़ित मानसिक तनाव के कारण ऐसी घटना कर बैठा इसके संदर्भ में परिवारजनों द्वारा थाने में कोई भी प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया

### युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** हसनगंज थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद मजरा कंधर गाड़िया गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान 22 वर्षीय शुभम के रूप में हुई है। वह खेती-किसानी में पिता का हाथ बंटाने के साथ एयर फोर्स की तैयारी कर रहा था। गुरुवार रात को शुभम गांव के ही एक युवक नीरज के साथ बाइक से निकला था। सराय के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक रिपोर्ट में इसे सड़क दुर्घटना बताया गया है। शुक्रवार को मोर्चरी हॉउस पहुंचे परिजनों का मानना है कि यह एक सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या है। उनका कहना है कि नीरज घटना का चश्मदीद है और उसकी बातों में विरोधाभास हैं। शुभम पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर था। उसके दो भाइयों की पहले ही मौत हो चुकी है। उसकी दो बहनें भी हैं। परिवार इस घटना से पूरी तरह टूट चुका है। गांव में शोक की लहर है और लोगों में आक्रोश है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मौके की छानबीन के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### सीएमओ ने किया देवा सीएचसी का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** शुक्रवार शाम लगभग 4 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. राधेश्याम गौड़ भी मौजूद रहे। सीएमओ ने अस्पताल परिसर सहित विभिन्न कक्षों का भ्रमण किया और साफ-सफाई की व्यवस्था को संतोषजनक पाया। जेएसवाई वार्ड में प्रसव के बाद भर्ती 5 महिलाओं से बातचीत कर उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं एवं नाश्ता-भोजन की उपलब्धता की जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि उन्हें सभी आवश्यक सेवाएं मिल रही हैं। इसके अलावा सीएमओ ने सिजेरियन प्रसव के बाद बीते 7 दिनों से भर्ती एक महिला से भी मुलाकात की और जच्चा-बच्चा की स्वास्थ्य जांच संबंधी विवरण की पड़ताल की, जो रिकॉर्ड में विधिवत दर्ज मिला। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने एनबीएसयू यूनिट का भी निरीक्षण किया और ओपीडी में आए कुल 205 मरीजों की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के उपरांत सीएमओ ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

# रामबाबू ने धूमधाम से मनायी गुरु शंकराचार्य की जयंती



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

विकास खण्ड रामनगर की ग्राम पंचायत मलौली में स्थित श्री पंचमुखी हनुमत धाम दंडी संन्यासी आश्रम में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेष महामंत्री रामबाबू द्विवेदी ने अपने साथियों के साथ गुरु शंकराचार्य की जयंती वैदिक विधान से मंत्रोच्चार के साथ मनाई। इस मौके पर बोलते हुए रामबाबू द्विवेदी ने कहा कि वैदिक गुरुकुल जिसमें लगभग 50 वैदिक विद्यार्थी निःषुल्क पढ़ाई कर रहे हैं यह सारा कार्य जगत गुरुकुलम के पीठाधीष्वर स्वामी असम्भव सम्भवानंद सरस्वती के सानिध्य में पिछले तीन वर्षो से चल रहा वैदिक गुरुकुल जिसमें लगभग 50 वैदिक विद्यार्थी गण वेद अध्ययन निशुल्क कर रहे हैं महाराज के सानिध्य में पिछले तीन वर्षो से चल रहा है। उन्होने कहा कि यह बच्चे जब षिक्षा ग्रहण करके आश्रम से बाहर आयेंगे तो सनातन धर्म को आगे बढ़ाने में काफी अहम साबित होंगे। इससे पूर्व प्रदेष महामंत्री ने गुरु शंकराचार्य की जयंती धूमधाम से मनायी। इस मौके पर आश्रम के प्रबंधक साध्वी जानकी वैष्णो दास, आचार्य विनय कुमार पांडेय, आचार्य बिधनेश कुमार पाण्डेय, आचार्य शिवांश पांडे, आश्रम के बटुक ब्राह्मण ललित शुक्ला, विवेक अवस्थी सहित आश्रम के समस्त कर्मी मौजूद रहे।

# जातीय जनगणना सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम: वसीम राईन

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

केंद्र सरकार द्वारा लिए गए जातीय जनगणना के निर्णय का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कांग्रेस की जमकर आलोचना की, कहा कि जातीय जनगणना सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उक्त बात शुक्रवार को ऑल इंडिया पसमान्दा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में व्यक्त की।

श्री राईन ने आगे कहा कि यह फैसला वर्षों से हाशिए पर खड़े समुदायों की पहचान, हक और हक़ीक़त को सामने लाने का माध्यम बनेगा।

श्री राईन ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने 55 वर्षों के लंबे शासन में पसमान्दा मुस्लिम समाज की अनदेखी की और उन्हें दलितों से भी बदतर हालात में छोड़ दिया।

श्री राईन ने सरकार से मांग की है कि जातीय जनगणना के बाद नीतियों, योजनाओं और आरक्षण व्यवस्था में भी पारदर्शी व न्यायपूर्ण हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाए,

जिससे देश का हर पिछड़ा और उपेक्षित नागरिक विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके।

# दुल्हन के पड़ोसियों ने दूल्हे और बारातियों को पीटा




**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली के कैंट थाना क्षेत्र में शाहजहांपुर का दूल्हा बग्गी लेकर दुल्हन के दरवाजे पर पहुंचा तो गांव के खुराफातियों ने बग्गी का जनरेटर बंद कर दिया। बरातियों ने विरोध जताया तो दूल्हे और बरातियों की पिटाई कर दी गई। कैंट थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

शाहजहांपुर के थाना तिलहर के गांव बिठ्ठलपुर प्रहलादपुर निवासी अजयपाल 30 अप्रैल को अपने भतीजे वीरेंद्र की बरात कैंट के भोलापुर हिंडौलिया लेकर आए थे। अजयपाल ने पुलिस को बताया कि जब दूल्हे की बग्गी के साथ बरात दुल्हन के दरवाजे पर पहुंची तो गांव के संजीव, देशपाल और दीवान ने दूल्हे की बग्गी में लगा जनरेटर बंद कर दिया। तीनों खुराफाती वहीं पर डीजे बजाने की जिद करने लगे। बरातियों ने मना किया तो झगड़ा करने लगे।

दूल्हे और बरातियों से मारपीट कर दी। इससे दूल्हा वीरेंद्र, उसका भाई आशीष और बराती सुनील व जगदीश घायल हो गए। आरोपी संजीव, देशपाल और दीवान ने बरात के साथ आई गाड़ियों पर भी ईंट पत्थर से हमला कर तोड़ दिया। कैंट थाने में हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

# किशोरी को ले जाने के आरोपी ने दी जान

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली के थाना क्योलड़िया क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को ले जाने के आरोपी ने बृहस्पतिवार को फंदे से लटककर जान दे दी। उसकी मौत के बाद परिजनों ने क्योलड़िया थाने के इंस्पेक्टर क्राइम पर पिटाई करने व किशोरी के परिवार पर धमकाने का आरोप लगाकर छह घंटे हंगामा किया। सीओ के समझाने पर परिजन शांत हुए।

लड़की के पिता व दो भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना क्योलड़िया के एक गांव से चार माह पहले एक किशोरी को कोई बहला-फुसलाकर ले गया था।

किशोरी के परिजनों ने अज्ञात में रिपोर्ट कराई, उसकी विवेचना इंस्पेक्टर क्राइम क्योलड़िया कर रहे थे। किशोरी के नंबर की सीडीआर में भुता थाना क्षेत्र के युवक सलमान का नाम आया। तब इंस्पेक्टर क्राइम ने सलमान को पूछताछ के लिए बुला लिया।

सलमान अपने पिता के साथ 26 अप्रैल को थाना क्योलड़िया गया था। बताते हैं कि उसी रात उसे उसके पिता व ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दे दिया। तभी से सलमान परेशान था।

# बरेली में छाए रहे बादल, तीन दिन तक मौसम का येलो अलर्ट



**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली में पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव दिखने लगा है। शुक्रवार को सुबह घने काले बादल छा गए। शहर के आसपास के इलाकों में तेज हवा भी चली। दोपहर में मौसम ने फिर करवट बदली और हल्की धूप निकल आई। शाम को फिर से मौसम खुशनुमा हो गया। मौसम विभाग ने शनिवार से सोमवार तक का येलो अलर्ट जारी किया है। तेज हवाल के साथ बारिश के आसार जताए हैं।

शुक्रवार को दिन में कई बार मौसम में बदलाव आया। मौसम विशेषज्ञ डॉ. अतुल सिंह ने बताया कि तापमान में बदलाव का मुख्य कारण पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव है। पश्चिमी विक्षोभ भूमध्यसागर और आसपास के क्षेत्रों में उत्पन्न होने से उत्तर भारत के मौसम में बदलाव आया है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण बादल छाए रहते हैं। हवा के साथ हल्की बारिश होने की संभावना रहती है।

शुक्रवार को मौसम खुशनुमा होने के कारण अधिकतम पारा 32.6 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से सात डिग्री कम था वहीं न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री रहा जो सामान्य से दो डिग्री अधिक था। मौसम विभाग की ओर से बदलते मौसम को देखते हुए तीन दिन का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जिसके अनुसार आसमान में बादल छाए रहने के साथ हवा के साथ वर्षा की संभावना जताई गई है।

बदायूं में आंधी के साथ हुई बरसात

बदायूं जिले में सुबह करीब आठ बजे एकाएक आसमान में काले बादल छा गए और फिर तेज आंधी आ गई। कई स्थानों पर खेतों में कटी गेहूं की फसल भी उड़ गई। साथ ही खेतों में खड़ी मक्का की फसल भी आंधी में गिर गई। आंधी थमने के बाद बरसात भी होने लगी थी। पहले तेज और फिर रुक-रुक कर बूंदाबांदी होने से नगर में कई स्थानों पर पानी भी भर गया।

इस दौरान बदायूं शहर, कुंवरगांव, गुलड़िया, ओरछी सहित अन्य जगहों पर बिजली कटौती हो गई। सभी जगहों पर लगभग एक से दो घंटे तक बिजली कटौती हुई। पानी की वजह से हुई उमस से लोगों को परेशानी हुई। वहीं, कीचड़ और जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कतें हुई, हालांकि बरसात से लोगों को गर्मी से काफी हद तक राहत भी मिली है। मौसम विभाग ने भी एक-दो दिन इसी तरह मौसम रहने की संभावना जताई है।

### तराई में भी बदला मौसम

पीलीभीत में मौसम ने फिर करवट ली है। शुक्रवार को सुबह से ही आसमान में बादल छा गए। तेज हवा चली। बरखेड़ा क्षेत्र में कुछ देर तक जमकर बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। करीब एक पखवाड़े से जिले का तापमान लगातार बढ़ रहा था। गर्मी और गर्म हवा के थपेड़े लोगों को परेशान कर रहे थे। शुक्रवार को बदले मौसम ने लोगों को राहत दी है।

# पशु तस्करी के छह आरोपियों पर कसा शिकंजा

**जन एक्सप्रेस। बरेली**



बरेली में पशु तस्करी और कटान में लिप्त लोगों पर एसएसपी अनुराग आर्य ने शिकंजा कस दिया है। उन्होंने पशु तस्करी और पुलिस पर हमले के आरोप में फरार छह आरोपियों पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पांच फरवरी को इज्जतनगर क्षेत्र के सहारा मैदान में संरक्षित पशुओं के अवशेष पड़े मिले थे। तब पुलिस ने अज्ञात पशु तस्करों के खिलाफ इज्जतनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमे में भोजीपुरा सैदपुर चुन्नीलाल निवासी साहिल, बारादरी के कसाई टोला निवासी सलीम हड्डी और मीरा की पैठ निवासी यासमीन के नाम खोले गए थे। तीनों पशु तस्कर मुकदमे में वांछित चल रहे हैं। कई जगह दबिश देने के बाद भी इन्हें नहीं पकड़ा जा सका है। एसएसपी अनुराग आर्य ने तीनों आरोपियों पर बीस-बीस हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। 11 अप्रैल को बारादरी क्षेत्र के कटरा चांद में वसीम अहमद के घर में संरक्षित पशु काटे जा रहे थे। पुलिस ने दबिश दी तो पशु तस्कर वसीम, रिजवान उर्फ पिन्ना और कासिम उर्फ सानू छत से कूदकर भाग गए। बाद में तस्करों को पकड़ने काजी टोला गई पुलिस टीम पर आरोपियों के परिवार की महिलाओं ने हमला किया था। बारादरी थाने में दर्ज मुकदमे में रिजवान उर्फ पिन्ना वांछित चल रहा था। पिन्ना पर बीस हजार रुपये का इनाम घोषित कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव प्रहलादपुर निवासी लोकेश गुर्जर के खेत में सात अप्रैल को संरक्षित पशु के अवशेष मिले थे। भोजीपुरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इस मुकदमे में भोजीपुरा क्षेत्र के गांव भूड़ा निवासी मंतासिर फरार चल रहा है। मंतासिर पर भी बीस हजार रुपये इनाम घोषित कर उसकी तलाश की जा रही है।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी लईक कालिया गिरफ्तार, पैर में लगी गोली, दो पुलिसकर्मी भी घायल

**जन एक्सप्रेस। बरेली**



बरेली के भोजीपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार सुबह गांव फरीदापुर जागीर के खेत में पशु तस्करों को घेर लिया। पशु तस्करों ने फायरिंग की तो जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस के मुताबिक मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी पशु तस्कर लईक उर्फ कालिया दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। कालिया भोजीपुरा के ही अलीनगर गांव का निवासी है और काफी समय से गोकशी के मामलों में वांछित था। पुलिस ने घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार किया तो उसके कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा व चार कारतूस बरामद हुए। साथ ही पशु कटान के औजार, रस्सी व एक बाइक भी मिली जिस पर कोई नंबर नहीं था। दूसरा आरोपी सलीम उर्फ कालिया पुत्र बड़े लल्ला निवासी गांव भूडा थाना भोजीपुरा मौके से भाग गया। एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने आरोपी लईक की गिरफ्तारी के बाद वीडियो बयान जारी कर बताया कि लईक पर पहले से आठ मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें से सात गोकशी व एक मुकदमा गैंगस्टर अधिनियम का पंजीकृत है।

बताया कि पशु तस्करों की फायरिंग से दरोगा संजय सिंह व कांस्टेबल विकास कुमार भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को सीएचसी भोजीपुरा भेजा गया है।

# पीएम मोदी ने आंध्र को दी 58000 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अमरावती**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में 58,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें ग्रीनफील्ड राजधानी अमरावती का निर्माण फिर से शुरू करना भी शामिल है, जो आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू का ड्रीम प्रोजेक्ट है।

## 74 परियोजनाओं में क्या-क्या शामिल?

प्रधानमंत्री ने 94 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें राजधानी शहर के संस्थान, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे उन्नयन और रक्षा संबंधी प्रतिष्ठान शामिल हैं। अमरावती के निर्माण को फिर से शुरू करने के हिस्से के रूप में, पीएम ने 49,000 करोड़ रुपये की 74 परियोजनाओं की आधारशिला रखी, जिसमें विधानसभा, सचिवालय और उच्च न्यायालय भवनों और न्यायिक आवासीय क्वार्टरों के साथ-साथ 5,200 परिवारों के लिए आवास भवनों का निर्माण शामिल है। पीएम मोदी ने ग्रीनफील्ड राजधानी शहर में भूमिगत उपयोगिताओं और उन्नत बाढ़ प्रबंधन प्रणालियों के साथ 320 किलोमीटर लंबे विश्व स्तरीय परिवहन नेटवर्क की विशेषता वाले बुनियादी ढांचे और बाढ़ शमन परियोजनाओं की नींव रखी। भूमि पूलिंग योजना के बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं में ग्रीनफील्ड राजधानी अमरावती में केंद्रीय मध्य, साइकिल ट्रैक और एकीकृत उपयोगिताओं से सुसज्जित 1,281 किलोमीटर सड़कें शामिल होंगी।

### 'हमारे युवाओं को दूसरे राज्य में नहीं जाना पड़ेगा'

वहीं इस कार्यक्रम की शुरुआत के दौरान आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने कहा, हमारे युवाओं को बैंगलोर, चेन्नई और हैदराबाद जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जल्द ही आंध्र प्रदेश सभी लोगों के लिए नौकरियां उत्पन्न करेगा और देश-दुनिया भर से प्रतिभाओं को आकर्षित करेगा

### 'पहलगाम आतंकी हमला देश के लिए काला दिन'

डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने कहा, पहलगाम आतंकवादी हमला पूरे देश के लिए सबसे काले दिनों में से एक रहा है...हमने पीड़ितों के दर्द को व्यक्तिगत रूप से देखा है। प्रधानमंत्री मोदी इस कठिन समय में देश का नेतृत्व कर रहे हैं और उन्होंने सभी नागरिकों को आतंकवाद के अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मैं जानता हूं कि यह बहुत संवेदनशील समय है...इस अत्यंत कठिन क्षण के बीच भी मोदी जी ने समय निकाला और आज अमरावती आए। यह आंध्र प्रदेश के लोगों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## अमरावती में एक सपना सच होते दिख रहा है: पीएम मोदी

इस दौरान पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, आज जब मैं इस अमरावती की भूमि पर खड़ा हूं तो मुझे केवल ये एक शहर नहीं दिख रहा है बल्कि मुझे ये एक सपना सच होते हुए दिख रहा है। एक नया अमरावती और एक नया आंध्र, अमरावती वो धरती है जहां परंपरा और प्रगति दोनों साथ चलते हैं...आज यहां करीब 60,000 करोड़ रुपए की परियोजना का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया है...ये परियोजना केवल कंक्रीट निर्माण नहीं है बल्कि आंध्र प्रदेश की आंकाक्षाओं की विकसित भारत की उम्मीदों की मजबूत नींव भी है।

### डीआरडीओ का मिसाइल परीक्षण केंद्र

इसी तरह, पीएम ने 5,028 करोड़ रुपये की नौ केंद्रीय परियोजनाओं की नींव रखी, जैसे कि कृष्णा जिले के नागयालंका में डीआरडीओ का मिसाइल परीक्षण केंद्र (1,459 करोड़ रुपये), विजाग में यूनिटी मॉल (100 करोड़ रुपये), गुंटकल - मल्लप्पा गेट रेल ओवरब्रिज (293 करोड़ रुपये) और छह राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं (3,176 करोड़ रुपये)। मिसाइल परीक्षण केंद्र में एक प्रक्षेपण केंद्र, तकनीकी उपकरण सुविधाएं, स्वदेशी रडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम शामिल होंगे, जो देश की रक्षा तैयारियों को बढ़ाएंगे। विशाखापत्तनम के मधुरवाड़ा में पीएम एकता मॉल या यूनिटी मॉल की परिकल्पना राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने, मेक इन इंडिया पहल का समर्थन करने, %एक जिला एक उत्पाद% पहल को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर पैदा करने, ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बनाने और स्वदेशी उत्पादों की बाजार में उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। जिन छह राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की उन्होंने आधारशिला रखी, उनमें एनएच के विभिन्न खंडों का चौड़ीकरण, एलिवेटेड कॉरिडोर, हाफ क्लोवर लीफ और रोड ओवर ब्रिज का निर्माण शामिल है। ये परियोजनाएं कनेक्टिविटी, अंतर-राज्यीय यात्रा को बढ़ाएंगी, भीड़भाड़ को कम करेंगी और समग्र रसद दक्षता में सुधार करेंगी। इसी तरह, गुंटकल पश्चिम और मल्लप्पा गेट स्टेशनों के बीच रेल ओवर रेल के निर्माण का उद्देश्य मालगाड़ियों को बायपास करना और गुंटकल जंक्शन पर भीड़भाड़ को कम करना है। इसी तरह, पीएम ने 254 करोड़ रुपये की तीन रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया, जिसमें दोहरीकरण और तिहरीकरण परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, पीएम मोदी ने 3,860 करोड़ रुपये की लागत वाली आठ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जो तिरुपति, श्रीकालहस्ती, मालाकोंडा और उदयगिरि किला जैसे धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक निर्बाध संपर्क प्रदान करती हैं।

# भाखड़ा बांध से हरियाणा को आठ दिन तक 4500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने हरियाणा की पानी की जरूरतों को देखते हुए बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उच्च स्तरीय बैठक में सलाह दी गई कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) का फैसला लागू किया जाए। इसके तहत अगले आठ दिनों तक भाखड़ा डैम से हरियाणा को 4,500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ा जाएगा। सरकारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, बैठक में यह भी तय हुआ कि डैम भरने के दौरान पंजाब को भी जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पानी दिया जाएगा। इस बैठक में केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के प्रतिनिधि और बीबीएमबी के अफसर शामिल हुए।

## पंजाब ने हरियाणा को पानी देने से किया इनकार

हालांकि, पंजाब और हरियाणा के बीच पानी को लेकर फिर से विवाद गहरा गया है। आम आदमी पार्टी (आप) शासित पंजाब ने बीजेपी शासित हरियाणा को ज्यादा पानी देने से इनकार कर दिया है। हरियाणा के विपक्षी नेताओं का आरोप है कि पंजाब ने भाखड़ा डैम से हरियाणा को पानी की सप्लाई 4,000 क्यूसेक पर सीमित कर दी है। दोनों राज्यों के बीच सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर का मुद्दा भी सालों से विवाद का कारण बना हुआ है। इस बढ़ते तनाव के बीच पंजाब सरकार ने शुक्रवार को सभी दलों की बैठक बुलाई, जिसमें सभी पार्टियों ने पानी के मुद्दे पर एकजुटता दिखाई। मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई में पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र भी सोमवार को बुलाया गया है। इस बैठक में यह भी चर्चा हुई कि सभी पार्टियों का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर सकता है।

### बीबीएमबी जल्द ही पानी छोड़ने के तरीके तैयार करेगा रूपरेखा

इस बैठक का मकसद था हरियाणा और राजस्थान के कुछ इलाकों की पानी की तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने के फैसले को अमल में लाना। बीबीएमबी जल्द ही अपने बोर्ड की बैठक बुलाएगा, जिसमें पानी छोड़ने के तरीके और समय को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी। भाखड़ा और पोंग डैम से पंजाब, हरियाणा और राजस्थान की पानी की जरूरतें पूरी होती हैं। बीबीएमबी हर साल 21 मई से अगले साल 21 मई तक के लिए इन राज्यों का पानी का कोटा तय करता है।

# पीएम शहबाज का यूट्यूब अकाउंट भारत में बंद, कई क्रिकेटर्स के इंस्टाग्राम भी ब्लॉक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने शुक्रवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आधिकारिक यूट्यूब चैनल को भारत में ब्लॉक कर दिया। चैनल पर अब यह संदेश दिख रहा है- यह सामग्री राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़े सरकारी आदेश के कारण इस देश में उपलब्ध नहीं है। शहबाज शरीफ का चैनल अब तक का सबसे हाई-प्रोफाइल खाता है, जिसे भारत सरकार ने ब्लॉक किया है। इससे पहले पाकिस्तान के वित्त मंत्री ख्वाजा आसिफ और सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर के खाते भी ब्लॉक किए जा चुके हैं। सरकार ने केवल राजनेताओं के खिलाफ ही नहीं, बल्कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और न्यूज चैनलों के खातों पर भी कार्रवाई की है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हमला किया था। इस हमले में 26 आम नागरिक मारे गए थे। जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा। भारत सरकार ने पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रही अफवाहों और दुष्प्रचार पर नकेल कसने के लिए यह कदम उठाए हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने उन कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों और सोशल मीडिया खातों को ब्लॉक करने का आदेश दिया है, जो भारत की संप्रभुता और सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने के लिए भ्रामक सामग्री फैला रहे हैं।

# पाकिस्तान के पक्ष में बोलने वालों पर असम के मुख्यमंत्री का कड़ा रुख, बोले, सख्त कार्रवाई करेंगे



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी**

पहलगाम चुनाव के बाद से भारत में पाकिस्तान को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। सरकार आतंकवाद समर्थक पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के बचाव के आरोप में असम में कम से कम 36 लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

## पाकिस्तान जिंदाबाद बोलने वालो पर कड़ी कार्रवाई

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य और देश को ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है, जो यहां रहते हैं और यहां खाते हैं, लेकिन पाकिस्तान की तारीफ करते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने पुलिस को निर्देश दिया है कि आप पाकिस्तान जिंदाबाद कहने वालों के चेहरे न देखें। उन्हें कानून के अनुसार गिरफ्तार करें और उनके पैर तोड़ दें। हमें अपने असम और भारत को मजबूत करना है। पंचायत चुनाव प्रचार के दौरान सरमा ने यह भी आरोप लगाया कि जब असम में कांग्रेस की सरकार थी, तब धुबरी में कोई सुरक्षा नहीं थी।

### भगवान दुनिया के हर आतंकवादी को मारने की शक्ति दें

पंचायत चुनावों के रैली में संबोधित करते हुए सरमा ने लोगों से कहा कि लोग प्रार्थना करें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना को इतनी ताकत मिले की दुनिया में कहीं भी छिपे पाकिस्तानी आतंकवादियों को मारा सके। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादी आए और निर्दोष लोगों को मार डाला, लेकिन हममें से कुछ लोग पाकिस्तान जिंदाबाद कह रहे हैं। हमने उनमें से कई को गिरफ्तार किया है। अगर कोई पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाएगा तो हम उसके पैर तोड़ देंगे।

# नैनीताल में सांप्रदायिक तनाव पर धामी सख्त, कहा बख्शे नहीं जाएंगे कानून तोड़ने वाले और अपराधी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। देहरादून**

नैनीताल में किशोरी से दुष्कर्म के मामले में बने सांप्रदायिक तनाव के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को कानून तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि दुष्कर्म के आरोपियों पर भी सख्त एक्शन हो। उन्होंने जिला प्रशासन को दुष्कर्म पीड़िता किशोरी की देखभाल व परिवार की सुरक्षा मुहैया कराने के निर्देश दिए। कहा कि सरकार पीड़िता और उसके परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़ी है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री धामी ने आवास पर उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों से मामले की पूरी रिपोर्ट ली। मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक समेत सभी अधिकारियों की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से भ्रामक जानकारियां देने और अफवाह फैलाने वालों की तत्काल पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने साफ किया कि उत्तराखंड की भूमि और राज्य की अस्मिता के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी व्यक्ति या संगठन देवभूमि की एकता को तोड़ने का दुस्साहस करेगा उससे सख्ती के साथ निपटा जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, डीजीपी दीपम सेठ, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, अपर पुलिस महानिदेशक वी. मुरूगेशन, एपी अंशुमन, अपर सचिव गृह निवेदिता कुकरेती, वर्चुअल माध्यम से आयुक्त कुमांऊ दीपक रावत, आईजी कुमांऊ रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी नैनीताल वंदना, जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर नितिन भदौरिया, एसएसपी नैनीताल पीएन मीणा और एसएसपी ऊधमसिंह नगर मणिकांत मिश्रा मौजूद थे।

### सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उत्तराखंड आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा की दृष्टि से पूरी सतर्कता और सावधानी बरती जाए। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जिलाधिकारियों से तीन दिन में रिपोर्ट तलब की

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को किरायेदारों के सत्यापन, रेहड़ी-पटरी,वालों, अवैध तरीके से भूमि पर कब्जा करने वालों और जिन लोगों के अवैध तरीके से प्रमाण पत्र बनाए गए हैं, उन मामलों में की गई कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट तीन दिन में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# भाजपा एमएलए की विधायकी खत्म

## हाईकोर्ट ने तीन साल कैद की सजा को रखा बरकरार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर**

जयपुर झालावाड़ के अंता से बीजेपी विधायक कंवरलाल मीणा की विधायकी पर संकट खड़ा हो गया है। हाईकोर्ट ने करीब 20 साल पुराने मामले में एडीजे अकलेरा, झालावाड़ द्वारा सुनाई गई तीन साल की सजा को बरकरार रखा है। ऐसे में अब उनकी विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई हैद्य जनप्रतिनिधि कानून 1951 के तहत दो साल से ज्यादा की सजा होने पर सदस्य अयोग्य हो जाता हैद्य जानकारी के मुताबिक, कंवरलाल मीणा को झालावाड़ जिले की एडीजे अकलेरा कोर्ट ने राजकार्य में बाधा डालने, सरकारी अधिकारियों को डराने-धमकाने और सरकारी संपत्ति में तोड़फोड़ करने का दोषी मानते हुए 14 दिसंबर 2020 को तीन साल की सजा सुनाई थी, जिसके खिलाफ विधायक ने हाईकोर्ट में अपील की थी। लेकिन अब हाईकोर्ट ने भी विधायक की निगरानी याचिका को खारिज करते हुए उनकी सजा को बरकरार रखा है।

### 'नजरअंदाज नहीं कर सकते आपराधिक पृष्ठभूमि'

हाईकोर्ट ने कहा कि घटना के समय याचिकाकर्ता ने स्वयं को एक राजनीतिक व्यक्ति होना बताया। उस स्थिति में उनसे अपेक्षा की जाती है कि वह कानून व्यवस्था को चुनौती देने की बजाए उसे बनाए रखने में सहयोग करे।

### उसके हाथ...

उसकी हथेलियों पर
कालिख की स्याही थी,
मानो जीवन की किताब
उसने तेल से लिखी थी।
शर्ट-पैंट, फटे चिथड़े,
धूल-धूसरित सपनों-सा,
शायद वो मैकेनिक था,
सूट-बूट वालों की गाड़ियों को
साँसें देता था।उसके चेहरे पर
रंगों की बौछार थी,
मानो इंद्रधनुष बिखरा,
पर उसका हिस्सा न था।
कपड़ों पर छींटे,
जैसे आँसुओं के दाग,
शायद वो पेंटर था,
सूट-बूट वालों की कोठियों को
सपनों-सा सजाता था।
उसके शरीर से
दुर्गंध का बोझ उठता,
मानो समाज की गंदगी
उसके कंधों पर ढोई थी।
शायद वो मिस्त्री था,
सूट-बूट वालों के
नालों, सांडास को
अपने पसीने से धोता था।
मैंने एक आदमी देखा,
सूट-बूट में सजा,
जैसे चमकता सूरज,
जो सबका प्रकाश चुराता था।
वह इनका शोषण करता,
उनके खून-पसीने को
अपनी तिजोरी में सजाता था।
जीवन के बरसों बाद भी
मैकेनिक, पेंटर, मिस्त्री,
कभी सूट-बूट में नहीं दिखे,
उनके हिस्से आए
बस फटे चिथड़े,
मानो किस्मत ने
उनका आकाश छीन लिया।
शोषण करने वाले ही
सदा सूट-बूट में चमके,
जैसे सितारे,
जो दूसरों की रौशनी पर जलते हैं।
मेहनतकश मजदूर,
मैले कपड़ों में बंधा,
मानो धरती का बोझ,
जो कभी नहीं हल्का होता।
वह शोषण नहीं करता,
क्योंकि उसका दिल सिर्फ मेहनत
की स्याही से लिखा है।


विक्रम सिंह

# 'पदोन्नति कर्मचारी का अधिकार नहीं, योग्यता होने पर कर सकते हैं विचार'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की सर्वोच्च अदालत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी की है कि कर्मचारी को पदोन्नति का अधिकार नहीं है, लेकिन अगर वो अयोग्य नहीं है तो उसकी पदोन्नति पर विचार किया जा सकता है। बता दें कि, न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ तमिलनाडु के एक पुलिस कांस्टेबल की याचिका पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की है। इस मामले में कांस्टेबल ने सब-इंस्पेक्टर के पद के लिए प्रमोशन पर विचार न किए जाने को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

**मामले में अधिकार अन्यायपूर्वक छीना गया- कोर्ट :** शीर्ष अदालत ने कहा, यह एक स्थापित सिद्धांत है कि कर्मचारी को सीधे प्रमोशन का अधिकार नहीं होता, लेकिन अगर वह अयोग्य नहीं है, तो उसे प्रमोशन के लिए विचार का अधिकार जरूर होता है। इस मामले में यह अधिकार अन्यायपूर्वक छीना गया।

**क्या था मामला?:** कांस्टेबल पर चेकपोस्ट पर तैनाती के दौरान एक सहकर्मी की पिटाई करने का आरोप लगा था।

# पहलगाम हमले पर जवाब के लिए सरकार की रणनीति स्पष्ट नहीं : खरगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की महत्वपूर्ण बैठक में शुक्रवार को पहलगाम आतंकी हमले और केंद्र सरकार की ओर से किए गए जाति जनगणना के एलान पर चर्चा की गई। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया था कि सीडब्ल्यूसी इन दोनों अहम मुद्दों पर बैठक में चर्चा करेगी। सूत्रों के मुताबिक, सीडब्ल्यूसी की इस बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए जा सकते हैं। पहले प्रस्ताव में पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की जा सकती है। दूसरे प्रस्ताव में जल्द जाति जनगणना के लिए धन आवंटन की मांग की जा सकती है। बैठक में यह भी मांग उठाई जा सकती है कि संविधान में संशोधन करके आरक्षण पर लगी 50 फीसदी की सीमा को हटाया जाए। साथ ही सरकार से यह अपील भी की जा सकती है कि अनुच्छेद 15(5) को लागू किया जाए, जो निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण का प्रावधान करता है।

## सीडब्ल्यूसी की बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद

बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की। इसमें पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और कोषाध्यक्ष अजय माकन समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। यह बैठक ऐसे समय पर हुई है, जब केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि अगली जनगणना में जाति के आंकड़ों को भी शामिल किया जाएगा। ऐसा देश की आजादी के बाद पहली बार होगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहले कहा था कि 22 अप्रैल के हमले में मारे गए 26 लोगों के दोषियों को सजा मिलनी चाहिए और प्रधानमंत्री को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने जाति जनगणना को लेकर सरकार के फैसले का स्वागत तो किया, लेकिन यह भी कहा कि 11 साल विरोध करने के बाद अब अचानक फैसला लेने के पीछे क्या मंशा है, यह स्पष्ट होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि सरकार जाति जनगणना की प्रक्रिया पूरी करने के लिए एक स्पष्ट समय-सीमा तय करे, नहीं तो यह भी महिला आरक्षण विधेयक की तरह अधूरा रह सकता है। राहुल गांधी ने यह भी दावा किया कि सरकार ने कांग्रेस के दबाव में आकर ही जाति जनगणना का एलान किया है।

### कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने बैठक में क्या कहा

कांग्रेस प्रमुख खरगे ने कहा कि केंद्र के पास पहलगाम आतंकी हमले के बाद की स्थिति से निपटने की कोई स्पष्ट रणनीति नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है। खरगे ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के दबाव और सच्चाई से उठाए गए मुद्दों के कारण सरकार को झुकना पड़ा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने फिर साबित कर दिया कि अगर हम ईमानदारी से जनता के मुद्दे उठाते हैं, तो सरकार को झुकना ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि पिछली सीडब्ल्यूसी बैठक में कांग्रेस ने आतंकवाद के खिलाफ सरकार को हरसंभव समर्थन देने की बात कही थी, लेकिन हमले के कई दिन बाद भी केंद्र की तरफ से कोई स्पष्ट रणनीति सामने नहीं आई। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने कानपुर में शहीद शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात कर सरकार से उन्हें शहीद का दर्जा और सम्मान देने की मांग की। खरगे ने कहा, हम देश की एकता, अखंडता और समृद्धि को चुनौती देने वाली हर ताकत का मिलकर और सख्ती सें सामना करेंगे। इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष सरकार के साथ है। हमने यह संदेश पूरी दुनिया को दिया है।

### राहुल गांधी ने मोदी सरकार को जाति जनगणना के लिए किया मजबूर: गुजरात कांग्रेस

वहीं, गुजरात कांग्रेस के नेताओं ने केंद्र सरकार की ओर से अगली जनगणना में जातिगत गणना शामिल करने के फैसले का स्वागत किया और इसका श्रेय राहुल गांधी को दिया और कहा कि उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार को यह कदम उठाने के लिए मजबूर किया। पार्टी की शहर इकाई के अध्यक्ष हिम्मत सिंह पटेल और विधानसभा में उपनेता शैलेश परमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता पालडी स्थित राजीव गांधी भवन में जुटे और राहुल गांधी का आभार जताया। केंद्र सरकार ने बुधवार को घोषणा की थी कि अगली जनगणना में जाति गणना को शामिल किया जाएगा। यह फैसला राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीपीए) ने लिया। सभा को संबोधित करते हुए हिम्मत सिंह पटेल ने कहा कि देश में सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए जाति जनगणना की मांग सबसे पहले राहुल गांधी ने की थी। उन्होंने यह मांग भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उठाई थी। पटेल ने कहा, राहुल गांधी हमेशा जाति जनगणना का समर्थन करते रहे हैं, क्योंकि कांग्रेस देश में सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। लोकसभा चुनाव से पहले भी हमने यही मांग उठाई थी, जिसके कारण भाजपा सरकार अब जाति आधारित गणना को अगली जनगणना में शामिल करने के लिए मजबूर हुई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)